फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 12, अंक 26, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 3 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : भ्रष्टाचार के भंवर में आप की नैया



अन्दर : नाथन लियोन ने इंदौर में बरपाया कहर

# अब सरकार नहीं समिति नियुक्त करेगी मुख्य चुनाव आयुक्त

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसलाः संविधान पीठ ने राजनीति में धनबल के बढ़ते प्रभाव और अपराधीकरण पर की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में गुरुवार को कहा कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के सदस्यों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश की समिति राष्ट्रपति को सलाह देगी। अपने फैसले में संविधान पीठ ने चुनाव आयुक्तों की स्वतंत्रता, धन बल के बढ़ते प्रभाव और राजनीति में अपराधीकरण जैसे मसलों पर भी टिप्पणी की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धनबल और राजनीति में अपराधीकरण में बहुत वृद्धि हुई है। कोर्ट ने अपने फैसले में मीडिया पर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि किसी मौजूदा नियम के तहत नियुक्तियों में कार्यपालिका की पूर्ण भूमिका का स्थायीकरण नहीं किया जा सकता है। राजनीतिक दलों के पास कानून की मांग नहीं करने का एक कारण होगा, जो कि स्पष्ट है। ऐसे में सत्ता में रहने वाली पार्टी के पास एक भ्रष्ट आयोग के माध्यम से सत्ता में बने रहने के मौके तलाशेगी, ऐसा संभव है। चुनाव आयोग को स्वतंत्र होना ही चाहिए। वह स्वतंत्र होने का दावा करते हुए अनुचित तरीके से कार्य नहीं कर सकता। सरकार के प्रति सहानुभुति रखने वाला एक व्यक्ति स्वतंत्र मानसिक स्थिति नहीं रख सकता है।

**नई व्यवस्था**

**ईसीआई के सदस्यों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता व मुख्य न्यायाधीश की समिति राष्ट्रपति को सलाह देगी**



एक स्वतंत्र व्यक्ति सत्ता में बैठे लोगों के प्रति जिम्मेदार नहीं होगा। स्वतंत्रता क्या है? क्षमता डर से बंधे होने के लिए नहीं है। सक्षमता के गुणों को स्वतंत्रता होकर हासिल किया जाना चाहिए। एक ईमानदार व्यक्ति आमतौर पर उच्च और शक्तिशाली लोगों का सामना करता है। लोकतंत्र की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक आम आदमी उनसे उम्मीद करता है। कोर्ट ने कहा कि एक ऐसा चुनाव आयोग जो कानून के शासन की गारंटी नहीं देता है, लोकतंत्र के खिलाफ है। यदि यह अपनी शक्तियों का अवैध रूप से या असंवैधानिक रूप से प्रयोग करता है तो इसका राजनीतिक दलों के परिणामों पर प्रभाव पड़ता है। संविधान पीठ के अनुसार गलत साधनों को सही नहीं ठहरा जा सकता। लोकतंत्र केवल तभी सफल हो सकता है जब सभी हितधारक चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखने पर काम करें, ताकि लोगों की भावनाओं को प्रतिबिंबित किया जा सके। मीडिया कवरेज और अन्य साधनों में वृद्धि के साथ चुनाव मशीनरी के दुरुपयोग बातें सामने आती हैं। कोई भी प्रक्रिया जो इस न्यायालय के समक्ष चुनाव प्रक्रिया में सुधार करना चाहती है उस पर विचार किया जाना चाहिए। एक बार परिणाम आने के बाद यह विषय काफी हद तक एक काल्पनिक विषय बन जाता है। लिंकन ने लोकतंत्र को लोगों की ओर से और लोगों के लिए शासन घोषित किया। नियुक्ति की शक्तियों का दुरुपयोग किया जा सकता है, इसका असर पूरे देश पर हो सकता है। राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों का भाग्य चुनाव आयोग के हाथों में है। महत्वपूर्ण रूप से निर्णय उन लोगों की ओर से लिए जाते हैं जो इसके मामलों को संभालते हैं। लोकतंत्र का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब राजनीतिक दल इसे अक्षरशः बनाए रखने का प्रयास करें। हमने पाया कि चुनाव आयोग के पास राज्यों और संसद के चुनाव कराने के लिए कर्तव्य और शक्तियां हैं। ऐसे उसमें उसकी जवादेही है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक ठोस और उदार लोकतंत्र की पहचान को हर हाल में ध्यान में रखा जाना चाहिए। लोकतंत्र लोगों की शक्ति से अटूट रूप से जुड़ा हुआ है। बैलट (मतपत्र) की शक्ति सर्वोच्च है, जो सबसे शक्तिशाली दलों को सत्ता से हटाने में सक्षम है।

# भाजपा ने नार्थ ईस्ट को दी नई दिशा

**नई दिल्ली।** देश के तीन राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के नतीजें आज घोषित किए गए। तीन में से दो राज्य त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा एक बार फिर सरकार बनाने में सफल रही है। तो वहीं मेघालय में भाजपा ने 02 सीटों पर जीत दर्ज की है। यहां किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है, प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें एनपीपी ने हासिल की है। राज्य के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने सरकार बनाने के लिए भाजपा से समर्थन मांगा है। जिसके बाद अब संभावना जताई जा रही है कि प्रदेश में त्रिशंकु विधानसभा बना सकती है।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर अब दिल्ली से और हमारे दिल से दूर नहीं है। आज के चुनाव परिणाम बताते हैं कि लोगों का लोकतंत्र में विश्वास है। उन्होंने कहा पहले पूर्वोत्तर क्षेत्र से चुनावी नतीजे आने पर दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में ज्यादा चर्चा नहीं होती थी। तब चर्चा चुनाव के दौरान हुई हिंसा को लेकर होती थी। पीएम मोदी ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यक्रताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में भाजपा मुख्यालय ऐसे अनेक अवसरों का साक्षी बना है। आज हमारे लिए जनता जनार्दन को विनम्रता से नमन करने का एक और अवसर आया है। मैं त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड की जनता का सर झुकाकर वंदन करता हूं, उनका आभार व्यक्त करता हूं।

**नतीजे पर बोले मोदी**

**बीजेपी की जीत नई सोच का प्रतिबिंबः पीएम मोदी**




# त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा को फिर बहुमत

## मेघालय में एनपीपी आगे, हिमंता बोले- मेघालय के सीएम ने अमित शाह से बात की

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा और नगालैंड के रिजल्ट आ चुके हैं। दोनों राज्यों में भाजपा को फिर से बहुमत मिला है। नगालैंड में भाजपा गठबंधन को 37 और त्रिपुरा में 33 सीटें मिली हैं। मेघालय में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की ठढढ सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। ठढढ के खाते में अभी 25 सीटें आ रही हैं।

वोटिंग के बाद एग्जिट पोल्स में त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत का अनुमान था। मेघालय में हंग असेबंली के आसार थे। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके कहा- मेघायल के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन करके सरकार बनाने के लिए मदद मांगी है। तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री अपनी सीटों पर जीते। त्रिपुरा में माणिका साहा को पश्चिम त्रिपुरा की नगर बरदोवाली, मेघालय में कॉनराड संगमा को वेस्ट गारो हिल्स की दक्षिण तुरा सीट से और नगालैंड में नेफ्यू रियो को कोहिमा की नॉर्दन अंगामी द्वितीय सीट पर जीत मिली। हेकानी जाखालू दीमापुर सीट जीतकर नगालैंड की पहली महिला एमएलए बन गई हैं। 1963 में नगालैंड राज्य बना, अब तक कोई महिला विधानसभा चुनाव नहीं जीती थी।

त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव में 16 फरवरी को 60 सीटों पर 86.10% मतदान हुआ। यह पिछले चुनाव से 4% कम रहा। 2018 में त्रिपुरा में 59 सीटों पर 90% मतदान हुआ था। बीजेपी 35 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। इसके साथ ही भाजपा ने लेफ्ट के 25 साल के गढ़ को ध्वस्त कर दिया था। पिछले चुनाव में जीत के बाद पार्टी ने बिप्लब देव को उट बनाया था, लेकिन मई 2022 में माणिक साहा को मुख्यमंत्री बनाया गया। पार्टी ने साहा के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था।

2023 के चुनाव में भाजपा ने सभी 60, लेफ्ट-कांग्रेस के गठबंधन ने (क्रमशः 47 और 13 सीटों) पर चुनाव लड़ा। टिपरा मोथा पार्टी ने 42 सीटों पर चुनाव लड़ा। इस तरह राज्य में त्रिकोणीय मुकाबला की उम्मीद है। 2018 के चुनाव में भाजपा को 35, सीपीआईएम को 16 और आईपीएफटी को 7 सीटें मिली थीं। भाजपा ने सरकार बनाई थी। मेघालय में 27 फरवरी को 60 में से 59 सीटों पर मतदान हुआ। 85.27% वोटिंग हुई। सोहियोंग सीट पर यूडीपी उम्मीदवार एचडीआर लिंगदोह के निधन की वजह से चुनाव टाल दिया गया था। 2018 में 67% वोटिंग हुई थी। इस बार एनपीपी ने 57, कांग्रेस और इखढ ने 60-60 और टीएमसी ने 56 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं।

मेघालय में 2018 में 59 सीटों पर चुनाव हुए थे। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 21 सीटें जीती थीं। भाजपा को यहां महज 2 सीटें ही मिल सकी थीं। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को 19 सीटें मिली थीं। इसने पीडीएफ और एचएसपीडीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। इन्होंने मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) बनाया। एनपीपी के कॉनराड संगमा मुख्यमंत्री हैं। नगालैंड के 16 जिलों की 60 में से 59 विधानसभा सीटों पर 27 फरवरी को 85.90% वोटिंग हुई। यह पिछले साल से 10% ज्यादा है। 2018 में यहां 75% वोटिंग हुई थी। यहां 10 फरवरी को अकुलुतो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के कैंडिडेट खेकाशे सुमी ने नामांकन वापस ले लिया था, जिसके बाद भाजपा कैंडिडेट कजेतो किनिमी को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। नगालैंड में अभी नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की सरकार है। नेफ्यू रियो उट हैं। एनडीपीपी 2017 में अस्तित्व में आई थी। एनडीपीपी ने तब 18 और भाजपा ने 12 सीटें जीती थीं। दोनों दलों ने चुनाव से पहले गठबंधन किया था। सरकार में एनडीपीपी, भाजपा एनपीपी और जेडीयू शामिल हैं।

**विधानसभा चुनाव**

**भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में बिखरा रंग-गुलाल**






### यूपी की जेल में खतरा... अतीक अहमद की गुहार सुनने को तैयार सुप्रीम कोर्ट

**प्रयागराज।** माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद ने यूपी की जेल में ट्रांसफर होने पर अपनी जान को खतरा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी। जिसे सुनने के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। अतीक अहमद की याचिका पर आज सुनवाई हो सकती है।

माफिया और पूर्व सांसद रहे अतीक अहमद ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि 2005 के राजू पाल हत्याकांड के एक प्रमुख गवाह और उसके दो सुरक्षा गार्डों की गोली मारकर हत्या किए जाने के कुछ दिनों बाद उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने का डर है। उनकी याचिका ऐसे दिन आई है जब एक भाजपा सांसद ने परोक्ष रूप से ऐसी संभावना की चेतावनी दी थी। इसके अलावा बुधवार को, अतीक अहमद के एक सहयोगी के घर 'जहां पहले राजनेता भी रुके थे' को प्रयागराज में नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिक कानून के उल्लंघन का हवाला देते हुए बुलडोजर चला दिया।

### चित्रकूट जेल अधीक्षक और जेलर गिरफ्तार

**बांदा।** बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी और निखत की मुलाकात के मामले में चित्रकूट जेल के अधीक्षक अशोक कुमार सागर और जेलर संतोष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों को पुलिस जल्द जेल भेज सकती है। दोनों पर जेल में अब्बास अंसारी और निखत को अनाधिकृत रूप से मिलाने का आरोप है। डिप्टी जेलर चंद्रकला को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बताते चलें कि चित्रकूट जिला जेल में 10 फरवरी को डीएम अभिषेक आनंद व एसपी वृंदा शुक्ला ने लखनऊ से मिली सूचना के आधार पर छापा डाला था। वहां से बंदी विधायक अब्बास अंसारी से गैर कानूनी तरीके से मिलते हुए उनकी पत्नी निखत बानो व उसके चालक नियाज को पकड़ा था। निखत के पास से विदेशी मुद्रा समेत कई मोबाइल व अन्य सामग्री बरामद हुई थी।

# उपचुनाव में कांग्रेस को तीन और भाजपा को दो सीट

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों की विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना आज हुई। पश्चिम बंगाल के सागरदिघी, तमिलनाडु के इरोड, अरुणाचल प्रदेश के लुमला, झारखंड के रामगढ़ और महाराष्ट्र के कस्बापेठ, चिंचवाड़ में उपचुनावों के नतीजे आए। इसमें कांग्रेस को तीन सीटें मिली हैं।

कांग्रेस उम्मीदवार रवींद्र धंगेकर ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के कस्बा पेठ उपचुनाव में जीत दर्ज की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने गढ़ पुणे की इस सीट को बरकरार रखने में विफल रही। उसके उम्मीदवार हेमंत रसाने को हार का सामना करना पड़ा। कस्बा पेठ सीट पर भाजपा 28 साल से जीत दर्ज करती आई थी। पुणे से मौजूदा भाजपा सांसद गिरीश बापट ने 2019 तक पांच बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के समर्थन वाले उम्मीदवार धंगेकर ने भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने में कामयाबी हासिल की। वहीं, चिंचवाड़ में भाजपा ने पूर्व विधायक लक्ष्मण जगताप की पत्नी अश्विनी जगताप, एनसीपी के नाना काटे और निर्दलीय राहुल कलाटे के बीच मुकाबला था। यहां भाजपा आगे चल रही है।

पश्चिम बंगाल की सागरदिघी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार बायरन विश्वास को जीत मिली है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रत्याशी को 22,980 मतों से हराया। इसके साथ ही वह मौजूदा विधानसभा के लिए निर्वाचित होने वाले कांग्रेस के पहले विधायक बन गए हैं। पिछले साल दिसंबर में राज्य के मंत्री सुब्रत साहा के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराए गए थे।

**परिणाम**

**महाराष्ट्र में कांग्रेस ने भाजपा से छीनी कस्बा सीट, तमिलनाडु में कांग्रेस ने दर्ज की जीत**

**पश्चिम बंगाल विधानसभा में खुला कांग्रेस का खाता**




कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव में अन्नाद्रमुक को हराकर तमिलनाडु में इरोड पूर्व सीट अपने पास बरकरार रखी। तमिलनाडु की इरोड पूर्व सीट पर 77 उम्मीदवार मैदान में थे। उ्रटङ समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार एश्ङर एलंगोवन और अक्रअउ्रटङ के केएस थेन्नारास्त्रु के बीच कड़ा मुकाबला था। इस सीट पर एलंगोवन के बेटे और कांग्रेस विधायक ई थिरुमहान एवरा के निधन की वजह से चुनाव हुआ था।

अरुणाचल प्रदेश में लुमला उपचुनाव के नतीजे भी पहले से ही तय थे। यह सीट भारत-चीन सीमा पर स्थित तवांग जिले में स्थित है। लुमला सीट पर उपचुनाव भाजपा विधायक जंबे ताशी के निधन की वजह से हुआ था। भाजपा ने पूर्व विधायक जंबे ताशी की पत्नी शेरिंग हामु को मैदान में उतारा था। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा था। वह एक मात्र प्रत्याशी थीं। ऐसे में उन्होंने निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है।

आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने 21,970 मतों के अंतर से यूपीए समर्थित कांग्रेस के प्रत्याशी बजरंग महतो को हरा दिया ह। झारखंड की रामगढ़ सीट का उपचुनाव में भाजपा के साथ मिलकर उपचुनाव में उतरी आजसू पार्टी को 1,15,669 वोट मिले। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस को 93,699 मत मिले। कांग्रेस विधायक ममता देवी को आपराधिक मामले में दोषसिद्ध होने पर विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराए जाने के बाद यह उपचुनाव कराया गया।

# हाथरस कांड में एक आरोपी को उम्र कैद



**लखनऊ।** हाथरस के बहुचर्चित बिटिया प्रकरण में 900 दिन बाद फैसला आया है। कोर्ट ने एक आरोपी संदीप को आजीवन कारावास की सजा के साथ 40 हजार का जुर्माना लगाया है। इससे पहले कोर्ट ने चारों अभियुक्तों में से एक को दोषी पाया था। शेष तीन आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया था। वहीं, बिटिया पक्ष के अधिवक्ता महीपाल सिंह निमहोत्रा ने कहा कि 14 सितंबर 2020 को हुए हाथरस कांड में एससी-एसटी कोर्ट ने अभियुक्त संदीप को दोषी पाया है। लवकुश, रामू और रवि को दोषमुक्त कर दिया है। आरोपी संदीप को आईपीसी की धारा 304 एससी-एसटी एक्ट के लिए दोषी माना है, दुराचार का आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। दोषी संदीप ठाकुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। 40 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। बिटिया पक्ष के वकील महीपाल सिंह निमहोत्रा ने कहा कि न्यायालय के इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। सीबीआई ने सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामलों में चार्ज शीट दाखिल की था। अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि मामले में दुष्कर्म और धारा 302 को सिद्ध नहीं कर पाए हैं, एक अभियुक्त को केवल धारा 304 और एससी-एसटी एक्ट में दोषी पाया है। बाकी तीन को बरी कर दिया है।

**बड़ा फैसला**

**कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया**

अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंडीर का कहना है कि चौथा आरोपी संदीप भी निर्दोष है। संदीप को बेगुनाह साबित करने के लिए हाई कोर्ट जाएंगे।हाथरस के चंदपा इलाके के एक गांव में 14 सितंबर 2020 को अनुसूचित जाति की एक युवती के साथ दरिंदगी हुई थी। गांव के ही चार युवकों ने दुष्कर्म किया था और उसकी गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया था। 29 सितंबर 2020 में युवती ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर चारों अभियुक्त संदीप, रवि, रामू व लवकुश को गिरफ्तार कर लिया था।

मामले की विवेचना सीबीआई ने की थी। सीबीआई ने चारों अभियुक्तों संदीप, रवि, रामू व लवकुश के खिलाफ आरोपत्र विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) के न्यायालय में दाखिल किया था। सीबीआई ने आरोप पत्र धारा 302, 376 ए, 376 डी, व एससी-एसीटी एक्ट के तहत दाखिल किया था। सीबीआई ने 67 दिनों तक विवेचना की।

# अदाणी केस में सुप्रीम कोर्ट ने बनायी एक्सपर्ट कमेटी

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़े मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति का गठन कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए नियामक तंत्र से संबंधित मुद्दे से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। कोर्ट ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए नियामक तंत्र से संबंधित समिति के गठन पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को भी जांच करने का निर्देश दिया कि क्या सेबी के नियमों की धारा 19 का उल्लंघन हुआ है? क्या स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ है? सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को 2 महीने के भीतर जांच करने और स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

**फैसला**

**सेबी को दो महीने में जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश**

**गौतम अदाणी ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत**

सुप्रीम कोर्ट ने समिति को दो महीने में सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समिति का अधिकार ढांचे को मजबूत करने के उपाय सुझाना, अदाणी विवाद की जांच करना और वैधानिक ढांचे को मजबूत करने के उपाय सुझाना होगा। सुप्रीमकोर्ट ने सेबी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समिति को सभी जानकारी उपलब्ध करायी जाए।

इससे पहले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने 17 फरवरी को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने केंद्र की तरफ से विशेषज्ञों के नाम वाले सुझाव सीलबंद लिफाफे में लेने से इनकार कर दिया था। पीठ का तर्क था कि वह निवेशकों की सुरक्षा के लिए पारदर्शिता सुनिश्चित करना चाहती है। अदाणी समूह ने उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत किया है। समूह ने कहा है कि यह समयबद्ध तरीके से इस मामले को अंतिम रूप देगा। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति गठित करते हुए सेबी को निर्देश दिया है कि इस बात की जांच की जाए कि सेबी के नियमों का उल्लंघन और स्टॉक की कीमतों में हेरफेर हुआ है या नहीं। इसके बाद अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने ट्वीट कर कहा कि सच्चाई की जीत होगी।₹ इससे पहले शीर्ष अदालत ने 10 फरवरी को कहा था कि अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट की पृष्ठभूमि में बाजार में उतार-चढ़ाव से भारतीय निवेशकों के हितों की रक्षा करने की जरूरत है। कोर्ट ने केंद्र से कहा था कि वह नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेषज्ञों का एक पैनल गठित करने पर विचार करे। बता दें कि इस मामले में अब तक वकील एमएल शर्मा और विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने शीर्ष अदालत में चार जनहित याचिकाएं दायर की हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से अदाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर-मूल्य में हेरफेर सहित कई आरोप लगाए जाने के बाद शेयर बाजारों में गिरावट आई है।



### इटली की पीएम बोलीं-मोदी इज मोस्ट लवेबल

**नई दिल्ली।** रायसीना डायलॉग का 8वां संस्करण गुरुवार से दिल्ली में शुरू होगा। इसकी चीफ गेस्ट इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलोनी हैं। गुरुवार को दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेलोनी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे चहेते नेता हैं। ये साबित हो चुका है कि वो कितने बड़े लीडर हैं। इसके लिए उन्हें बधाई। ये बातें सुनकर दूसरे डायस पर खड़े मोदी हंसते नजर आए।

यहां मोदी ने भारत और इटली के बीच स्टार्ट-अप ब्रिज का ऐलान किया। मोदी ने कहा- हमारे डिप्लोमेटिक रिलेशंस 75 साल से हैं, लेकिन अब तक डिफेंस रिलेशंस नहीं थे। आज इसकी भी शुरूआत कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रोजन, आईटी, टेलिकॉम, सेमीकंडक्टर्स और स्पेस से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे।

# एसटीएफ ने नकली दवाओं की सप्लाई करने वाले गैंग सरगना को दबोचा

**कसा शिकंजा**

**पूर्वांचल समेत दूसरे प्रदेशों में होती थी सप्लाई, फर्जी दस्तावेज भी लगे हाथ**

**तीन साल पहले आया था बनारस और खड़ा किया कारोबार**

**जनसंदेश न्यूज**


छापेमारी के दौरान एसटीएफ और अन्य विभाग के लोग

**वाराणसी।** एसटीएफ वाराणसी इकाई को गुरुवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। सिगरा थाना क्षेत्र के चर्च कॉलोनी से ब्रांडेड दवा के नाम पर नकली दवा का भंडारण करने वाला गैंग सरगना बुलंदशहर के सिकंदराबाद निवासी अशोक कुमार को सिगरा थाना क्षेत्र के चर्च कॉलोनी से दबोचा गया। एसटीएफ की माने तो बरामद दवाओं की कीमत सात करोड़ से ज्यादा रुपये से ज्यादा आंकी गयी। पूछताछ में सामने आया कि इन दवाओं की सप्लाई पूर्वांचल समेत दूसरे प्रदेशों में होती थी।

एसटीएफ निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि रोडवेज बस स्टैंड के पीछे चर्च कॉलोनी में हिमांचल प्रदेश की ब्रांडेड कंपनी की नकली दवा की सप्लाई करने वाला सरगना आशोक कुमार मौजूद हैं। उक्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने सहायक आयुक्त औषधि मंडल नरेश मोहन, ड्रग इंस्पेटक्टर एके बंसल, संजय दत्त और चंद्रशेखर के साथ छापेमारी की और मौके से दबोचा। अभियुक्त अशोक कुमार की निशानदेही पर सिगरा और लहरतारा उसके गोदाम में भंडारण दवाओं को कब्जे में लिया और जांच की। जांच में पाया गया कि माल नकली है और फर्जी बिल और कूटचरित दस्तावेज के सहारे इसकी सप्लाई बड़े पैमाने पर दूसरे प्रदेशों में भी होती है। गोदाम में मोनोसेफ ओ, गाबापिन एनटी, क्लावम 625, पैन डी, पैन 40, सेफ एजेड और टैक्सिम ओ जैसी दवाओं की 300 पेटी बरामद की गई हैं। जिसकी कीमत 7.50 करोड़ आंकी गयी।

### 10 वीं फेल है अशोक, सात साल चलाया रिक्शा

**वाराणसी।** एसटीएफ की पूछताछ में सामने आया कि टीचर्स कॉलोनी सिकंदराबाद निवासी अभियुक्त अशोक कुमार 10 वीं फेल हुआ तो पढ़ाई छोड़ दी और बुलंदशहर में ही गद्दे की कम्पनी में मजदूरी करने लगा। इसके बाद 2003 से 2010 तक आटो रिक्षा चलाया। फिर गद्दे की कम्पनी में दस साल नौकरी की। नौकरी छुटी फिर से आटो चलाने लगा। इसी दौरान उसकी मुलाकात बुलन्दशहर के नीरज नामक व्यक्ति से हुई। जो नकली दवाओं का काम करता था। अशोक नीरज के साथ हो लिया और फिर इस धंधे में उतारा। साल 2019 में नीरज की गिरफ्तारी के बाद अशोक वहां से भाग कर वाराणसी आया और यहां से अपना कारोबार शुरु किया। रोडवेज बस स्टैंड चर्च कालोनी में किराये का कमरा लिया और लहरतारा में गोदाम। इसके बाद उसने नकली दवा बनाने वाली कंपनी के अमित दुआ निवासी पंचकुआ हरियाणा, सुनील निवासी बद्दी हिमाचल प्रदेश और रजनी भार्गव निवासी बद्दी हिमाचल प्रदेश से सम्पर्क कर नकली दवायें फर्जी बिल्टी व बिल से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से दवा मंगाकर भेजने लगा। इस काम में उसके साथ 12 अन्य लोग थे जिनकी पहचान कर ली गयी है।

## होली के रंग योगासन के संग

**वाराणसी।** अस्सी घाट सुबह बनारस के मंच पर गुरुवार को राष्ट्रीय योगासन खेल संघ के तत्वाधान में फूलों की होली योगासन का अद्भुत कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन व वाराणसी इकाई के साथ संयुक्त रूप से चैतन्य सेवा संस्था के द्वारा आयोजित योगासन व फूलों की होली से पूरे भारत को संदेश दिया गया कि योग हमें जोड़ता है और इस जोड़ में फूलों की महक होना कितना आवश्यक है। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव वह हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य, विशिष्ट अतिथि पतंजलि योगपीठ के केंद्र प्रभारी राकेश शर्मा ने सभी को योग से निरोग रहने का संदेश दिया। वाराणसी के एसडीएम गिरीश चंद दिवेदी व एडीएम प्रोटोकॉल बच्चों सिंह सहित अतिथि के रुप में प्रभाकर राय व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के योग विभाग की प्रोफेसर सुनीता मिश्रा, युवा भारत के प्रांतीय प्रभारी बृजमोहन पांडे ने भी सभी को योग का महत्व बताया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने योग कौशल का प्रदर्शन किया जिसे देखकर हजारों की संख्या में उपस्थित योगासन प्रेमी हतप्रभ रह गए।

## संक्षेप

### एमडीएम के रसोइयों का कंपटीशन



**वाराणसी।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से पाक निपुण कला प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विकास खंडों से एमडीएम के 30 रसोइयों की हिस्सेदारी रही। उन्होंने कई प्रकार के व्यंजन तैयार किया। सभी के स्वाद एक से बढ़कर एक थे। अंत में मुख्य अतिथि सीडीओ हिमांशु नागपाल ने विजेता की घोषणा करते हुए इस प्रकार के आयोजन निरंतर करते हरने का आह्वान किया। ताकि बच्चों के लिए साफ-सुथरे ढंग से भोजन बनाने वाले प्रशिक्षित रसोइयों को भी प्रोत्साहन मिलता रहे। इस अवसर पर बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार पाठक समेत कई लोगों की उपस्थिति रही।

### दो लुटेरों को पुलिस ने पकड़ा

**दानगंज।** चोलापुर थाना के दानगंज चौकी अंतर्गत वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग के ढेरही गांव के पास युवती से मोबाइल छीनने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बदमाशों की पहचान अमन यादव और विनय दुबे के तौर पर हुई। आगे की कार्रवाई में पुलिस ने जेल भेजा। जानकारी के अनुसार लालमन कोट निवासी युवती 21 जनवरी को काम से वापस घर लौट रही थी। इस दौरान बाइक से आये दोनों ने पीछे से छपट्टा मार कर मोबाइल छीन लिया और भाग निकले। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने अन्य जगहों पर भी मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजेश त्रिपाठी, चौकी प्रभारी दानगंज पंकज कुमार राय, उपनिरीक्षक रोहित तिवारी, हेका. चन्द्रसेन सिंह, हेका.अविनाश राणा शामिल रहें।

### मोबाइल छीनने वाले दो लुटेरे बंदी

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के नरिया तिराहा के समीप सुभाष पटेल नामक युवक की मोबाइल छीनने के मामले में सुंदरपुर चौकी प्रभारी ईश्वर दयाल दुबे ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया' उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार विश्वकर्मा महेशपुर चांदपुर और अभिषेक कुमार देवनगर लटिया रोहनिया के रहने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई मोबाइल को भी बरामद किया।

### वृद्धा पेंशन दिलवाने के नाम पर छीना कड़ा



**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र में इन दिनों बाइक सवार लुटेरों का आतंक है आये दिन किसी ने किसी महिला को प्रलोबन देकर छिनैती करते हैं। हरसोस गांव में गुरुवार के दोपहर बाद सब्जी बेचने वाली महिला को बदमाशों ने निशाना बनाया और पेंशन दिलवाने के नाम पर उसे कुरसातों विद्युत पावर स्टेशन के पास लाकर हाथ में पहना कड़ा छीन लिया। मूर्ति देवी (70) गुरुवार को दुकान खोलने जा रही थी। इस दौरान बाइक से दो युवक पहुंचे और वृद्धा पेंशन आने की बात कही और पंचायत भवन चलने को कहा। युवकों के झांसे में आयी महिला करीब पांच किमी दूर तक आयी यहां हाथ में पहने कड़े को बदमाशों ने छीन लिया।

### मांग नहीं मानी तो मूल्यांकन का होगा बहिष्कार: चेत नारायण

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक शिविर कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष चेत नारायन सिंह ने किया। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने चेतावनी दी कि सरकार हमारी पांच सूत्रीय मांगों को समय से नही मानी तो बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन का बहिष्कार किया जायेगा। चेत नारायण सिंह ने बताया कि उपुरानी पेंशन योजना की बहाली की लड़ाई अब आर पार होगी। इसके लिए अन्य ट्रेड यूनियन से भी सहयोग मांगा जायेगा। तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण हो और रोके गए वेतन को तत्काल निर्गत किया जाए, वित्तविहीन विद्यालयों की मान्यता की धारा 7(4) के संशोधन को वापस लिया जाए।

### अधिवक्ताओं ने साफ सफाई की ली शपथ

**वाराणसी।** दी सेंट्रल बार एसोसिएशन बनारस वाराणसी में काशी यूनिवर्सल फाउंडेशन (सहायक संस्था-वाराणसी वेस्ट साल्यूशन प्र.लि.)की ओर से स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन नंदा ने कूड़े से खाद बनाने के विषय मे प्रयोगात्मक विधि की जानकारी दी। कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिजेश सिंह ने कार्यक्रम में आये बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह सहायक सचिव प्रसाशन रतनदीप सिंह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व चैयरमैन हरिशंकर सिंह ने अधिवक्ताओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। गई। संचालन विनय कुमार सिंह पिंटू द्वारा किया गया।

### डिवाइडर से टकराया ट्रक, लगी आग



**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह क्षेत्र के चांदपुर में गुरुवार की तड़के आलू लदा ट्रक डिवाइडर से टकरा गया और घटना के बाद ट्रक में आग लग गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक में आलू लोड था और कैन्ट से प्रयागराज की तरफ जा रहा था। चांदपुर चौराहा से थोड़ा आगे ट्रक डिवाइडर से टकरा गया और आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची फायर की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन ट्रक पूरी तरह जल चुका था। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ट्रक मालिक को सूचना दी और ट्रक को सड़क से किनारे कराया।

## नारियल पानी लोड ट्रक हटाने को लेकर आढ़ती पर फायरिंग

### पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद समेत तीन पर मुकदमा



**वाराणसी।** लालपुर पांडेपुर थाना क्षेत्र के पहड़िया मंडी में गुरुवार को नारियल पानी लोड ट्रक को हटाने के लेकर हुई विवाद में नारियल विक्रेता ने आढ़ती पर फायरिंग कर दी। गोली सिर को लक्ष्य कर मारी गयी, लेकिन मिस हो गयी और वहां से भागकर आढ़ती ने जान बचायी। गोली मारने के बाद हमलावर वहां से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। पीड़ित की तहरीर पर अजीत राय, पारस समेत तीन के खिलाफ लालपुर पांडेयपुर थाने में हत्या का प्रयास, धमकी समेत अन्य धाराओं में रपट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

जानकारी के अनुसार पहड़िया आढ़ती बबलू सोनकर और अजित दोनों का नारियल पानी का करोबार मंडी में होता है। जिस जगह पर बबलू सोनकर का नारियल से भरा ट्रक खड़ा होता है वहां गुरुवार को अजित ने ट्रक खड़ा कराया था। इस बात को लेकर बबलू सोनकर और अजित में कहासुनी हुई। यहां बबलू सोनकर की बात अजित को नागवार लगी और उसने पिस्टल से फायरिंग कर दी। आरोप है कि घटना के वक्त अजित के तीन से चार साथी भी थे। इस बात की जानकारी होने पर जुटे आढ़तियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हल्ला मचाया और नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया और पीड़ित की तहरीर पर रपट दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है। वहीं दूसरी तरफ ये बात भी सामने आ रही है कि मंडी में बबलू सोनकर की जबरन दुकान लगता है। दुकान खाली कराने को लेकर एडीएम सिटी निर्देशित कर चुके हैं। जब दुकान खाली कराने मंडी कर्मचारी पहुंचे तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

## एक दिन पहले गायब लड़की की खंडहर में मिली लाश

### 10 दिन बाद था उसका जन्मदिन, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**सनसनी**

**सीपी ने कहा, पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति होगी स्पष्ट**

**जनसंदेश न्यूज**


बबिता की (फाइल फोटो)


घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस कमिश्नर ने ली जानकारी

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र छावनी के पहलू का पुरा गांव में घर से सटे खंडहर में 11 साल की बच्ची बबिता सिंह का शव मिला। बुधवार को वह घर से लापता हो गयी थी और परिजन उसकी खोजबीन में जुटे थे। इस बीच सूचना मिली कि पास में स्थित खंडहर में उसकी लाश पड़ी है। मामले की जानकारी पर पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन, एडीसीपी वूमेन क्राइम ममता रानी, एसीपी कैंट ने फॉरेसिंक और डॉग स्क्वॉड से जांच करायी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

घरवालों की माने तो उनकी किसी से कोई दुश्मनी या विवाद नहीं है ऐसे में कोई कैसे उनकी बच्ची की हत्या कर सकता है। पिता रमेश सिंह ने बताया कि बेटी बबीता सामान्य थी। हां ड्रेस नहीं होने की वजह से वह इन दिनों स्कूल नहीं जा रही थी। बुधवार को कुछ काम से वह निकली इसके बाद लौटी नहीं। खोजबीन कर बुधवार को कैंट पुलिस थाना में अपहरण की तहरीर दी थी।

खंडहर की तरफ कोई जाता नहीं था। ऐसी जगह बेटी की लाश मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। क्योंकि शिकायत दर्ज कराने के बाद खंडहर की तरफ जाना वाला रास्ता उनके घर के पास से ही गुजरा है और रात करीब 11 बजे तक सभी उसकी खोजबीन में थे और घर के कुछ सदस्य बाहर बैठे बेटी का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में कब कैसे वो यहां पहुंची किसी की नजर भी नहीं पड़ी। हैरान करने वाली बात ये है कि खंडहर की तरफ जाने का कोई दूसरा रास्ता भी नहीं है। घरवालों की माने 10 दिन बाद उसका बर्थडे था। ऐसे में उसकी मौत का सदमा बर्दाश्त के बाहर है।

## महिला से लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार, 66 हजार बरामद

### घटना में शामिल एक अन्य बदमाश की तलाश जारी

**जनसंदेश न्यूज**

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पहले बैंक बीसी सखी से हुई लूट में शामिल तीन अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा और 66 हजार बरामद किया जबकि घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त की तलाश जारी है। अभियुक्तों की पहचान राणा प्रताप गौड़ उर्फ शुभम, समीर उर्फ अनुज कुमार, शिवम नाविक के तौर पर हुई जबकि विकास की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

सिन्धोरा के गांव के कछियां के पास ग्राहक सेवा केन्द्र की संचालिका संजू देवी पति से साथ बाइक से घर लौट रही थीं। रास्ते में बारात जा रही थी ऐसे में जैसे ही पति ने बाइक धीमी की पहले से घात लगाए अभियुक्तों ने महिला का रूपये भरा बैक छीनकर भाग निकले। घटना का पर्दाफाश के लिए एसीपी पिण्डरा अमित कुमार पांडेय क्राइम ब्रांच और सिन्धोरा पुलिस की संयुक्त टीम गठित की थी।

इस दौरान खबर मिली कि गांव करेमुआ के पास एक नवनिर्मित मकान के पास लूट की घटना में शामिल राणा प्रताप गौड उर्फ शुभम, समीर कुमार सक्सेना उर्फ अनुज कुमार और शिवम नाविक हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को बदोचा। तलाश में 66 हजार नकद और घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद हुई।

जबकि एक भागने में सफल रहा। पूछताछ करने पर आरोपित राणा प्रताप गौड़ उर्फ शुभम निवासी कछिया ने बताया कि मेरे गांव के रविन्द्र प्रसाद वर्मा तथा उसकी पत्नी झंझौर बाजार में ग्राहक सेवा केन्द्र चलाती है। ऐसे में पैसा लूटने के लिए हम सभी खरगपुर पहुंचे और घटना को अंजाम दिया।

### मां ने तहरीर वापस मांगी लेकिन पुलिस ने कर दिया चालान

**जंसा।** बेटे से विवाद के बाद बरेमा गांव निवासी इंदू सिंह ने कार्रवाई के लिए रामेश्वर चौकी पर एक प्रार्थना पत्र दिया। कार्रवाई के पीछे का मकसद था कि बेटों को पुलिस डांट डपट दे ताकि आगे से विवाद ना करें। ऐसे में इंदू के दोनों बेटों को पुलिस चौकी पर लायी और यहां तीन घंटे बैठा दिया। ये देख इंदू ने तहरीर वापस लेने की बात कही तो चौकी प्रभारी उखड़ गये और बेटों अमन और युगल सिंह का चालान कर दिया।

## ग्रामीण न्यायालय खोले जाने का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

### अधिवक्ताओं ने जिला जज को ज्ञापन दिया

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** ग्रामीण न्यायालय खोले जाने के विरोध में आजमगढ़ दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ द्वारा गठित संघर्ष समिति के समर्थन में जिले के अधिवक्ता बनारस व सेंट्रल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहकर कर सिविल व कलक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी और जुलूस निकला।

अधिवक्ताओं ने जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश को ज्ञापन दिया। दिन में दोपहर डेढ़ बजे बनारस बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह और महामंत्री प्रदीप रॉय के संचालन में बैठक हुई जिसमें शुक्रवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया और अगले दिन बैठक के बाद आगे की रणनीति तय करने की बात कही गयी।

बैठक में सेंट्रल बार का प्रतिननिधित्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिजेश सिंह व संयुक्त सचिव प्रशासन रतनदीप सिंह ने किया बैठक में प्रस्तावक आशीष सिंह गौतम, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय समेत काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मुकदमे का समझौता न करने धमकी

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के सुकुलपुरा इलाके में रहने वाले संतोष कुमार रूंगटा की पत्नी से तलाक का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में समझौता करने के लिए फोन पर रोहित तिवारी नामक युवक ने धमकी दी। आरोप है कि फोन करने वाले ने समझौता न करने पर घर से उठवाने की बात कही। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## दो सीटों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान

**उपचुनाव**

**जाल्हूपुर में ग्राम प्रधान पद और बड़ागांव के ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए हुई पोलिंग**

**वाराणसी।** जनपद में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सदस्य की खाली एक-एक सीटों के लिए हुए उपचुनाव के तहत गुरुवार को मतदान कराया गया। इसके अंतर्गत चिरईगांव विकास खंड के जाल्हूपुर में ग्राम प्रधान और बड़ागांव ब्लॉक के स्थानीय ग्राम पंचायत के सदस्य सीट के लिए पोलिंग हुई। दोनों पदों पर क्रमशः 51.94 प्रतिशत एवं 56.97 फीसदी पोलिंग दर्ज की गयी। मतदान संपन्न होने के बाद बैलेट बॉक्स संबंधित विकास खंड मुख्यालयों के स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रख दिये गये। चार फरवरी को दोनों ब्लॉक मुख्यालयों पर मतगणना होगी। चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय विकास खंड के जाल्हूपुर में ग्राम प्रधान की सीट के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस सीट के लिए कुल 5567 वोटरों में से 2892 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बड़ागांव प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय ग्राम पंचायत में रिक्त चल रहे वार्ड संख्या-11 के ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 688 मतदाताओं में से 392 वोटरों ने मतदान में हिस्सा लिया।

## सीपी और डीएम ने त्यौहारों के बाबत की बैठक


मातहतों को निर्देशित करते सीपी और जिलाधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** कैंप कार्यालय में सीपी मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मातहतों संग बैठक कर आगामी त्योहार बाबत सुरक्षा-व्यवस्था का खाका खीचा इस दौरान होलिका, होली, शब-ए-बारात पर किस तरह की तैयारी रहे इसके लिए संबंधित विभागों को आपसी ताल मेल बनाकर चलने को कहा। वही दूसरी तरफ आदमपुर थाना क्षेत्र के कज्जाकपुरा स्थित एक बैंक्विट हॉल में गुरुवार को पुलिस अधिकारियों ने पीस कमेटी की बैठक की जिसमें आगामी रंगभरी एकादशी, होली और शबे बारात को लेकर बैठक की गई। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिश्नरेट संतोष सिंह ने कहा कि त्यौहार के माहौल को खराब करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यदि कोई भी शहर का माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ पुलिस कमिश्नरेट सख्त कार्रवाई करेगी। इसके अलावा बैठक में शामिल होलिका दहन करने वाली कमेटियों के लोगों में शामिल कुछ ने कहा कि वह सात को होलिका दहन करेंगे और कुछ ने कहा छह मार्च को होलिका मनायेंगे। जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट और डीसीपी काशी जोन बनारस रामसेवक गौतम ने कहा कि काशी में होली 7 मार्च को मनाई जा रही है जिसके कारण 6 मार्च की रात ही होलिका दहन की जाएगी। बैठक में होलिका दहन करने वालों के साथ ही शबे बरात पर्व पर कार्यक्रम करने वाले लोगों ने सड़क, बिजली और पानी से संबंधित समस्याओं को भी उठाया।

जिसपर मौके पर मौजूद आदमपुर जोनल अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल ने उन्हें आश्वासन दिया कि त्यौहार से पहले समस्याओं को दूर कर दिया जाएगा। अगर समस्या होती है तो हम को अवगत कराएं समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3269515 का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। मंचना यादव पुत्री राम दयाल यादव ग्राम-बुढ़नेपुर, पोस्ट- गजेन्द्रपुर, जिला-जौनपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2506124 व इण्टर वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1376461 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र खो गया है। त्रिपुरारी पाण्डेय पुत्र सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, रामपुर, दिघार, बलिया।

मैं बहलफ घोषणा करता हूं कि हमारा नाम अबूजर पुत्र निसार अहमद था, जिसे हम बदलकर अबूजर सिद्दीकी पुत्र निसार अहमद कर रहे हैं। अतः हमें अब से अबूजर पुत्र निसार अहमद के स्थान पर अबूजर सिद्दीकी पुत्र निसार अहमद नाम से जाना व पहचाना जाए। ABUZAR SIDDIQUE S/O NISAR AHMAD ग्राम व पोस्ट-डेहरी, थाना-केराकत जनपद-जौनपुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** - जय प्रभा चंद्रशेखर महाविद्यालय जयप्रकाश नगर बलिया में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय अंग्रेजी, अर्थशास्त्र एवं मनोविज्ञान में एक-एक प्रवक्ताओं की शैक्षणिक योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय के परिनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
प्रबंधक/प्राचार्य
मो.-9473723340,7905271895

**आवश्यकता है** - दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली सहतवार बलिया में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित,वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान में एक-एक प्रवक्ताओं की एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय में समाजशास्त्र तथा स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय में भी एक-एक प्रवक्ताओं की शैक्षणिक योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय के परिनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
प्रबंधक/प्राचार्य
मो.-9473723340,7905271895

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 राजदेव मिश्रा, श्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय पुत्र स्व0 रामकिशन पाण्डेय एवं परमात्मा नन्द पाण्डेय पुत्र स्व0 नन्द कुमार पाण्डेय को स्व0 बलराम सिंह स्मारक महाविद्यालय दिघारगढ़, बलिया में क्लर्क के पद से दिनांक 01 अक्टूबर 2019 में निलम्बित किया जा चुका है। यह लोक उक्त तिथि से इस संस्था के कर्मचारी नहीं है। अतः उक्त तिथि से अब तक तथा भविष्य में उक्त व्यक्तियों द्वारा किये गये औपचारिक **तथा अनौपचारिक कार्य एवं लोप का बलराम ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कोई सम्बन्ध/सरोकार नहीं होगा।**

**प्रबन्धक - स्व0 बलराम सिंह स्मारक महाविद्यालय, दिघारगढ़, बलिया**

हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल, 387-E, उमरपुर, जौनपुर-222002 (U.P.)

**सूचना**

हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल, उमरपुर, जौनपुर की प्रबंध समिति का चुनाव निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा। [illegible]

**कार्यक्रम**

1. नामांकन दिनांक 15.03.2023, 10.00 बजे से 04.00 बजे तक विद्यालय प्रांगण में।
2. आपत्ति एवं निस्तारण दिनांक 16.03.2023, 10.00 बजे से 02.00 बजे तक विद्यालय प्रांगण में।
3. नाम वापसी 17.03.2023, 10.00 बजे से 01.00 बजे तक विद्यालय प्रांगण में।
4. मतदान (यदि आवश्यक हुआ) 19.03.2023, 10.00 बजे से 04.00 बजे विद्यालय प्रांगण में।
5. नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के अनुमोदनार्थ साधारण सभा के सदस्यों की बैठक 19.03.2023 समय 05.00 बजे विद्यालय प्रांगण में।

(डा. ओम प्रकाश सिंह)
संस्थापक/प्रबंधक/सचिव

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, जमानियाँ, गाजीपुर**

पत्रांक: BRC 256-60/2022-23 दिनांक: 28.02.2023

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड जमानियाँ, गाजीपुर में परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों के मूल्यांकनोपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर कार्यालय के पत्रांक एस0एस0ए0/6554-72/2022-23 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 के अनुक्रम में ध्वस्तीकरण/नीलामी प्रक्रिया ब्लाक संसाधन केन्द्र जमानियाँ पर दिनांक 10.03.2023 से 11.03.2023 (समय 12.00 अपरान्ह) तक होनी है।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म नीलामी तिथि से 02 कार्य दिवस पूर्व कार्यालय समयावधि (10.00 से 17.00 बजे) तक ब्लाक संसाधन केन्द्र जमानियाँ से नीलामी हेतु प्रति विद्यालय निर्धारित प्रतिभागिता शुल्क आधार एवं पैनकार्ड की छायाप्रति प्राप्त कराते हुये नीलामी/ध्वस्तीकरण के नियम शर्तें प्राप्त कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि के उपरान्त एवं प्रतिभागिता शुल्क के बिना नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभागिता सम्भव नहीं होगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
जमानियाँ, गाजीपुर।



# वाराणसी



# दशाश्वमेध में गरजा प्रशासन का बुलडोजर

## दलबल के साथ पहुंची टीम ने दो दिन पहले दिया था नोटिस



दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान मौके पर जमी फोर्स



दुकानों से अपने सामान को समेटते दुकानदार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जी-20 को देखते हुए नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम ने गुरुवार को राजेंद्र प्रसाद घाट के जाने वाले मार्ग, दशाश्वमेध और चितरंजन पार्क के समीप बीडीए की जमीन पर कब्जा जमाए दुकानों का अतिक्रमण हटाया। जी-20 से पहले शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीम लगातार अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रही है। नगर निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

दुकानदार नगर निगम की टीम का विरोध करने के लिए सड़क पर उतरे ही थे कि सुरक्षा में लगे जवानों ने उन्हें खदेड़ दिया। वहीं अवैध दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने कहा कि हमें किसी प्रकार का नोटिस नहीं मिला था हमारी दुकान काफी पुरानी है और नगर निगम द्वारा हमारे दुकानों को हटाया जा रहा है। यह हमारे साथ अन्याय हो रहा है।

**मचा हड़कंप**

### पुलिस सख्ती के आगे दुकानदारों का विरोध नहीं आया काम

अवैध रूप से दुकान लगाने वाले दुकानदारों की दुकान हटाए जाने का विरोध के दौरान अफरा - तफरी का माहौल रहा।

कई दुकानदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई नोटिस नहीं मिली है और ना ही दुकान आवंटित कराया गया है। दुकान आवंटित कराए बिना ही बीडीए की पुरानी दुकानों से उन्हें हटाया जा रहा है। जबकि प्रशासन का कहना इन्हें कब्जे को मुक्त करने के लिए नोटिस दी गई थी और दुकानों को हटाने के लिए दो दिन पूर्व अनाउंसमेंट भी किया गया था। इसके बावजूद भी कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें नहीं हटाई। जिसके बाद नगर निगम की टीम को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करनी पड़ी।



सामान को सुरक्षित स्थान पर ले जाते दुकानदार

# वाराणसी हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

जनसंदेश न्यूज



**बाबतपुर।** प्रधानमंत्री के सांसदीय क्षेत्र वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को होली के पहले बम से उड़ाने की मिली धमकी। जानकारी के अनुसार बुधवार को हवाई अड्डा निदेशक के नाम से एक पत्र आया। धमकी भरे पत्र में हवाई अड्डे को ड्रोन के माध्यम से होली पर उड़ाने व केमिकल वार करने के बारे में लिखा गया था।

पत्र मिलते ही हवाई अड्डा प्रसाशन सकते में आ गया। आनन फानन में तत्काल सुरक्षा बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान सुरक्षा सम्बन्धित सभी एजेंसियों को सतर्कता बरतने व हवाई अड्डे पर आने जाने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति पर विशेष नजर रखने की बात कही गयी। वही हवाई अड्डे की परिधि के चारो तरफ चहदीवारी के आसपास के गांवों में विशेष निगरानी की व्यवस्था रहेगी। पत्र में पटना में केमिकल तैयार करने की बात भी कही गयी है। केमिकल तैयार होने के बाद देश के कई जगहों के साथ वाराणसी हवाई अड्डे को उड़ाने की बात कही गयी है। यह भी कहा गया है कि होली के दिन ड्रोन के माध्यम से विशेष रंग खेला जाएगा। धमकी भरा पत्र मिलने के बाद हवाई अड्डा प्रसाशन के द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी है।

एसीपी गोमती जोन अभिषेक पांडेय ने बताया कि हवाई अड्डा प्रसाशन के द्वारा सूचना मिलते ही सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।धमकी भरे पत्र के बारे में जानकारी किया जा रहा है। यह बेहद संवेदनशील मामला है बारीकी से जांच पड़ताल किया जा रहा है मामले का सत्यापन होने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। उधर हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे सीआईएसएफ के वरिष्ट अधिकारी ने बताया कि यह हवाई अड्डे के सुरक्षा का मामला है सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नही किया जाएगा।पत्र भेजने वाले के बारे में उन्होंने बताया कि बिहार शेखपुर चुनमुन नामक ब्यक्ति का नाम लिखा है जिसके बारे में टीम गठित कर जांच किया जा रहा है।

## एक फेरे के लिए चलेगी वाराणसी-मुम्बई स्पेशल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्योहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01467/01468 लोकमान्य तिलक टर्मिन-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस होली विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चार मार्च को तथा बनारस से पांच मार्च से एक फेरे के लिये किया जायेगा। 01467 लोकमान्य तिलक टर्मिन-बनारस टर्मिनस होली विशेष गाड़ी चार मार्च को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, दूसरे दिन इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, बनारस 16.05 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01468 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस होली पार्च मार्च को बनारस से 18.10 बजे प्रस्थान कर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 20.50 बजे पहुंचेगी ।

## मेडिकल स्टोर में चल रही थी पूर्वांचल स्किन क्लीनिक




मेडिकल स्टोर की जांच करते अधिकारी

**वाराणसी।** पाण्डेयपुर स्थित एक मेडिकल स्टोर के अंदर पूर्वांचल स्किन क्लीनिक चलती मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बिना रजिस्ट्रेशन चल रही इस क्लीनिक के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि पाण्डेयपुर स्थित पूर्वांचल स्किन क्लीनिक का औचक निरीक्षण कराने पर पता चला कि यह क्लीनिक पूवार्चंल मेडिकल स्टोर के अन्दर ही संचालित हो रही है। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक के अन्दर एक व्यक्ति बैठा मिला जो अन्दर मरीजों को दवायें लिख रहा था। पूछ-ताछ करने पर न तो उस व्यक्ति ने और न ही मेडिकल स्टोर संचालक ने कोई संतोषजनक उत्तर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने तुरन्त ही मरीजों को वहाँ से हटा दिया। यह भी पता चला कि क्लीनिक का पंजीयन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी वाराणसी के पंजीयन अनुभाग में नहीं है। पूछताछ में पता चला कि मेडिकल स्टोर की प्रोपराईटर अनीता यादव एवं फार्मासिस्ट संतोष कुमार गुप्ता है। निरीक्षण के दौरान वहाँ उपस्थित दोनों व्यक्तियों ने कोई भी पैड अथवा अन्दर की फोटो लेने से मना कर दिया। सीएमओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपंजीकृत क्लीनिक के विरुद्ध संबंधित थाने में सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**कसा शिकंजा**

### औचक निरीक्षण में हुआ खुलासा, की गयी कार्रवाई

## सुरक्षा व संरक्षा के साथ हो यार्ड री मॉडलिंग कार्य : संजय बाजपेयी

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग के कार्यो का मुख्य यातायात योजना प्रबंधक (सीटीपीएम)संजय बाजपेयी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काशी स्टेशन का भी निरीक्षण करते हुए वहां बनने वाले मॉडल स्टेशन के प्रति अधिकारियों से जानकारी से वार्ता की, इसके साथ ही रनिंग स्टॉफ के साथ वार्ता करते उनकी समस्याओं से अवगत भी हुए। सुल्तानपुर तक श्रमजीवी एक्सप्रेस से विंडों निरीक्षण करते हुए दिल्ली रवाना हो गये।

वाराणसी कैंट स्टेशन पर महामना एक्सप्रेस से दिल्ली से पहुंचे मुख्य यातायात योजना प्रबंधक संजय बाजपेयी का कैंट स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने कैंट स्टेशन पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग का कार्य देखा इसके साथ ही समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

**निरीक्षण**

### वाराणसी सहित काशी स्टेशन का किया निरीक्षण रनिंग स्टॉफ से की वार्ता



यार्ड री मॉडलिंग परियोजनों को बताते कैंट स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित

**रनिंग स्टॉफ से भी वार्ता की :** निरीक्षण के दौरान पॉवर केबिन के साथ ही अन्य स्थानों पर भी कर्मचारियों से वार्ता की इसके साथ ही रनिंग स्टॉफ से भी वैगन से संबंधित उनकी समस्याओं के प्रति जानकारी लेते हुए संरक्षा व सुरक्षा पर वार्ता की, काशी स्टेशन पर कामाख्या गांधीग्राम एक्सप्रेस के गार्ड से भी वार्ता करते हुए संरक्षा व सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। निरीक्षण के दौरान डीएमई, सीडीओ, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# मिलावट का शक, नमकीन व सरसों तेल सीज

**कार्रवाई**

### होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग चला रहा अभियान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** करखियांव के औद्योगिक आस्थान क्षेत्र स्थित एक खाद्य तेल पैकिंग प्रतिष्ठान में बेचने के लिए रखे गये 118 लीटर सरसों का तेल सीज कर दिया गया। इसी प्रकार की एक अन्य कार्रवाई जाल्हूपुर रमना में गुणवत्ता और पैकेट्स पर गलत जानकारी दिये जाने के संदेह होने पर 178.40 किलो नमकीन जब्त कर लिया गया। दोनों सामग्री का मूल्य क्रमशः 22 हजार 500 रुपये एवं 28 हजार 990 रुपये है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों ने यह कार्रवाई की।

आगामी होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से बीते बुधवार से आरंभ खाद्य सामग्रियों की सैंपलिंग आदि का अभियान गुरुवार को जारी रहा। ताकि आम जनता को मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों से बचाया जा सके। जनपद के विभिन्न इलाकों में मुहिम के दौरान महकमे की जांच टीमों ने खोवा, पनीर, दुग्ध उत्पाद, मसाले, खाद्य तेल, घी-वनस्पति, कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन, मिठाइयां, बेसन, मैदा और पेय पदार्थों की सैंपलिंग की। विभाग के सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी संजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य सामग्री की जांच के लिए एकत्र किये जा रहे नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे हैं। यह मुहिम जारी रहेगी। जांच टीमों में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश सिंह, योगेश कुमार राय, गोविंद यादव, अवनीश कुमार सिंह, मानवेंद्र कुमार सिंह, रजनीश कुमार, सीताराम सिंह कुशवाहा, राजू पाल, विजय बहादुर, बेबी सोनम, सुप्रिया सिंह, रीता, शीत कुमार सिंह आदि शामिल हैं।



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग इन दिनों होली पर्व को देखते हुए खाद्य सामग्री की दुकानों की जांच में जुटा है

# अब जनता की घरेलू अर्थव्यवस्था हुई तहस-नहस

**सरकार पर लगाए आरोप**

### घरेलू गैस सिलिंडर की मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसजनों के जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज



घरेलू गैस सिलिंडर की मूल्य वृद्धि के विरुद्ध जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया

**वाराणसी।** घरेलू रसोई गैस के रेट में अचानक बढ़ोतरी के विरोध में गुरुवार को कांग्रेसजनों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की मूल्य वृद्धि कर सरकार ने जनता की जेब पर वज्रपात किया है। महंगाई के कारण आमलोगों की कमर पहले से ही टूटी हुई है और अब ऐन होली के त्योहार से पहले गैस की रेट बढ़ाकर जनता पर नया बोझ लाद दिया गया। देश की अर्थव्यवस्था तबाह करने के बाद सरकार अब आम जनता की घरेलू अर्थव्यवस्था को तहत-नहस कर दिया है।

जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से विरोध प्रदर्शन का यह संयुक्त आयोजन था। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल एवं महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने नेतृत्व करते हुए आरोप लगाया कि जनता की गाढ़ी कमाई लूटी जा रही है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का दाम 50 बढ़ाना निंदाजनक है।

बिजली और घरेलू गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाकर सरकार ने आम जनता पर हमला बोला है। डीजल-पेट्रोल के रेट पहले से ही बढ़ाए जा चुके हैं। आम नागरिक पहले से ही दाल, तेल, आटा और सब्जियों की महंगाई से जूझ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जनता को राहत देने के बजाय संकट में डाला जा रहा है। लोगों की आमदनी नहीं बढ़ रही है लेकिन महंगाई में लगातार वृद्धि की जा रही है।

बीते एक साल में घरेलू गैस सिलेंडर के मूल्य में लगभग 200 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार को मध्यम और गरीब वर्ग की चिंता नहीं है। वह सिर्फ पूंजीपतियों के साथ खड़ी है।

सरकार जनता की जेब काटकर अपनी चहेती कंपनियों का मुनाफा बढ़ा रही है। प्रदर्शनकारियों ने अंत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस मौके पर दुर्गा प्रसाद गुप्त, प्रो. अनिल उपाध्याय, अशोक सिंह, फसाहत हुसैन बाबू, डॉ. राजेश गुप्ता, अजय सिंह शिवजी, वीरेंद्र कपूर, राजीव राम, दिलीप चौबे, हसन मेहदी कब्बन, विनोद सिंह, लोकेश सिंह, मनोज द्विवेदी, डॉ अख्तर अली आदि की उपस्थिति रही।






















## संक्षेप

### पंजाब नेशनल बैंक का ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन



**वाराणसी।** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से चार मार्च शनिवार को जिला स्तर पर वाराणसी, जौनपुर, चंदौली व सोनभद्र में एनपीए ऋण खाताधारकों के लिए ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एनपीए खाताधारकों को एक मुश्त समझौता (ओटीएस) के अन्तर्गत विशेष छूट प्राप्त कर अपने एक एनपीए ऋण से मुक्त होने का अवसर दिया जा रहा है। जरुरतमंद और कमजोर आर्थिक स्थिति वाले ऋण खाताधारक नजदीकी शाखा से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### फिल्म खेला होबे आज होगी रिलीज



**वाराणसी।** काशी के उभरते अभिनेता आर्यन राठौर अभिनीत फिल्म खेला होबे का राष्ट्रपति भवन में स्पेशल स्क्रीनिंग रखा गया। राष्ट्रपति भवन में दो शो रखा गया था। फिल्म की निर्मात्री कुमारी मंजू जो जमानिया गाजीपुर की है इसको लेकर काफी उत्साहित हैं। ये फिल्म कैप्टन रविकुमार रचित उपन्यास मुद्दा ये भी था पर आधारित है। फिल्म का लेखन भी उन्हीं ने किया है। फिल्म का निर्देशन सुनील सिन्हा ने किया है। फिल्म वाराणसी में जल्द ही प्रदर्शित होने वाली है। फिल्म में आर्यन के अतिरिक्त शेफाली, मनोज जोशी, मुग्धा गोडसे, रति अग्निहोत्री आदि हैं। प्रसिद्ध अभिनेता ओमपुरी की ये आखिरी फिल्म है। ये फिल्म तीन मार्च 2023 को आईपी मॉल सिगरा वाराणसी में रिलीज होगी।

### खराब हैंडपंप जल्द होंगे रिबोर

**काशी विद्यापीठ।** जल जीवन मिशन के तहत स्थानीय ब्लॉक के जिन गांवों में अबतक जलापूर्ति आरंभ नहीं हो सकी है वहां के ग्रामीण हैंडपंपों के रिबोर की बाट जोह रहे हैं। उनका इंतजार जल्द खत्म होने की उम्मीद की जा रही है। कारण, सीडीओ हिमांशु नागपाल के निर्देश पर इस दिशा में कवायद शुरु हुई है। संबंधित हैंडपंपों को रिबोर कराने के उद्देश्य से विकास खंडों के संबंधित गांवों से जुड़े सचिवों को गुरुवार को इस बारे में निर्देश जारी किये गये। एडीओ पंचायत राशिद अहमद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सचिवों को सर्वे कर रिबोर योग्या हैंडपंपों को चिह्नित करने को कहा गया है। रिबोर कार्य ग्राम निधि की धनराशि से करायी जाएगी।

### प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई की निंदा

**वाराणसी।** दशाश्वमेध व्यापार मंडल की गुरुवार को हुई आपात बैठक में प्रशासन की एकतरफा कार्यवाही की निंदा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि चितरंजन पार्क में देश की आजादी के समय से स्थापित 35 गुमटियों को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन के इस अड़ियल रवैये की एक स्वर में निंदा की गई एवं प्रशासन से मांग की गयी कि उनको अविलम्ब दशाश्वमेध प्लाजा में निःशुल्क स्थायी रूप से स्थापित किया जाए, जिससे उनकी जीविका चल सके। तय हुआ कि इस बाबत जिलाधिकारी व नगर आयुक्त से मिलकर पत्रक दिया जाएगा। बैठक में श्रीनारायण खेमका, अशोक जायसवाल, अध्यक्ष सुरेश तुलस्यान, महामंत्री दीपक वासवानी, विनय यादव, सुशील मोहनानी, अनिल सेठ, जय किशन खत्री, तरुण पेसवानी, मन्नू जेसवानी, राजू आर्य आदि थे।

### होली पर यात्रियों को राजधानी की सौगात



**वाराणसी।** राजधानी लखनऊ के लिए नॉन स्टॉप संचालित होने वाली रोडवेज की बस राजधानी शनिवार की देर रात वाराणसी में पहुंच जायेगी। रविवार से यात्रियों के लिए यह बस संचालित होगी। वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि कि राजधानी से नान स्टॉप जोड़ने के लिए ही उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से राजधानी बस सेवा का शुभारम्भ किया जा रहा है। बताया कि शनिवार को देर रात वाराणसी में एक बस पहुंच जायेगी जो रविवार से यात्रियों के लिए लखनऊ को संचालित होगी। वाराणसी परिक्षेत्र को कुल आठ राजधानी बसें मिली हैं, चंदौली डिपो की दो बसे वाराणसी कैंट से होकर गुजरेंगी। वहीं कैंट डिपो की एक राजधानी बस वाराणसी लखनऊ मार्ग पर संचालित होगी।

### तिरंगे में लिपटा जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा हवाई अड्डे



**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को दिल्ली इंडिगो के विमान से सेना में तैनात सूबेदार अरुण कुमार मिश्रा का पार्थिव शरीर पंहुचा। हवाई अड्डे पर 39 जीटीसी के जवानों द्वारा सशस्त्र सलामी दी गई। जवान के पार्थिव शरीर को विमान से उतरने के बाद एयर कार्गो टर्मिनल भवन में लाया गया जहां जवानों ने तिरंगे के साथ पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शहीद सूबेदार अरुण कुमार मिश्रा मध्यप्रदेश के जबलपुर सेंटर से वर्ष 1995 में सेना में भर्ती हुये थे। बर्तमान समय में सेना में सूबेदार के पद पर अरुणाचल प्रदेश बार्डर पर तैनाती थी। तैनाती के दौरान अचानक सीने में दर्द होने के कारण तबियत बिगड़ने लगी, साथ में पर तैनात जवानों के द्वारा सेना के हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई।

# नोटिस पर भड़के विद्यार्थी और खेली जमकर होली





जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू प्रशासन की तरफ से जारी नोटिस पर विद्यार्थी भड़क गए और गुरुवार को जमकर होली खेली। जगह-जगह एकत्रित हुए छात्र-छात्राएं रंगों में सराबोर नजर आए। छात्र नेताओं ने जारी नोटिस का विरोध करते हुए छात्र-छात्राओं से धूमधाम से होली खेलने और मनाने की बात कही हैं। इसका असर दिखा और छात्र-छात्राओं ने दिल खोल कर होली खेली। सेल्फी ली और मौज-मस्ती की।

**बीएचयू**

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर होली खेलने पर लगाया है प्रतिबंध**

बता दें कि बीएचयू प्रशासन की तरफ से होली उत्सव सार्वजनिक स्थानों न मनाने को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की तरफ से जारी नोटिस में परिसर में सार्वजनिक स्थल पर एकत्रित होकर होली खेलना, हुड़दंग करना, संगीत बजाना पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि ऐसा करने वालों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। जिसके बाद छात्रों ने इसका सोशल मीडिया पर जमकर विरोध किया।

एबीवीपी बीएचयू के अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रशासन का बेतुका फरमान है। बीएचयू देश का सबसे बड़ा परिसर है। यहां विद्यार्थी अपना त्योहार नहीं मनाएंगे तो कहां मनाएंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन को ऐसे गैरजरूरी और बेतुके आदेश जारी करने के बजाए परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। बाहरी व्यक्तियों द्वारा घटित घटनाओं पर तत्परता दिखानी चाहिए। होली के मद्देनजर अगर किसी विद्यार्थी पर कोई भी कार्रवाई होती है तो हम इसका समुचित विरोध करेंगे। विरोध के स्वर फूटने पर विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि होली खेलने पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। लेकिन विगत कुछ वर्षों में छात्र सड़कों पर जुलूस निकालते थे और किसी पर भी रंग फेंक देते। इससे विश्वविद्यालय में अव्यवस्था हो जाती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए यह नोटिस जारी किया गया कि छात्र अपने संकाय में ही शांतिपूर्ण तरीके से होली खेलें।

## काशी की प्राप्ति पुराणिक को किया गया सम्मानित

**वाराणसी।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली की ओर से इंदौर में आयोजित 71वें अखिल भारतीय अधिवेशन में काशी की प्राप्ति पुराणिक को शास्त्रीय संगीत गायन के लिए 'बृहन्महाराष्ट्र कौतुक सम्मान 2022' से सम्मानित किया गया।

वे शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे की शिष्या हैं। समारोह में देवेंद्र फडणवीस, सुमित्रा महाजन, मिलिंद महाजन, महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध युवा गायक प्रथमेश लघाटे और मुग्धा वैशंपायन सहित देश भर से आए प्रबुद्ध मराठीजन उपस्थित थे। प्राप्ति पुराणिक को शास्त्रीय और उप शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियों के लिए ये सम्मान इंदौर में मिलिंद द्वारा प्रदान किया गया। प्राप्ति को उप्र संगीत नाटक अकादमी की प्रतियोगिताओं में प्रदेश स्तर पर शास्त्रीय व उप शास्त्रीय संगीत में प्रथम और संभाग स्तर पर द्वितीय पुरस्कार व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार से मिल चुका है।

## महिलाओं को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह

**वाराणसी।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में गुरुवार से अन्तर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सप्ताह का शुभारम्भ किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल चिकित्सालय में महिला सशक्तिकरण सप्ताह का आरंभ महिला स्वास्थ्य और महिलाओं की भलाई विषयक सेमिनार एवं तनाव मुक्त जीवन, ध्यान और संचेतनता पर कार्यशाला का आयोजन करके किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आर.जे. चौधुरी ने कार्यक्रम का शुभाम्भर करते हुए महिला कर्मचारियों के भावनात्मक पहलुओं, उनके तनाव, उनकी कार्य शैली, सामाजिक बंधनों के बारे में जिक्र किया। मनोचिकित्सक डॉ निशांत के द्वारा महिला कर्मचारियों को उनके तनाव दूर करने में ध्यान एवं चेतन अवस्था के उपयोग का सोदाहरण व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मोनिका शुक्ला ने महिला कर्मचारियों को किशोरावस्था में अपनाई जाने वाली सावधानियों समेत महिलाओं के तनाव और उनकी अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ममता सिंह ने गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के शारीर में होने वाले परिवर्तनों से अवगत कराते हुए पोषक आहार लेने एवं गर्भधारण के समय अपनाई जाने वाली सावधानी के बारे में बताया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ कल्पना दुबे ने मेनोपॉज के बारे में जानकारी दी साथ ही सामाजिक रूढ़ियों को त्याग कर खुलकर समस्याओं पर बात करने और भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। सेमिनार के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा आर जे चौधुरी, मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा सुनन्दा चतुवेर्दी, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा निरज कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कल्पना दूबे, सहायक मंडल चिकित्साधिकारी डा निशांत, डा मोनिकातथा डा ममता सिंह समेत मंडल चिकित्सालय की महिला चिकित्सा कर्मचारी एवं भारी संख्या में महिला कर्मचारीगण उपस्थित थीं।

### नामचीन मिष्ठान विक्रेता के यहां जीएसटी का छापा

**वाराणसी।** राज्य कर विभाग की टीम ने गुरुवार को कचहरी स्थित एक नामचीन मिष्ठान विक्रेता के यहां छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मिष्ठान विक्रेता के यहां अफरा-तफरी मच गयी, लेकिन टीम में शामिल अफसरों ने किसी को भी बाहर जाने नहीं दिया और फर्म का खाताबही तत्काल अपने कब्जे में ले लिया। एडिशनल कश्मिनर ग्रेड वन प्रिंस कुमार ने बताया कि जांच की कार्यवाही चल रही है। फिलहाल कुछ बता पाना संभव नहीं है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। विभागीय सूत्रों की मानें तो कचहरी स्थित नामचीन मिष्ठान विक्रेता के यहां बिक्री और कच्चे माल की खरीद को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही हुई है। मिष्ठान विक्रेता की तरफ से विभाग में दाखिल किये गये रिटर्न में इस बात की पुष्टि हुई थी कि आय को छुपाया गया है। लिहाजा, पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद छापेमारी की कार्यवाही शुरू की गयी। छापेमारी के दौरान खरीद-बिक्री के अभिलेख, कारखाने और प्रतिष्ठान में निर्मित मिष्ठान के मूल्य का आंकलन, बैंक खातों की डिटेल आदि की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह तय हो पायेगा कि प्रतिष्ठान संचालक ने कितने की टैक्स चोरी की है।

## समझौता लागू करो अन्यथा आंदोलन तय

**चेतावनी**

**विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सभा में भरी हुंकार**



भिखारीपुर स्थित एमडी कार्यालय के समक्ष सभा करते विद्युतकर्मी

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर भिखारीपुर स्थित एमडी कार्यालय के समक्ष गुरुवार को सभा कर कर्मचारियों ने लिखित समझौते को लागू करने की खातिर आवाज बुलंद की। चेतावनी दी कि यदि समझौते को लागू नहीं किया गया तो आंदोलन होना तय है। इसके तहत सभी ऊर्जा निगमों के तमाम कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता एवं निविदा/संविदाकर्मी 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर चले जायेंगे।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जब संघर्ष समिति से जुड़े लोग एमडी कार्यालय पहुंचे तो मेन गेट बंद कर दिया गया। संघर्ष समिति ने इसका पूरजोर विरोध किया और एमडी कार्यालय के गेट तक पहुंच गये। वहीं पर सभा भी की। वक्ताओं ने विगत तीन दिसंबर को हुए लिखित समझौते के बिंदुओं को पुनः दोहराया और समझौते को लागू कराने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने विद्युत विभाग में हो रहे नित नए निजीकरण के प्रयोगों से हो रही क्षति से सभा को अवगत कराया एवं प्रबंधन के तानाशाही को उजागर किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में शीर्ष प्रबंधन का अपने कर्मचारियों पर विश्वास-भाव की कमी किसी भी प्रकार से विभाग के लिये हितकारी नही है। सभा में बताया गया कि तीन मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से विशाल जनजागरण सभा का आयोजन किया गया है, जिसको केंद्रीय नेतृत्वकर्ता शैलेंद्र दुबे समेत तमाम केंद्रीय पदाधिकारी संबोधित करेंगे। सभा की अध्यक्षता संजय शर्मा ने की। संचालन राजेंद्र सिंह ने किया। सभा को आशीष कुमार सिंह, संजय भारती, मुकुंद यादव, एपी शुक्ला, ओमप्रकाश भारद्वाज, संतोष वर्मा, रमाशंकर पाल, हेमंत श्रीवास्तव, फणींद्र राय आदि ने संबोधित किया।

## जी-20 और 'एकता में शक्ति' देने का संदेश



**वाराणसी।** बीएचयू में कौशल विकास एवं छात्र कल्याण पहल के तहत महिला महाविद्यालय में छात्राएं 'वॉल पेंटिंग' कर रही है। छात्राओं की तरफ से एमएमवी की दीवार पर जी-20 और आजादी के अमृत महोत्सव के साथ महिला सशक्तीकरण और 'एकता में शक्ति' का संदेश देने को तैयार की जा रही है।

बीएचयू कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के नेतृत्व में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया हैं। वॉल पेंटिंग भी छात्रों में थोड़ी रचनात्मकता और उत्साह जोड़ने का एक माध्यम है। सुन्दर दीवारे न केवल कैंपस अनुभव को बढ़ती है बल्कि दीवारों पर बनाये गए बेहतरीन संदेश युक्त सजावट प्रतिदिन देखने वालों को शिक्षित करने में भी मदद करती है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. इनु मेहता ने बताया कि कॉलेज की छात्राएं चाहती है कि 2023 का वर्ष सभी स्टूडेंट्स के लिए यादगार रहे। इसीलिए जी-20 को केंद्र में रख कर छात्राएं ये पेंटिंग कर रही हैं।

कार्यशाला के आयोजक डॉ. धीरज एवं डॉ. सुकन्या चक्रवर्ती ने बताया की स्टूडेंट्स ने कॉलेज कैंटीन के साथ वाली एवं ओपन जिम के सामने वाली दीवार का चयन किया है। यहां इस बात का ध्यान रखा गया है कि ये दोनों स्थान स्टूडेंट्स को कक्षाओं के बाद सबसे अधिक प्रिय है। इसलिए सर्वाधिक छात्राएं इन पेंटिंग्स को देख पाएंगी। पेंटिंग के विषय का चयन भी महाविद्यालय की दो छात्राओं प्रतिमा एवं रिया ने किया है। इस डिजाइन को मूर्त रूप देने का काम डॉ. सुनील कुशवाहा अपने शोध छात्रों एवं प्रशिक्षु मुन्नू प्रसाद, राधिका विश्वकर्मा, आकाश मालवीय, राहुल भारती आदि के साथ कर रहे हैं।

### पंजाबी महाराज की पुण्यतिथि पर हुआ चरण पादुका पूजन

**वाराणसी।** संत पंजाबी महाराज की 17वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में गुरु चरण पादुका पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्री राम जानकी मठ अस्सी घाट पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर संकीर्तन मंडल द्वारा हरिनाम संकीर्तन किया गया। मठ के प्रमुख संत रामलोचन दास ने कहा कि मनुष्य को सदैव गुरु के दिखाये मार्ग पर चलना चाहिए। उस मार्ग पर चल कर ही व आत्मकल्याण व लोकहित का कार्य बखुबी कर सकता है। मठ में आयोजित भण्डारें में दूरदराज एवं आस पास के साधु संत व क्षेत्रीय लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मठ के सचिव शर्मा सहित अनेक विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## आमलकी एकादशी पर आज रखा जायेगा व्रत

**वाराणसी।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन आमलकी/ रंगभरी एकादशी मनायी जायेगी। ऐसी मान्यता है कि आमलकी एकादशी के व्रत से द्वादश मास के समस्त एकादशी के व्रत का पुण्यफल मिलता है। साथ ही जीवन के समस्त पापों का शमन भी होता है। एकादशी तिथि के दिन स्नान-दान व व्रत से सहस्त्र गोदान के समान शुभफल की प्राप्ति बतायी गई है। इस दिन स्नान-दान व व्रत से भगवान श्रीहरि यानि श्रीविष्णु की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि दो मार्च को प्रातः 6.40 मिनट पर लग गई थी जो तीन मार्च को प्रातः 9.12 मिनट तक रहेगी। तीन मार्च को शुक्रवार को उदया तिथि में एकादशी तिथि पड़ने से आमलकी/ रंगभरी एकादशी का व्रत इसी दिन रखा जायेगा। आज के ही दिन काशी विश्वनाथ मंदिर में धूमधाम से रंगोत्सव मनाया जाता है। इसी दिन भोलेनाथ माता पार्वती का गौना करा कर काशी आये थे। इस खुशी में रंग गुलाल उड़ाने की परम्परा है। इस दिन भगवान शिव के साथ साथ आंवले के पेड़ की भी पूजा की जाती है। इसलिए रंगभरी एकादशी को आमलकी एकादशी के नाम से जाना जाता है।


## कार्यालय नगर पंचायत कोपागंज, जनपद-मऊ

पत्रांक : 979 (II)/न.प.कोपागंज, मऊ/2022-23 दिनांक: 02 मार्च 2023

**ई-निविदा (अल्पकालिक) सूचना**

नगर पंचायत कोपागंज जनपद मऊ द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में अ श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के निविदा दे सकता है।

1. कार्यों से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | बिड सिक्योरिटी (इ.एम.डी.) (लाख रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मऊ | काछीकला में मदरसा मोहम्मदिया से गोल्डेन मस्जिद तक कवर्ड आर.सी.सी. नाला निर्माण एवं खड़ंजा का कार्य। | 37.76 | 3.78 | 2240.00 | 2 माह |
| 2 | मऊ | नगर पंचायत कोपागंज में कसारा मोड़ पर चौक का निर्माण कार्य एवं एक अदद फाउन्टेन लगाने का कार्य। | 11.03 | 1.103 | 2240.00 | 2 माह |

1. वेब साइट पर डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 02.03.2023
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय: 14.03.2023 को अपरान्ह 5.00 बजे।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 15.03.2023 को अपरान्ह 02.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रुप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कोपागंज
जनपद-मऊ

प्रशासक
नगर पंचायत कोपागंज
जनपद-मऊ


# वेरिफिकेशन में सुस्ती का खामियाजा भुगत रहे सूबे के किसान

रामदुलार यादव

**धान खरीद पर एक नजर**

**उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में अन्नदाता धान बेचने से रह गये वंचित**

**बड़े किसानों के नाम एवं भूमि का सत्यापन न होने से हुई समस्या**

**यूपी के एक लाख 34 हजार 666 कृषकों के मामले तहसीलों में लंबित**

**चांदमारी।** परिवार संग कड़ी मेहनत कर धान की फसल पैदा करने वाले लाखों किसानों के उम्मीदों, अरमानों एवं सपनों को जिम्मेदार अफसरों ने तहस-नहस कर दिया। फसलें जब उपज देती हैं तो हरएक हर कृषक अपने परिवार की खुशियां देखने के लिए लालायित रहता है। कोई अपने बेटे के स्कूल-कॉलेज की फीस देने की सोचता है तो कोई अच्छे कपड़े खरीदने का वादा करता है। कोई अपनी लाडली के हाथ पीले करने का सपना संजोए रहता है। लेकिन अन्नदाताओं के अरमानों से किसी और का न तो कोई वास्ता और न ही कोई मतलब। किसान की उम्मीदें जब धूल-धूसरित होती हैं और वह खून के आंसू रोता है तो उससे भी किसी का क्या सरोकार। जी हां, अबकी सूबे के कई जिलों में धान बेचने के लिए कृषकों को खून के ही आंसू रोने पड़े।

इसका खुलासा स्वयं विभागीय पोर्टल ही कर रहा है। यूपी के असंख्य किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर धान नहीं बेच सके। इस पोर्टल पर दर्ज बीते एक मार्च के आंकड़ों को मानें तो एक लाख से ज्यादा ऐसे किसान हैं जिनके नाम और भूमि का सत्यापन तहसील स्तर अब भी लंबित चल रहे हैं। खाद्य रसद एवं आपूर्ति विभाग की वेबसाइट पर दर्ज डेटा यह हकीकत बयां कर रहा है। इन आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में कुल 14 लाख 27 हजार 541 किसानों ने ई-पंजीकरण कराया। उनमें से 10 लाख 94 हजार 411 किसानों से 65-46 लाख एमटी धान सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा गया। जबकि तीन लाख 23 हजार 666 अन्नदाताओं को मायूसी हाथ लगी। गत 28 फरवरी को धान खरीद बंद हो चुकी है। ऐसे में इन तीन लाख से ज्यादा किसानों को समर्थन मूल्य भी नसीब नहीं हुआ।

100 कुंतल से ज्यादा उपज बेचने वालों के दायरे में आने वाले बड़े किसानों का तहसील से उनके नाम एवं भूमि का सत्यापन करने के बाद ही उपज खरीदा जाएगा। वैसे तो ई-पंजीकरण करने के बाद स्वतः दो दिनों में सत्यापन हो जाना चाहिए। लेकिन पोर्टल के मुताबिक धान क्रय करने की अवधि समाप्त होने के बाद एक लाख 34 हजार 666 किसानों का सत्यापन लंबित रह गया। ई-क्रय प्रणाली की वेबसाइट के मुताबिक तहसील स्तर से एक लाख 28 हजार 595 किसानों के सत्यापन के मामले लंबित हैं। तहसील स्तर से 3096 और उनके दफ्तर से 2975 किसानों का सत्यापन पेंडिंग है।

**इन जिलों की स्थिति खराब**

सरकारी वेबसाइट की मानें तो प्रदेश के कई जनपदों में इस बार एक भी किसान से धान की खरीद नहीं हुई। ललितपुर में एक किसान ने ई-पंजीकरण कराया लेकिन उसका सत्यापन नहीं हुआ। महोबा में चार किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया परंतु उनका वेरिफिकेशन लंबित है। गाजियाबाद में चार किसानों का पंजीकरण के बावजूद यही स्थिति रही। बागपत में दो किसान, जालौन में 47 किसान पंजीकृत हुए लेकिन सत्यापन का इंतजार करते रह गये। हापुड़ में एक दर्जन रजिस्टर्ड किसानों में से मात्र तीन कृषकों को धान की खरीद हुई।

**बीते तीन सीजन में धान खरीद की स्थिति**

| सत्र | पंजीकृत किसान | किसानों की संख्या खरीदे गये | मात्रा (लाख एमटी) |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 1427541 | 1094411 | 65.46 |
| 2021-22 | 1485427 | 1101945 | 65.53 |
| 2020-21 | 1424993 | 1305929 | 66.84 |

**वाराणसी में सत्यापन की स्थिति**

प्रधानमंत्री के संसदीय जनपद में भी किसानों के सत्यापन के मामले भी ज्यादा है। वाराणसी में कुल 8976 किसानों ने पंजीकरण कराया। उनमें से 7019 किसानों से धान की खरीद हुई। एक हजार 957 कृषकों से सरकारी क्रय से वंचित रह गये। 818 किसानों के सत्यापन का मामला तहसीलों में लंबित रह गया। पेंडिंग मामलों में तहसीलवार सर्वाधिक 381 राजातालाब में रहे। तहसील सदर में 370 और पिंडरा में 67 बड़े किसान सत्यापन के अभाव में धान नहीं बेच सके।

## अमेरिकी शिक्षाविद ने की पढ़ाई के तरीके की सराहना

**जंसा।** अमेरिकी शिक्षाविद और बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के ग्लोबल डाइरेक्टर बेंजामिन पाइपर ने वाराणसी के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की मेधा और पढ़ाई के तरीके की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने और निपुण भारत को सफल बनाने के लिए गेट्स फाउंडेशन हर संभव सहयोग करेगा। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मिनपाइपर ने सेवापुरी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय सगुनहां और दौलतिया, चोलापुर विकासखंड के हाजीपुर प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण किया। बाद में बेंजामिन के नेतृत्व में टीम सेवापुरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय दौलतिया भी पहुंची यहाँ उन्होंने गणित की कक्षाओं का अवलोकन किया। विजिट के दौरान बेंजामिन के साथ एलएलएफ की केन्द्रीय टीम से वेंकट रमना, सुप्रिया घोष, मंजु मोहनदास सीएसएफ की ओर से अनस्तूप नायक, जयश्री और राघव सागर, संजीव श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक बिमलेश कुमार, जिला अकादमिक समन्वयक अजहर जहीर, तसनीम कौशर, सौम्या सिन्हा, अरुण, अरुणसहित तमाम लोग शामिल थे।

# मोदी सरकार की तानाशाही के विरुद्ध होगा संघर्ष

**बोले सुशांत राज भारत**

## आप कार्यकर्ताओं ने फूंका सीबीआई ईडी एवं सरकार का पुतला

**बलिया।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत के आह्वान पर जिले की सभी सात विधानसभाओं में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरुद्ध सीबीआई, ईडी और मोदी सरकार के पुतला दहन का कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही के विरुद्ध आम आदमी पार्टी संघर्ष करती रहेगी। इस आंदोलन को हम लोग ब्लाक एवं गांव स्तर तक लेकर जाएंगे। जन-जन को बतायेंगे कि गरीब बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने वाले दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को किस तरह से फर्जी मामले में फंसा कर जेल भेज दिया गया है।

कहा कि अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता, आम आदमी पार्टी के बढ़ते जनाधार और विस्तार से भाजपा घबराई हुई है। मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के नेताओं एवं मंत्रियों को जेल भेज रही है। वहीं, अडानी शेयर में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध अडानी का नाम लेने से भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के नेता घबरा रहे हैं। बलिया सदर में कार्यकर्ताओं ने टीडी कालेज चौराहे पर पुतला दहन का कार्यक्रम किया। बांसडीह में बांसडीह चौराहे पर पुतला दहन का कार्यक्रम मुकेश सोनी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैरिया में मुकेश कुंवर तथा जवाहर पासवान, सिकंदरपुर में विजय शंकर राजभर, रसड़ा में संतप्रकाश सिंह व अंजनी तिवारी, फेफना विधानसभा में रामदरस यादव, बेल्थरारोड विधानसभा में हृदयानंद सिंह के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। मौके पर राजकुमार मौर्य, रणविजय, अशोक गुप्ता, अजय, ऋषिकेश भारत, रियाज अहमद, विजय, तेज बहादुर, बिहारीलाल, आशुतोष, हृदयानंद सिंह, सद्दाम आलम, अंजनी, संतप्रकाश, मुकेश सोनी, ओमप्रकाश मिश्रा, राजकुमार, पुष्पा, वीरेंद्र भारती, कमलेश वर्मा, अनिल कुमार, प्रह्लाद, बबलू राजभर, डा. प्रदीप कुमार, संजय कुमार ठठेरा, कालिका प्रसाद, राशिद अली, शादाब आलम, दिनेश, सत्येंद्र नाथ, विपिन, अंजनी राजभर, टाइगर व्यास, विजय शंकर राजभर, राजकुमार, शुगन लाल यादव, प्रिंस यादव, राहुल पांडे, छोटेलाल शर्मा, कन्हैया पांडे आदि मौजूद रहे।



टीडी कालेज चौराहा पर पुतला दहन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता

### कार्यकर्ताओं ने फूंका मोदी सरकार का पुतला

**बांसडीह।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बांसडीह कचहरी चौराहे पर जमकर नारेबाजी करते हुए मोदी सरकार सहित केंद्रीय एजेंसियों का पुतला फूंका। मुकेश सोनी ने मनीष सिसोदिया की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए कहा कि वह एक ईमानदार नेता है। उनकी गिरफ्तारी एक राजनीतिक षडयंत्र है। केंद्र सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस अवसर पर ओमप्रकाश मिश्र, बिहारी लाल यादव, राजकुमार पाण्डेय, राहुल यादव, लक्ष्मण चौहान, अनूप यादव, गुड्डू यादव, अजयकांत शर्मा, कन्हैया पांडेय, छोटेलाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मनीष सिसोदिया की रिहाई की मांग



**रसड़ा।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अंजनी तिवारी के नेतृत्व में गुरुवार को आजाद चौराहे पर मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में ईडी, सीबीआई तथा मोदी सरकार का पुतला दहन किया। साथ ही मनीष सिसोदिया की रिहाई तथा महंगाई को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके पूर्व हिता का पूरा निवासी संत प्रकाश सिंह के आवास से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। इस मौके पर संत प्रकाश सिंह, पुष्पा तिवारी, वीरेंद्र भारती, कमलेश वर्मा, अनिल कुमार, प्रह्लाद गुप्ता, बबलू राजभर, डा. प्रदीप कुमार, संजय कुमार ठठेरा आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी

**रतसर।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को गांधी आश्रम चौराहे पर प्रधानमंत्री, ईडी एवं सीबीआई का प्रतीकात्मक पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। इस अवसर पर उषा राय, रामदरश यादव, सत्येंद्र वर्मा, विपिन तिवारी, अखिलेश यादव, अमरनाथ यादव, श्रवण विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# होली तक सभी ट्रेनों का आरक्षण फुल

**बैरिया।** हर्षोल्लास का पर्व होली तक ट्रेनों में सफर नाको चने चबाने जैसा हो गया है। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई सहित महानगरों को जाने व वहां से आने वाली सभी ट्रेनों में आरक्षण फुल है। वेटिंग टिकट की भी लम्बी कतार है। फलस्वरूप इस मुश्किल से बचने के लिए अपनी यात्रा स्थगित करना ही उचित है। रेलवे ने कुछ विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है, किंतु वह अपर्याप्त है।

छपरा-सुरेमनपुर के रास्ते लोकमान्य तिलक टर्मिनल से दरभंगा जाने वाली पवन एक्सप्रेस में होली तक कोई सीट खाली नहीं है। शयनयान श्रेणी में समाचार लिखे जाने तक 334 वेटिंग था। वही, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 55 वेटिंग था एवं द्वितीय में 60 वेटिंग है। ऐसे में इन टिकटों के कंफर्म होने की कोई संभावना नहीं है। यही स्थिति छपरा से सूरत जाने वाली ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, लुधियाना जाने वाली सरजू जमुना एक्सप्रेस, अंबाला-बरौनी के बीच चलने वाली हरिहरनाथ एक्सप्रेस, छपरा-सियालदह के बीच चलने वाली बलिया-सियालदह एक्सप्रेस, गोरखपुर-कोलकाता के बीच चलने वाली पूर्वांचल एक्सप्रेस सहित किसी भी ट्रेन में कोई टिकट उपलब्ध नहीं है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दर्जनों लोगों ने फोन करके बताया कि टिकट नहीं मिलने के कारण वह इस बार होली पर्व पर घर नहीं आ रहे हैं। वही, ट्रेनों में टिकट नहीं मिलने के कारण लोग बसों में भारी भरकम किराया देकर अपने गंतव्य को आने-जाने पर विवश हैं।

### खर्च करना पड़ रहा अधिक किराया

**बैरिया।** मुंबई से वाराणसी होते हुए बलिया आने के लिए बस का किराया छः हजार रूपये खर्च करना पड़ रहा है, जबकि अहमदाबाद से बलिया आने के लिए सात हजार, दिल्ली से बलिया के लिए तीन हजार किराया देना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर महानगर से एक विशेष ट्रेन दूसरे-तीसरे महानगर के लिए चलाना चाहिए। इससे होली के पवित्र त्यौहार पर लोग अपने घरों में पहुंचकर होली मना सकें।

# लिच्छवी एक्सप्रेस तथा इंटरसिटी का संचालन शुरू

**बेल्थरारोड।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल स्थित गोरखपुर तथा वाराणसी सिटी के बीच कोहरे के कारण स्थगित 15129/15130 इंटरसिटी एक्सप्रेस बुधवार से वाराणसी सिटी से प्रारंभ कर दी गई। रेलवे सूत्रों की माने तो वाराणसी सिटी से 15130 डाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस चलकर लगभग 4.30 घंटे विलम्ब से बेल्थरारोड स्टेशन पर 18. 27 बजे पहुंची तथा यहां से 18. 43 बजे गोरखपुर के लिए रवाना हुई। 15129 नंबर की इंटरसिटी एक्सप्रेस गोरखपुर से गुरुवार को अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार प्रातः 9. 55 बजे संचालित हुई। इसी प्रकार कोहरे के कारण ही बंद 14005/14006 लिच्छवी एक्सप्रेस का भी संचालन शुरू हो चुका है। बुधवार को 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस डाउन साइड से नई दिल्ली से चलकर अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार गुरुवार की प्रातः बेल्थरारोड स्टेशन पर पहुंची। ट्रेनों का संचालन शुरू होने से यात्रियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

# वन डिस्ट्रिक-वन प्रोडक्ट को मिलेगा बढ़ावा

**बोले रविन्द्र कुशवाहा**

## पीएम आवास योजना में की गई 66 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** भारत सरकार का ऐतिहासिक अमृत काल का केन्द्रीय बजट 2023-24 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में रखा गया। यह बातें सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया। कहा कि यह बजट जन-कल्याणकारी बजट है। इस बजट के माध्यम से अब नौकरी पेशा लोगों को सात लाख रूपये सलाना की आय पर कोई टैक्स नही देना होगा। भारत मोटा अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है।

सांसद रविंद्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रूपये किये जाने के निर्णय का हृदय से स्वागत किया। रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रूपये का बजट दिया गया है। इन्वेस्टमेंट खर्च को 33 प्रतिशत बढाकर 10 लाख करोड रूपये किया गया है, जो 2019-20 की तुलना में लगभग 33 प्रतिशत अधिक है।

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत 149 विश्व स्तरीय स्टेशन विकसित किये जायेंगे। जनपद के भी बलिया, बेल्थरारोड, सुरेमनपुर स्टेशन इस योजना के तहत विकसित होंगे। इस बजट में पीएम आवास योजना का बजट बढ़ाकर 49 हजार करोड रूपये कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढोतरी की गयी है। कोरोना संकट और रूस-युक्रेन युद्ध के कारण उपजे वैश्विक संकट के बावजूद देश के बजट का आकार बढ़ाकर 45 लाख करोड रूपये करना भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है। इस बजट में 50 पर्यटन स्थलों की पहचान की जायेगी। वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट आइटम को बढ़ावा दिया जायेगा। इस बजट में किसान, व्यवसायी, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूप रेखा है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, संजय, अशोक, पंकज आदि मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता करते सांसद रवीन्द्र कुशवाहा

# विकास कार्यों में भ्रष्टाचार पर होगी कार्रवाई

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

## किसी को नहीं दी जा सकती भ्रष्टाचार करने की छूट

**बैरिया।** जनपद के सभी नगर पंचायतों व नगर पालिका के विकास कार्यों पर सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त की पैनी निगाह है। कार्यो में पारदर्शिता के लिए आय-व्यय का विवरण सांसद ने नोडल अधिकारी/मुख्य राजस्व अधिकारी बलिया से एक सप्ताह के भीतर तलब किया है।

उक्त विवरण मांगे जाने के बाद कई नगर पंचायतों ने कागज में कराए गए विकास कार्यों को आनन-फानन में धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। सोनबरसा स्थित संसदीय कार्यालय में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि विकास कार्यों में किसी को भी भ्रष्टाचार करने की छूट नहीं दी जा सकती। मैं जनपद के सभी नगर निकायों का पदेन सदस्य हूं और मुझे इसकी जानकारी प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। उसी के तहत मैंने नोडल अधिकारी से इसकी जानकारी तलब की है। सांसद ने स्पष्ट किया कि पिछले दिनों संबंधित अधिशासी अधिकारियों व मुख्य राजस्व अधिकारी के साथ इस बाबत बैठक कर आग्रह किया था कि जो भी कार्य नहीं हुए हैं, उसे तत्काल कराया जाए। मैंने विकास कार्यों का ब्यौरा तलब किया है।

होली बाद फिर अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संदर्भ में आगे की कार्रवाई करूंगा। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टालरेंस पर काम कर रही है। किसी को भी भ्रष्टाचार या अनियमितता करने की छूट हमारी सरकार में नहीं है। उन्होंने ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता अपनाने का सुझाव देते हुए कहा कि सम्मानित सदस्यों के साथ बैठक कर अधिकारी उनका प्रस्ताव और उसके अनुरूप विकास कार्य करें। क्योंकि सदस्यों की भी अपने क्षेत्र के जनता जनार्दन के प्रति जवाबदेही है।



### स्थानीय व अतिरिक्तअवकाश घोषित

**बलिया।** प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय पृथ्वी पाल यादव ने बताया है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2023 में स्थानीय अवकाश/अतिरिक्तअवकाश घोषित किया गया है। इसमें स्थानीय अवकाश रक्षाबन्धन 31 अगस्त को, बारावफात 28 सितम्बर को, नवमी 23 अक्टूबर को, भैया दूज 15 नवम्बर को, कार्तिक पूर्णिमा 27 नवम्बर को तथा अतिरिक्त अवकाश होली 06 मार्च को निर्धारित किया गया है।

### शराब व असलहा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** हल्दी पुलिस ने पांच पेटी अंग्रेजी शराब एवं असलहा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के समूल उन्मूलन, शराब निष्कर्षण व तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में हल्दी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष हल्दी सुनील कुमार सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुखबीर की सूचना पर एक टाटा सफारी वाहन में अवैध अंग्रेजी शराब लेकर जा रहे दो अभियुक्त अनूप सिंह पुत्र स्व. मुंसीराम सिंह निवासी नक्लोई, थाना सदर, जनपद सोनीपत, हरियाणा एवं विजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. महा सिंह निवासी विकास नगर काकरोई मार्ग ओपी रोड़ चौकी 23 सेक्टर, जिला, सोनीपत हरियाणा को ग्राम मझौवा ढाले के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। टाटा सफारी की डिग्गी से पांच पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा राधेश्याम, राकेश, अवधेश, हर्षित शामिल रहे।

# किशोरी से गैंगरेप में तीन युवक गिरफ्तार

**नगरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ बुधवार की रात गैंगरेप का मामला प्रकाश में आते ही मानो पुलिस के पांव के नीचे से जमीन खिसक गयी है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर रात में ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी सायंकाल करीब सात बजे अपने ननिहाल रसड़ा से आकर गड़वार मोड़ पर आटो से उतर कर पैदल ही घर जा रही थी। जैसे ही किशोरी सीएचसी नगरा के समीप पहुंची कि तीन युवक दीपू चौरसिया, अखिलेश कुमार राम एवं मुकेंद्र डोम निवासी नगरा उसे रोककर पूछने लगे कि कहां जा रही हो। इस पर किशोरी ने कहा कि घर जा रही हूं। तीनों ने कहा कि चलो तुम्हारी मम्मी से मिलवा देते है। किशोरी ने कहा कि मेरी मम्मी ननिहाल में है। इसके बाद तीनों युवकों ने इसका फायदा उठाते हुए किशोरी का मुंह दबाकर सीएचसी के समीप सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया और उसे छोड़कर फरार हो गए। किशोरी ने रोते हुए अपने पिता को मोबाइल से घटना की जानकारी दी। पीड़िता के पिता तुरंत नगरा थाने पर पहुंचे और पुलिस को घटना की नामजद तहरीर दी। गैंगरेप की जानकारी मिलते ही एक्शन मोड में आई पुलिस रात में ही दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत नगरा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**कार्रवाई**

### घटना की जानकारी मिलते ही ऐक्शन मोड में आयी पुलिस

# बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** सहतवार क्षेत्र के कुम्हैला-रजौली मोड़ के पास बुधवार की देर शाम साइकिल सवार युवक को बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। वहीं, हादसे को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गये। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी।

जानकारी के अनुसार सहतवार थाना क्षेत्र के बिनहां गांव निवासी 22 वर्षीय मनीष मिश्रा पुत्र गनेश मिश्रा रोज की भांति सहतवार से जिम करने के पश्चात घर आ रहा था। इसी बीच उसने मेडिकल से दवाई ली। अभी वह साइकिल से कुम्हैला-रजौली मोड़ के पास पहुंचा ही था कि अचानक पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने मनीष मिश्रा को गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी।

आस-पास मौजूद लोगों द्वारा आनन-फानन में घायल युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। गोली लगने से घायल युवक का कहना है कि बाइक पर दो बदमाश सवार थे, जिन्होंने मुझे पीछे से गोली मार दिया। इसी बीच सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। इस घटना को लेकर क्षेत्र में भय का माहौल है।

**दबंगई**

### सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

# महंगाई को लगा पंख, कैसे मनेगी होली

**बैरिया।** होली पर्व का नाम सुनते ही उत्सुकता बढ़ जाती है। वही, होली से ठीक पहले लोग महंगाई के चाभुक से बेहाल है। मेवा और दूध की महंगाई के चलते लोगों की गुझिया पहले नहीं बन रही है। इधर, गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोत्तरी ने आग में घी डालने का काम किया है।

बुधवार को अचानक जहां रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा कर दिया गया है वहीं व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 350 रूपये की बढ़ोत्तरी की गई है। विगत वर्ष की तुलना में खोवा के मूल्य में प्रति किलो औसतन 50 रूपये की वृद्धि हुई है। यही हाल पनीर, देसी घी एवं मेवा का भी है। हाल ही के कुछ महीनों में महंगाई को जैसे पंख लग गए हो। होली आने के साथ ही महंगाई का रंग और चटख हो गया है। इस त्यौहार में दूध, खोवा, मेवा, चीनी आदि से तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। मगर पनीर से लेकर खोवा, काजू, बादाम, छुहारा, किसमिस, चिरौंजी, मखाना आदि का दाम आसमान छू रहा है।

**समस्या**

### आसमान छू रहा पनीर खोवा एवं मेवा का दाम

> होली पर खरीदे जाने वाले सामान की कीमत में 15 से 25 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस कारण दुकानों पर ग्राहक तो आ रहे हैं, लेकिन खरीद की मात्रा सीमित हो गई है।
>
> विजय, किराना व्यवसायी, बैरिया

> दूध की कीमत बढ़ने के कारण पनीर, खोवा, छेना, क्रीम काफी महंगे हो गये हैं।
>
> फत्ते यादव, दूध व्यवसायी, रामपुर

> सामानों पर महंगाई होने के कारण बजट में कटौती करनी पड़ रही है। कोई पकवान चाह कर भी इस बार नहीं बना पाएंगे।
>
> अपर्णा पांडेय, गृहणी

### होली पर परिवहन निगम ने शुरू की प्रोत्साहन योजना

**बलिया।** होली पर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम द्वारा कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है। यह योजना कार्यशाला के कार्मिकों के लिए भी लागू की गई है। योजना के तहत जो चालक और परिचालक नौ दिन दैनिक रूप से 300 किमी बस का संचालन करेंगे, उन्हें 350 रुपये प्रतिदिन की दर से 3150 रुपये का विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं, अगर कोई 10 दिन तक प्रतिदिन 300 किमी बस का संचालन करता है तो उसे 400 रुपये प्रतिदिन की दर से एक मुश्त 4000 रुपये के विशेष प्रोत्साहन का भुगतान किया जाएगा। वहीं, संविदा चालकों व परिचालकों को प्रोत्साहन अवधि में निर्धारित मानक से अधिक किमी चलाने पर 55 पैसे प्रति किमी अतिरिक्त भुगतान होगा। कार्यशाला कार्मिकों के लिए भी प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है। अगर डिपो कार्यशाला व क्षेत्रीय कार्यशाला में कार्यरत कार्मिक नौ दिन ड्यूटी करता है तो उसे 1000 रुपये और 10 दिन ड्यूटी करने पर 1200 रुपये का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। वही, 10 दिन ड्यूटी करने वाले आईटीआई, संविदा कार्मिकों को 10 दिन ड्यूटी पर 600 और नौ दिन ड्यूटी पर 500 रुपये प्रोत्साहन के रूप में मिलेंगे। बलिया डिपो के वरिष्ठ लेखाकार महेश पांडेय ने बताया कि निगम ने होली के मद्देनजर यात्रियों को निर्बाध सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रोत्साहन योजना लागू की है। इसके तहत लगातार ड्यूटी करने वाले चालक-परिचालकों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### इन चीजों में मामूली राहत


**बैरिया।** आटा, मैदा एवं सूजी के दामों में कुछ कमी आई है। वहीं, नई फसल तैयार होने के कारण सरसों के तेल एवं रिफाइंड आयल में साधारण गिरावट हुआ है। अरहर और मसूर के दाल में भी कुछ गिरावट आई है।

## संक्षेप

### ससुराल आये दामाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


**बांसडीह।** कस्बे के उत्तर टोला संघत के पास वार्ड 09 में बुधवार की शाम अपनी ससुराल आये दामाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बांसडीह कस्बा के उत्तर टोला निवासी प्रियंका की शादी रसड़ा निवासी राकेश पाण्डेय (32) से हुई थी। पति से अनबन होने से प्रियंका अपने मायके में रह रही थी। प्रियंका के तीन बच्चे भी है, जो रसड़ा अपने पिता के पास रहते है। आस-पास के लोगों ने बताया कि बुधवार की शाम राकेश शराब के नशे में बांसडीह स्थित अपने ससुराल में आया था। सुबह दरवाजे पर राकेश मृत अवस्था में पाया गया। इससे पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई




**बांसडीह।** तीन राज्यों में हुए चुनाव में त्रिपुरा एवं नागालैंड में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने और मेघालय में पहले से अच्छा प्रदर्शन करने पर गुरुवार को भाजपा बांसडीह मंडल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन में तेजबहादुर रावत के आवास पर एकत्र होकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और मिठाई खिलाते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 से पहले यह रुझान है। लोकसभा चुनाव-2024 में भारी बहुमत के साथ तीसरी बार पीएम मोदी की कुर्सी पर बैठेंगे। मौके पर तेजबहादुर रावत, शशि तिवारी, अमित यादव, कुंती देवी, मनोरमा राजभर, राजेश पाठक, बब्लू सिंह, रविंद्र मिश्रा, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेविकाओं ने निकाली रैली




**बांसडीह।** द्वारिका प्रसाद सिन्हा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजवारवीर, बांसडीह के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन गुरुवार को स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता अभिनव पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही इसकी कुछ प्रचलित विधियों का उल्लेख किया। संचालन वेद प्रकाश सिंह ने किया।

### अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन के तत्वावधान में ग्राम न्यायालय के संचालन को लेकर गुरुवार को तीसरे दिन भी तहसील अधिवक्ता भवन में क्रमिक अनशन जारी रहा। अधिवक्ताओं ने अति शीघ्र वादकारियों के हित में ग्राम न्यायालय स्थापित करने की मांग की। एसोसिएशन ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार दीपक सिंह को सौंपा। मौके पर अध्यक्ष सरफराज अहमद, मंत्री महेन्द्र यादव, देवेन्द्र कुमार गुप्त एडवोकेट, अतुल प्रकाश, अब्दुर्रहमान, अमानुल हक अब्बासी, अरुण कुमार , मु. अजहर अली, सूर्यनाथ यादव, दिनेश प्रसाद, मदन शर्मा, अमरजीत, सविता, पिंकी सिंह, अमरनाथ, लक्ष्मण, रहमत अली, गंगेश कुमार, मु. मुजाहिद, कलिन्दर, सुनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### बच्चों में बांटा कॉपी एवं कलम




**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के ग्राम फरसाटार में देश में समान शिक्षा लागू करने वाली टीम के सदस्य अरशद हिन्दुस्तानी की देखरेख में गुरुवार को लगभग चार दर्जन बच्चों को कापी और कलम का वितरण किया गया। उनके साथ अबान हसन, मोनू, अलाउ, तेजामुल, इस्लाम, चांद, अमान आदि मौजूद रहे। अरशद हिन्दुस्तानी ने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है। आप जिसको भी वोट करे, लेकिन अपने सांसद, विधायक एवं प्रधान से कहे कि वह भी अपने बच्चों को हमारे बच्चों के स्कूल में पढ़ने के लिए भेजे।

### स्वयंसेविकाओं ने की साफ-सफाई



**रतसर।** दुलेश्वरी सुखदेव (डीएस) मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज रतसर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने गुरुवार की प्रातः कालीन दिनचर्या के उपरांत स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयसेविकाओं ने स्थानीय बिका भगत पोखरे एवं मंदिर की साफ-सफाई की। बौद्धिक कार्यक्रम में डॉ. चंद्रमा सिंह ने स्वच्छता को उत्तम स्वास्थ्य का पर्याय बताते हुए शिविरार्थियों से वाह्य स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक स्वच्छता अपनाने पर विशेष बल दिया। कहा कि स्वच्छता को अपनाकर ही हम कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बच सकते हैं। संचालन कार्यक्रम अधिकारी लाल साहब ने किया। सभी का आभार राहुल ने व्यक्त किया।

### अधूरे रह गये विकास के वादे : अवलेश सिंह




**बलिया।** जदयू के प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह ने फेफना स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता की। पत्र प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए प्रदेश महसचिव अवलेश सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वर्ष 2016 में बलिया के विकास के लिए कई वादे किए थे, जो आज तक पूरे नहीं हो सके। उस समय उन्होंने सिंगापुर की तरह सड़क बनाने की बात कही थी, जो गलत साबित हुई। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह पार्टी सिर्फ वायदे करती है, उसे पूरा नहीं करती। कहा कि शहर में बाईपास बनना था। वह भी नहीं हुआ। नौरंगा में गंगा पर पुल अभी तक तैयार नहीं हो सका है। अगर वास्तव में जिले का विकास करना है तो कही हुई बातों को धरातल पर उतारना होगा। इन मुद्दों को लेकर पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है।

### डीएम ने खुलवाया दरवाजा, हटवाया पर्दा

**बलिया।** नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जनसमस्याओं से रूबरू होने के लिये अपने चेंबर का दरवाजा खुलवाया और पर्दा हटवाया। इसके पहले कई जिलाधिकारी दरवाजा बंद करके जनता की समस्या सुनते थे। ऐसे में बहुत से ऐसे फरियादी थे, जो दरवाजे पर पुलिस का पहरा देख वापस लौट जाते थे। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की सोच को अधिवक्ताओं और पत्रकारों ने बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि हम जनता के सेवक है। जनता की जो भी समस्या है, वह मेरे तक आये, ताकि मैं उसका निस्तारण नियमानुसार कर सकूं। वैसे, लगभग 17 साल पहले तत्कालीन डीएम एम देवराज ने भी अपने चेंबर का दरवाजा और पर्दा हटवाया था। यहां तक की चेंबर में लगी कुर्सियों को भी हटवा दिये थे। उस वक्त चर्चा यह रही कि डीएम से मिलने वाले लोगों के लिये सामान्य व्यवस्था है। कोई वीआईपी व्यवस्था मिलने के लिये नहीं है। तत्कालीन जिलाधिकारी एम देवराज की पूरे क्षेत्र में चर्चा होती रही।

### अधिवक्ताओं ने डीएम की गाड़ी को घेरा



**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार जैसे ही अपने चेंबर से अपराह्न 12 बजे के बाद बाहर निकलकर अपनी गाड़ी की ओर बढ़े, उसी वक्त आंदोलनकारी अधिवक्ताओं ने डीएम की गाड़ी को घेर लिया। डीएम अधिवक्ताओं का सम्मान करते हुए अपने गाड़ी से उतरे और सीधे अपने चेंबर में पहुंचे। अधिवक्ताओं से वार्ता करने के बाद वह फिर गाड़ी पर बैठकर अन्य कार्यक्रम की ओर रवाना हुए। अधिवक्ताओं ने डीएम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिलाधिकारी एक सुलझे हुए अधिकारी हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि डीएम जनता के हित में अच्छे कार्य करेंगे।

### बाजारों में खाद्य विभाग की छापेमारी, सात नमूने लिये

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार एवं सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की जांच टीम ने अभियान के दूसरे दिन गुरुवार को बेयासी, घोड़हरा व हल्दी बाजार में छापेमारी की। इस दौरान जांच टीम ने सात नमूने लिय। होली त्यौहार पर मिलावटखोरी की संभावना को देखते हुए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राय के नेतृत्व में छापेमार दल ने सबसे पहले बेयासी बाजार में छापेमारी की और नमूने लिये। इसके बाद टीम घोड़हरा व हल्दी बाजार पहुंची और सन्देह होने पर यहां से भी खाद्य पदार्थो के नमूने लिये।

# डीएम ने सीएमएस को लगायी फटकार

**निरीक्षण**

## साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर करने का निर्देश



**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड और अन्य कक्षों को देखा। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक ना होने पर सीएमएस डा. दिवाकर सिंह को फटकार लगाई। निर्देश दिया कि जल्द से जल्द साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक कराई जाए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उन्हें चिकित्सालय की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से पूछा कि उन्हें समय से दवाएं मिलती है या नहीं। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने वाले लोगों को सीमित संख्या में रखा जाए। क्योंकि इससे अस्पताल में अनावश्यक भीड़ बढ़ती है और मरीजों को ही समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कक्षों के बाहर गार्डों की तैनाती की जाए। जिलाधिकारी ने सीएमएस डा. दिवाकर सिंह को निर्देश दिया कि अस्पताल में पार्किंग की व्यवस्था ठीक कराई जाए। क्योंकि वाहनों के बेतरतीब खड़ा होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सीएमएस डा. दिवाकर सिंह को निर्देश दिया कि चिकित्सालय के भवनों की रंगाई-पुताई कराई जाए। अगर बजट नहीं है तो बजट की मांग की जाए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में खुले जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया और दवाओं के संबंध में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर सभी चिकित्सक और स्टाफ उपस्थित रहे।

# मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

**बिल्थरारोड।** तहसील क्षेत्र में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार व ईडी सीबीआई का बिल्थरा रोड क्षेत्र में जबरदस्त विरोध आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा किया गया। आम आदमी पार्टी द्वारा केंद्र सरकार और ईडी सीबीआई के पुतला दहन का कार्यक्रम गुरुवार को किया जाना था तभी इसकी भनक पुलिस प्रशासन को लग गई।

सीयर पुलिस चैकी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार ने समय रहते ही आप नेताओं को पुतला दहन करने से आप नेता कालिका प्रसाद गुप्ता के आवास पर ही सभी आप नेता एवं कार्यकताओं को बिना अनुमति पुतला दहन करने से रोक दिया। साथी बिना अनुमति पुतला दहन करने को लेकर विरुद्ध सख्त कार्रवाई की हिदायत दिया। इस मौके पर आप पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कालिका प्रसाद गुप्ता, सद्दाम आलम, राशिद कमाल पाशा, समेत अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

**आयोजन**

## विजेता बालक-बालिकाओं में वितरित किया पुरस्कार

**बलिया।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। बालक वर्ग के 3000 मी. में प्रथम अनुभव यादव, द्वितीय दुर्गेश पासवान एवं तृतीय प्रिन्स यादव, लम्बी कूद में प्रथम अभिषेक कुमार, द्वितीय उमेश भारती एवं तृतीय आशीष कुमार गुप्ता, ऊंचीकूद में प्रथम आशीष कुमार गुप्ता, द्वितीय नीरज कुमार गोंड एवं तृतीय अर्पित यादव, शाटपुट में प्रथम कृष्णा सिंह, द्वितीय शौर्य सिंह एवं तृतीय सर्वेन्द्र विक्रम प्रताप सिंह, डिस्कस थ्रो में प्रथम कृष्णा सिंह, द्वितीय शौर्य सिंह एवं तृतीय दीपू पटेल, जेबलिन थ्रो प्रथम सनोज यादव, द्वितीय अमन साह एवं तृतीय शौर्य सिंह ने स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग के 3000 मी. में प्रथम सोनम, द्वितीय राजश्री पाण्डेय एवं तृतीय विजय लक्ष्मी सोनी, लम्बीकूद में प्रथम कु. श्वेता, द्वितीय काजल एवं तृतीय सिद्धी सिंह, ऊंचीकूद में प्रथम कु. श्वेता, द्वितीय सिद्धी सिंह, शाटपुट में प्रथम साक्षी राय, द्वितीय सैम्या तिवारी एवं तृतीय विजय लक्ष्मी सोनी, डिस्कस थ्रो प्रथम नीलम मौर्य, द्वितीय साक्षी राय एवं तृतीय काजल कुमारी, जेबलिन थ्रो में प्रथम नीलम मौर्य, द्वितीय कु. श्वेता एवं तृतीय सैम्या तिवारी ने स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक कुन्दन, रोहित भारद्वाज, अजय राज सिंह, अरविन्द सिंह, नीजर राय, रिन्कू खान, विशाल कुमार, जमाल अख्तर रहे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट डा. सुरेश कुमार का स्वागत अजय प्रताप साहू, उप क्रीडा अधिकारी ने बैज लगा कर किया गया। इस अवसर पर ज्योति सिंह, बृजेश सिंह, मारूति नन्दन राय, रियाज, प्रभात आदि मौजूद रहे। संचालन मो. जावेद अख्तर ने किया।

**संक्षेप**

### हजारों का सामान व नगदी उठा ले गये चोर

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के विद्या भवन नारायनपुर में चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाकर हजारों के माल सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी भवन स्वामी के घर आने बाद हुई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरी गए समान को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव की प्रमिला सिंह पत्नी स्व. वीरेंद्र सिंह अपने घर में अकेली रहती हैं। उनके पुत्र व बहु सहित परिवार के लोग बाहर रहते हैं। विगत 20 फरवरी को वह अपने किसी रिश्तेदार के यहां भिलाई, मध्य प्रदेश एक वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गयी थी। बुधवार को जब वह वापस लौटी तो घर के अंदर देखा कि सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। बाद में पता चला कि चोर घर के पीछे से छत के रास्ते अंदर प्रवेश कर टुल्लू पंप, स्टेबलाइजर, चांदी के बर्तन, कीमती कपड़े और तीस हजार रुपये नगदी चुरा ले गये हैं। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**बलिया।** दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली, सहतवार के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ लक्ष्य गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा रजौली गांव में रैली के माध्यम से साफ-सफाई तथा कूड़ा प्रबंधन के लिए ग्रामीणों में जागरूकता का संचार किया गया। इसके साथ ही मलिन बस्तियों में सफाई का कार्य भी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत मुख्य अतिथि जयप्रभा चंद्रशेखर महाविद्यालय के डॉ. चंदन सिंह ने कूड़ा प्रबंधन और जल संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर श्रीमती समीक्षा श्रीवास्तव, तेज प्रताप सिंह, पवन गुप्ता, यशवंत ठाकुर आदि मौजूद रहे। संचालन कार्यक्रम प्रभारी अवधेश त्रिपाठी ने किया। सभी का आभार संदीप गुप्ता ने व्यक्त किया।

### अवैध शराब के खिलाफ चल रहा अभियान

**बांसडीह।** आगामी होली के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। शासन की मंशा के अनुसार लगातार नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा क्षेत्र में कार्यवाही की जा रही है। कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र के राजपुर, शिवरामपुर, सुरहताल, मैरीटार में विगत 10 दिनों के भीतर अवैध शराब को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने कुल पांच अलग-अलग जगहों से करीब 7000 लीटर अवैध शराब में इस्तेमाल होने वाले लहन को नष्ट किया है। इसे संबंध में कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस ने कई जगहों से अवैध हाथ भट्ठी एवं जमीन के अंदर बने भट्ठियों को नष्ट कर दिया गया है। तलाशी अभियान जोरों पर है।

### पिता के जन्मदिन पर विद्यालय को समर्पित किया पौधा



**बलिया।** हमेशा अपने नए कार्यो से विद्यालय को नया मुकाम देने वाली प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर पर कार्यरत अंजली तोमर ने एक बार पुनः कुछ अलग करते हुए अपने पिता के जन्मदिन पर आम, अशोक, छितवन और जामुन सहित 101 पौध विद्यालय को समर्पित किया। अंजली तोमर ने बताया कि पौधे लगाने से एक तो पर्यावरण की सुरक्षा होती है, दूसरा विद्यालय का सुंदरीकरण भी होगा। पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण होता है, जो आज कल बहुत जरूरी हैं। मेरे इस सोच को धरातल पर फलीभूत करने में मेरे विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव का अहम योगदान है।

### गंगा नदी में मिले युवक के शव की हुई पहचान

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबेछपरा गांव के पास से गंगा नदी में बुधवार को उतरा रहे युवक के शव की पहचान हो चुकी हैं। गंगा नदी में जिस युवक का शव उतरा रहा था वह बक्सर जिले के सेमरी थाना क्षेत्र के दुल्हपुर गांव का रहने वाला 25 वर्षीय युवक मुनीदेव पांडे पुत्र हर्षनाथ पांडे था। मृतक के चाचा शम्भू नाथ पांडे ने शव की पहचान किया। उक्त की जानकारी देते हुए एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि युवक के जेब से मोबाइल फोन बरामद हुआ था, जिसके आधार पर युवक के परिजनों से सम्पर्क स्थापित किया गया। उक्त युवक के परिजनों ने सेमरी थाने में 26 जनवरी को युवक की गुमशुदगी दर्ज कराया था। उसके परिजनों ने बताया कि बक्सर गंगा पुल पर उक्त युवक की साइकिल व चप्पल मिला था। पुलिस ने युवक के शव की पहचान के लिए मर्चरी में रखा था। पोस्टमार्टम के बाद उसके शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# बाल वॉटिका व आपरेशन कायाकल्प पर डाला प्रकाश

**कार्यक्रम**

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव में सम्मानित हुए शिक्षक एवं आंगनबाड़ी वर्कर्स



**बैरिया।** शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए बीआरसी बैरिया के प्रांगण में गुरुवार को हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीपीओ राकेश कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी बैरिया पंकज कुमार मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्जवलित करके किया।

निपुण भारत मिशन एवं नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को फलीभूत करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति, निपुण मिशन, निपुण लक्ष्य, आपरेशन कायाकल्प सहित अनेक बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने चहक कार्यक्रम, बाल वाटिका, स्कूल रेडनेस कार्यक्रम, आपरेशन कायाकल्प आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। सुनील कुमार सिंह ने अनेक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा किया। सीडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि यदि हम तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को सही तरीके से बुनियादी शिक्षा से जोड़ दें तो हमारा शिक्षा का उद्देश्य प्राप्ति का मजबूत नींव का रास्ता प्रशस्त हो सकेगा। इस दौरान शिक्षा क्षेत्र बैरिया अंतर्गत विद्यालयों में सराहनीय कार्य करने के लिए सुनील कुमार सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेनू सिंह एवं मंजू देवी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भरत प्रसाद गुप्त, श्याम नन्दन मिश्र, रामेश्वर उपाध्याय, राकेश, प्रदीप यादव, शांति ओझा, दिनेश तिवारी, संतोष, दुर्गेश, रजनी श्रीवास्तव, ज्योति जीवन वर्मा, संजीव तिवारी, दिनेश, रंजीत, पीयूष, सतीश पांडेय, निर्भय सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन रमेश तिवारी ने किया।

# आगामी त्योहारों को लेकर डीएम ने ली शांति समिति की बैठक

**बलिया।** होली और शब-ए-बरात के दृष्टिगत जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन और शब-ए-बारात त्यौहार दोनों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। सम्भावित समस्याओं के बारे में शांति समिति के एक-एक सदस्यों से जानकारी ली। सदस्यों ने सुझाव दिया कि होलिका दहन में इस बात का ध्यान रखा जाए कि सड़क के बीचो-बीच में न जलाया जाए। इससे न केवल सड़क खराब होती है, बल्कि आने-जाने में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सभी संवेदनशील स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। अराजक तत्वों को पहले से ही चिंहित करके पाबंद करने की कार्यवाही कर ली जाए। खासकर शराबियों पर कड़ी से कड़ी नजर रखी जाए।

# चार मार्गों की सुधरेगी दशा, एक बंधा का होगा निर्माण

**बलिया।** जनपद की जर्जर सड़कों को सुधारने की कवायद तेज हो गयी है। जिले में चार मार्गों की दशा सुधारी जाएगी। इसमें एक बंधे का निर्माण भी होगा, जो टोंस नदी की बाढ़ से कई गांवों को सुरक्षित करेगा। यह बंधा कुल 11. 70 करोड़ की लागत से बनेगा। लोक निर्माण विभाग ने इन कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। टेंडर आवंटन के बाद कार्य भी शुरु होगा। इसमें लोक निर्माण विभाग की ओर से चिह्नित दो ब्लैक स्पाट पर रोड सेफ्टी का कार्य कराया जाएगा।

हर वर्ष टोंस नदी की बाढ़ आने के कारण रसड़ा क्षेत्र के कई गांवों के साथ ही सीमावर्ती गाजीपुर जनपद के भी कुछ गांव प्रभावित हो जाते हैं। अब लोक निर्माण विभाग की ओर से इन गांवों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से 117 लाख की लागत से रसड़ा-प्रधानपुर मार्ग के बखरिया चट्टी से डुमरी कोठी होते हुए बंधा निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा 115 लाख की लागत से ग्रामसभा बुढऊ से उड़िया बाबा स्थान से पश्चिम टोला होते हुए कुरेजी तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा। यह मार्ग वर्षों से जर्जर होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विभाग ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन से स्वीकृति के बाद विभाग ने इस मार्ग के निर्माण को टेंडर प्रक्रिया भी शुरु कर दी है। इसके साथ ही रसड़ा मार्ग पर हरदेव के मकान से छितौनी दूरसंचार कार्यालय होकर कमतैला गांव तक संपर्क मार्ग का निर्माण 59 लाख की लागत से कराया जाएगा। सभी के टेंडर आवंटन से छह माह में कार्य पूरा कराने की समय सीमा निर्धारित है। इस संबंध में सीपी गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण बलिया वृत्त ने बताया कि एक बंधा, दो सड़क निर्माण के साथ ही दो मार्गों पर ब्लैक स्पाट के पास रोड सेफ्टी के कार्य कराए जाएंगे।

### ब्लैक स्पॉट पर होगा रोड सेफ्टी का कार्य

**बलिया।** लोक निर्माण की ओर से अब सड़कों पर ब्लैक स्पाट को भी दुरुस्त करने की कवायद शुरु कर दी गई है। विभाग की ओर से चिह्नित दो ब्लैक स्पाट पर रोड सेफ्टी के तहत 11.75 लाख से कार्य कराया जाएगा। इसमें 7. 90 लाख की लागत से इंदरपुर ब्लैक स्पाट पर रोड सेफ्टी के तहत कार्य तथा 3.85 लाख से सिसवार ब्लैक स्पाट पर रोड सेफ्टी के तहत कार्य कराए जाएंगे। विभाग की ओर से इन कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरु कर दी है। टेंडर आवंटन के बाद तीन माह में यह कार्य पूरे कराए जाएंगे।

### नवागत डीएम का स्वागत करने पहुंचे लोग

**बलिया।** नवागत डीएम रविंद्र कुमार का दूसरा दिन भी जनता की समस्या सुनने वाला रहा। डीएम समय से अपने कार्यालय सुबह 10 बजे पहुंचे और अपराह्न 12 बजे तक जनता की फरियाद सुनते रहे। इस दौरान डीएम को बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही। यहां बुके लेकर लोग डीएम के इंतजार में खड़े रहे। जैसे ही डीएम पहुंचे, लोग उन्हें बुके देकर स्वागत करने लगे। स्वागत करने वालों में व्यापारी, समाजसेवी भी मौजूद रहे। समाजसेवी कन्हैया उपाध्याय, सुनील शर्मा, शिवकुमार गुप्ता, संतोष दुबे, मनोज ने भी डीएम को बुके देकर स्वागत किया।

**संक्षेप**

### स्वच्छता अभियान को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

**कोपागज, मऊ।** स्वच्छता अभियान को लेकर बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान सड़कों पर पान गुटखा खाकर थूकने और गंदगी फैलाने वालों चेतावनी दी गई। स्वच्छता जन जागरूकता रैली के दौरान सफाई कर्मियों ने लोगों से कहा कि नगर को स्वच्छ रखने के लिए नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह कमर कस चुका है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर भवन सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत के प्रभारी अधिशासी अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि स्वच्छता अभियान मे कोई बाधक बनता है तो उससे उससे जुमार्ना वसूला जाएगा। इसके लिए 4 मार्च से नगर पंचायत प्रशासन लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाएगा। उन्होंने खुले में शौच करने पर भी कार्रवाई करने और जुमार्ना लगाने की चेतावनी दी।

### घरों का गंदा पानी बह रहा है सड़कों पर



**कोपागंज, मऊ।** नगर क्षेत्र के गण शहीदा के पास जाने वाले सड़क पर फैल रहे घरों के गंदे पानी लोगों के लिए मुसीबत बन गया है गंदे पानी के जमाव से सड़क में हमेशा पानी का जमाव तो लगा ही रहता है वाहनों के दुर्घटना होने के भी आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि सड़क में गड्ढे बनने से कई छोटे वाहन फिसल कर लोग घायल हो चुके हैं। आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन से बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन उदासीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी के जमाव से स्थानीय लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं और शिकायत करने के बावजूद पंचायत प्रशासन आंखें मूंदे हुए हैं। उन्होंने गंदे पानी की निकासी की समस्या से निजात दिलाए जाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल सार्वजनिक नाली बनाए जाने की मांग की।

# अराजक तत्वों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**बैठक**

## जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**मऊ।** गुरूवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों होली एवं शबे बरात के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने होली एवं शबे बरात के दृष्टिगत आने वाले कुछ समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया, जिनमें प्रमुख रूप से अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा एवं एंबुलेंस सेवा की अनवरत तैनाती, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, होलिका दहन स्थलों पर विशेष नजर रखने, मस्जिदों की सुरक्षा, कब्रिस्तानो की साफ-सफाई, पानी एवं बिजली की पर्याप्त उपलब्धता, जुलूस वाले मार्गों पर नीचे लटके तारों की समस्या आदि प्रमुख हैं।

शांति समिति के सदस्यों को आगामी त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने जिला एवं तहसील प्रशासन से त्योहारों के दृष्टिगत सारी तैयारियां 2 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में आप लोगों के सहयोग से सारे त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन लगातार तत्पर है। सभी धर्मों के त्यौहार खास होते हैं। त्यौहार के दौरान घटने वाली संवेदनशील घटनाओं को तत्काल प्रशासन को अवगत कराते हुए सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाये। जनपद अब तेजी से पूरे प्रदेश में विकास कार्यों के लिए अपनी पहचान बना रहा है। हाल ही में विकास कार्यों के संबंध में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ऐसा जनपद स्तरीय अधिकारियों के मेहनत के साथ ही आम जनता के सहयोग से ही संभव हो पाया है। जिलाधिकारी ने त्योहारों के दृष्टिगत विद्युत, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए त्योहारों के पूर्व ही सारी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने त्योहारों के दौरान अराजक तत्वो से कड़ाई से निपटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने शहर के माहौल को बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने समस्त उप जिला अधिकारियों को जुलूस वाले मार्गों की ठीक ढंग से जांच पड़ताल करने, होलिका दहन स्थलों का स्वयं निरीक्षण करने एवं कब्रिस्तान के आसपास की साफ सफाई करने के विशेष निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने उपस्थित सदस्यों से किसी भी प्रकार की लड़ाई से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि जहां भी किसी प्रकार की समस्या या शिकायत संज्ञान में आए, आप तत्काल 100 नंबर को डायल कर पुलिस का सहयोग लें। भूलकर भी कानून अपने हाथ में ना लें।

शहर में अगर शांति व्यवस्था भंग होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्रों में पटाखों की दुकानों की जांच करने के साथ ही अभद्र गाने बजाने वाले डीजे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को भी कहा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित शांति समिति के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# डॉ. मधुर नज्मी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मऊ।** जनपद के प्रतिष्ठित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वरिष्ठ साहित्य सेवी एवं लब्ध प्रतिष्ठित गजलकार डॉ मधुर नज्मी की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें उनके साहित्यिक अवदान विशेष रुप से गजल विधा में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शर्वेश पांडेय ने उनके गजलों पर चर्चा करते हुए कहा कि मुझे नहीं मालूम कि मधुर नज्मी ने उर्दू पढ़ा था लेकिन इतना स्पष्ट है कि उन्होंने उर्दू को जिया था जो उनके उच्चारण और गजलों को देख कर के सहज ही समझा जा सकता है। डॉ नज्मी आज के समय की विडंबनाओं को बहुत ही खूबसूरती से अपनी गजलों में व्यक्त करते थे। उनके निधन से जनपद की अपूरणीय साहित्यिक क्षति हुई है। इसी क्रम में जिज्ञासा संस्था के अध्यक्ष डॉ रामनिवास राय ने कहा कि डॉ मधुर नज्मी एक अच्छे गजलकार के साथ ही एक बेहतर इंसान थे। उनकी कमी हमेशा ही महसूस होती रहेगी। वरिष्ठ कवि डॉ कमलेश राय ने उनसे जुड़े कई संस्मरणों के माध्यम से उनकी रचनात्मकता और सृजन साधना का उल्लेख करते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर का गजल कार बताया। डॉ जियाउल्लाह ने कहा की मधुर नज्मी स्वभाव से ही सेकुलर थे और समय की नब्ज पकड़ कर गजलें कहते थे। उनकी गजलों में आदमी की हिफाजत की चिंता है। हरेराम सिंह ने कहा कि मधुर नज्मी बहुत ही सरल और संजीदा किस्म के आदमी थे और हमेशा ही साहित्यिक गतिविधियों में निरत रहते थे।

मोहम्मदाबाद गोहना से आए रमेश राय ने कहा कि नज्मी साहब मोहम्मदाबाद गोहना की साहित्यिक संगोष्ठियों की रीढ़ थे। उनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है जिसे भरा नहीं जा सकता।

डॉ सीपी राय ने कहा कि कहा कि मधुर नजमी उच्च कोटि के गजलकार तो थे ही उनकी प्रस्तुति भी उच्च कोटि की उच्च कोटि की होती थी उनका अभाव हमेशा ही बना रहेगा। इसी क्रम में विशाल पांडेय और सुरेंद्र राय एडवोकेट आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए अंत में दो मिनट का मौन रखकर डॉ मधुर नजमी को श्रद्धा सुमन समर्पित किया गया। संचालन डॉ0 कमलेश राय ने किया।

# 245 जोड़ों ने अपने जीवन साथी के साथ रहने की खाई कसमें

**नेक कार्य**

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह शांतिपूर्ण हुआ संपन्न





**मऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नगर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। वैवाहिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी साथ में जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने वर-वधू को आवश्यक वस्तुएं देकर उनके वैवाहिक जीवन के उज्जवल भविष्य के साथ-साथ वर वधु को सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद दिए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत समाज के असहाय परिवारों के बच्चियों का इस योजना के माध्यम से सामूहिक विवाह करा जाता है।

इस योजना में प्रत्येक जोड़े को 10 हजार का सामग्री उपहार स्वरूप तथा 35 हजार नगद लड़की के खाते में एवं 06 हजार रुपये प्रत्येक जोड़ों के व्यवस्था आदि में खर्च किए जाते हैं। इस तरह से कुल 51 हजार रुपये प्रत्येक जोड़े पर सरकार द्वारा दिया जाता है। आज जनपद में कुल 245 जोड़ों की शादी कराई गई। जिसमें विकास खंड परदहा से 23, कोपागंज से 23, घोसी से 20, बडरॉव से 43, दोहरीघाट से 16, फतेहपुर मंडाव से 16, रतनपुरा से 24, रानीपुर से 36, मोहम्मदाबाद गोहना से 40 एवं नगर पालिका परिषद से 04 जोड़ें वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी जोड़ों ने वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने जीवन साथी के साथ रहने की कसमें खाई।

उपस्थित वर-वधू को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का प्रमाण पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार द्वारा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुधीर सागर, देवानंद देव महुआ टीवी चैनल, धर्मेंद्र तिवारी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, एवं मंच का संचालन अरविंद कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह, लेखाकार समाज कल्याण अरुण कुमार, एडीओ कोआपरेटिव मुन्नी लाल चैहान, वरिष्ठ लिपिक राजेश कुमार, एडीओ समाज कल्याण जगदीश यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं वर वधु के अभिभावक उपस्थित रहे।

# रंगोली व मॉडल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मऊ।** गुरूवार को नगर के सहादतपुरा स्थित प्रकाश नर्सिंग स्कूल के सभागार में नर्सिंग में प्रशिक्षणत छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन डायरेक्टर डॉ मनीष कुमार राय ने किया।

रंगोली में प्रथम स्थान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से जुड़ी हुई जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्राएं ज्योति, प्रीति, अंजलि, श्वेता, अजिमा को मिला एवं द्वितीय स्थान महिला सशक्तिकरण पर बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्राएं मनीषा, रानी, आराधना को मिला तथा तृतीय स्थान ग्लोबल वार्मिंग बनाने वाली जीएनएम द्वितीय एवं ओटी द्वितीय वर्ष की छात्राएं ज्योति, शालिनी, प्रगति, संध्या, प्रियंका को मिला। इसी क्रम में मॉडल प्रतियोगिता में डिजास्टर मैनेजमेंट बनाने वाली छात्रा की टीम बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राएं पूजा, अर्चना को मिला एवं द्वितीय स्थान पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की टीम जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राएं प्रियंका, नीतू एवं तृतीय स्थान स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की टीम बीएससी प्रथम एवं तृतीय वर्ष के छात्र छात्राएं मुकेश पंकज ब्यूटी आदी को मिला।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डायरेक्टर डॉ मनीष कुमार राय ने कहा कि आज आप सभी ने जो मॉडल व रंगोली बनाया है उस के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है और यह हम सबका सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रवि कुमार, सुमन, रेनू, राधेश्याम, भुवनेश्वर, शुभम, आशीष, इंद्रजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड– वाराणसी।
पता– विकास भवन, पंचम तल, वाराणसी।
निविदा की प्रेस सूचना
[illegible]

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वाराणसी | [illegible] | 6.44 | 0.322 | 225+18% GST+500 | 3 माह |
| 2 | वाराणसी | [illegible] | 1.12 | 0.056 | 75+18% GST+500 | 3 माह |
| 3 | वाराणसी | [illegible] | 3.07 | 0.153 | 150+18% GST+500 | 3 माह |
| 4 | वाराणसी | [illegible] | 1.53 | 0.077 | 75+18% GST+500 | 3 माह |
| 5 | वाराणसी | [illegible] | 7.33 | 0.367 | 225+18% GST+500 | 3 माह |

[illegible]

प.सं.-186743 दिनांक-28.02.2023
वेबसाइट-www.upgov.nic.in

# शिक्षामित्र की लाठी डंडों से पीटकर हत्या

**दबंगई**

**तीन वर्ष से चल रहा था आपस में जमीनी विवाद**

**जनसंदेश न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की जमीनी विवाद में लाठी डंडों से पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। करणपुरा निवासी सुनीता देवी (35) पत्नी पप्पू उर्फ अरविंद राम की काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। मृतका शिक्षामित्र के पद पर प्राथमिक विद्यालय पड़ईनिया में तैनात थी। ग्राम प्रधान पति सुरेंद्र ने बताया कि सुनीता देवी का गांव के ही हरेंद्र राम, जनार्दन राम आदि लोगों से विगत लगभग तीन वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था। इस मामले को लेकर मुकदमा भी हुआ था। दोनो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर आपस में हमेशा नोकझोंक होता था।


तिवारीपुर ट्रामा सेंटर के बाहर खड़ी पुलिस।

गुरूवार की सुबह जब सुनीता पढ़ाने चली गई। तो बच्चों के साथ विपक्ष ने झगड़ा करना आरंभ कर दिया। यह देखकर बच्चों ने अपनी मां को जानकारी दी। जैसे ही जानकारी मिली सुनीता अपने घर झगड़े को सुलझाने के लिए वापस आ रही थी।

इस दौरान अचानक विपक्ष की नजर उस पर पड़ी तो सभी उस की ओर बढ़ गए। दबंगों ने महिला सुनीता को लाठी डंडे से पीटने लगे। जिससे वह गिरकर बेहोश हो गई। शोर मचाने पर किसी प्रकार उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पूरे फोर्स के साथ कोतवाल पहुंचे। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी है। विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

# घर से स्कूल गए दो बच्चे लापता

## रिश्तेदारी से लेकर पास पड़ोस में खोज रहे परिजन, पुलिस कर रही तलाश

**जनसंदेश न्यूज**

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन बाजार से मंगलवार को दो बच्चे लापता हो गए। परिजनों ने बुधवार को बच्चों के गायब होने की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस बच्चों की तलाश जारी कर दिया है।

स्टेशन बाजार वार्ड नं 5 निवासी मुस्तकीम ने बताया कि हमारा बच्चा दिलशाद (13) मंगलवार को प्राथमिक पाठशाला बरुईन बाजार में पढ़ने गया और शाम तक घर वापस नही आया।

हमारे मुहल्ले में पड़ोस का रहने वाला असलम साह (14) पुत्र पप्पू साह दोनों साथ ही कक्षा 8 में पढ़ते थे और साथ ही स्कूल जाते थे। मंगलवार की शाम को जब दोनों घर नही आये तो काफी खोजबीन किया व रिश्तेदारों के यहां भी पता कराया। परन्तु दोनों बच्चों का कहीं पता नहीं चला। विद्यालय में भी जाकर पता किया परन्तु पता नही चला। तब किसी अनहोनी के डर से बुधवार को पुलिस को लिखित तहरीर दिया गया।

पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए परिवार के लोगो से मिलकर पूरे घटना की जानकारी ली और विद्यालय पहुंच कर पूछताछ किया। प्रभारी प्रधानाचार्य सचिदानन्द ने बताया कि बच्चे तो विद्यालय पढ़ने ही नहीं आये थे। पुलिस ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से भी पुछताछ किया। तब किसी ने बताया कि हरिजन बस्ती में तीन चार बजे के करीब मंगलवार को दोनों दिखे थे। पुलिस ने वहां भी पूछताछ किया परन्तु कुछ सफलता हासिल नहीं हुई।

# सड़क हादसे में युवक की गई जान


माधोपुर गांव में युवक के मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**जनसंदेश न्यूज**

**सुहवल।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ढढनी नगसर मार्ग पर माधोपुर गाँव के समीप बीते बुधवार की देर रात्रि को बाइक से अपनी ससुराल जा रहा जितेन्द्र राम (33) निवासी देवा बैरनपुर कोतवाली जमानियां की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया है,जबकि मृतक के पास मिले आधार के जरिए इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी ,घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वागीश बिक्रम सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया गया है।

# हेड कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत

**कोहराम**

**बारा गांव के देवेन्द्र सोनभद्र में हेड कांस्टेबल पद पर थे तैनात**

**जनसंदेश न्यूज**

**बारा।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव निवासी सोनभद्र में तैनात हेड कांस्टेबल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा सोनभद्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर बुधवार को ट्रक की टक्कर से हुआ। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

गहमर कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव निवासी नथुनी राम के पुत्र देवेंद्र कुमार (38) सोनभद्र के बभनी थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। बुधवार की शाम को राबर्ट्सगंज से वह बाइक से बभनी जा रहे थे। बग्घानाला के पास पहुंचे थे तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। देवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2011 में कांस्टेबल के पद पर हुई थी। घटना की सूचना पर पुलिस के आला


देवेंद्र कुमार (फाइल फोटो)

अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। बभनी थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने जानकारी मृतक देवेंद्र के परिजनों को दी तो कोहराम मच गया। मृतक देवेंद्र कुमार के पिता नथुनी राम और मां पवित्रा देवी के अलावा दो छोटे भाई हैं। पत्नी प्रियंका पांच वर्षीय पुत्र देवांश व दो वर्षीय पुत्री प्रियांशी के साथ जनवरी 2022 से ही अपने मायके रहती है। देवेंद्र की मौत की खबर मिलते ही पिता, भाई व गांव के अन्य लोग सोनभद्र गए हैं।


हेड कांस्टेबल के मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**सैदपुर।** क्षेत्र के तरांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को रौंद दिया। जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। देवचंदपुर के निंदोपुर मड़ई गांव निवासी संजीत यादव 22 पुत्र लल्लन अपने मित्र मुलायम यादव के साथ वापिस घर जा रहा था। अभी वो गांव से कुछ दूर था, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। जिसमें संजीत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मुलायम बाल-बाल बच गया। दोनों को फौरन सीएचसी लाया गया, जहां संजीत को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक 2 भाईयों व 4 बहनों में सबसे बड़ा था और अभी पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रधान उप चुनाव का डीएम ने किया निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपद में रिक्त प्रधान पद के हो रहे उप चुनाव का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास खण्ड के रेवतीपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र नौली, प्राथमिक विद्यालय नौली प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय नौली द्वितीय एवं विकास खण्ड जमानियाँ में कम्पोजिट विद्यालय अभईपुर जमानिया में हो रहे प्रधान पद के उप चुनाव का जायजा लिया। उन्होंने मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढ़ग से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, उपजिलाधिकारी सेवराई, उपजिलाधिकारी जमानियाँ, क्षेत्राधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।


प्रधान पद उप चुनाव का जायजा लेती डीएम आर्यका अखौरी।

गड़ासा-कुल्हाड़ी से युवक पर जानलेवा हमला,मुकदमा गहमर। रायसेनपुर सायर गांव में रंजिश को लेकर बुधवार की देर रात को एक व्यक्ति पर गड़ासा, कुल्हाड़ी से वारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल ने गांव के ही पिता व पुत्र पर नामजद हत्या करने की नियत से हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर घायल को मेडिकल के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भेजकर आरोपियों की तालाश में जुट गई। विकास सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी गांव रायसेनपुर (सायर) ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की देर रात गहमर से चंदन सिंह के साथ उनके कार में बैठ कर अपने गांव रायसेनपुर सायर जा रहा था। चंदन सिंह गांव के पास रास्ते में गाड़ी को रोककर करिया सिंह पुत्र प्रेमनारायण सिंह के घर कुछ काम से चले गए और मैं गाड़ी में बैठा हुआ था, तभी अचानक नगेन्द्र सिंह उर्फ नागु व उनका पुत्र सुजीत सिंह निवासी गांव रायसेनपुर टण्डवा उर्फ तिलहठा मेरे उपर गड़ासा कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वारकर के बुरी तरह से जख्मी कर दिये, उनके द्वारा गड़ासा से किये गये हमले में मेरे दाहिने हाथ गंभीर रुप से जख्मी हो गया व मेरे दाहिने आँख पे कट्टा के मुठीये से भी प्रहार किया गया जिससे मेरे आँखो मे भी बहुत गहरी चोटे आई है। मैं किसी तरह इस हमले से खुद को बचाते हुए खेतों के रास्ते भागा कर अपनी जान बचाया। उसके बाद गाड़ी के उपर ईट पत्थर गड़ासा से हमला कर के गाड़ी को भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। जब मेरे साथी चन्दन सिंह को घटना की जानकारी हुआ घटना स्थल पर पहुंच कर डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। जब तक मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची। हमलावर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर हमलावरों की तालाश किया जा रहा है।

## समय पर कार्य पूरा होने पर संसय

**सुहवल।** मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त का ताडीघाट मऊ रेल परियोजना के निरीक्षण एवं ट्रायल में चार हफ्ते से भी कम समय शेष बचा है। मगर अभी तक महकमें के द्वारा सोनवल से दिलदारनगर तक करीब सोलह किमी लंबे पुरानी पटरियों व ट्रैक की जगह नये लगाने का कार्य जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते शुरू नहीं हो सका है।ऐसे में इस नये रेल रूट के जल्द चालू होने पर संशय के बादल मडरा रहे हैं। इस संबंध में पीडब्लूआई दिलीप कुमार ने बताया कि पीक्यूआरएस का यह कार्य जल्द शुरू करा दिया जायेगा।

# प्रयागराज हत्याकांड पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**जनसंदेश न्यूज**

**प्रदर्शन**

**सेवराई तहसील के वकीलों ने कार्य का किया बहिष्कार**

**सेवराई।** प्रयागराज में बीते दिनों उमेश पाल की हत्या के विरोध में बार एसो. सेवराई के अधिवक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए गुरुवार को न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। बार एशोसिएशन सेवराई के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को एक बैठक आयोजित प्रयागराज में बीते दिनों अधिवक्ता कृष्ण कुमार उर्फ उमेश पाल की हत्या पर शोकसभा आयोजित कर हत्या की निंदा करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा मुहैया कराने की मांग किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आये दिन कहीं न कहीं अधिवक्ताओं में जानलेवा हमला किया जाना अपराधियों के लिए आम बात हो गया है । जिसका जीता-जागता उदाहरण अभी हाल ही में प्रयाग राज में देखने को मिला जहां अधिवक्ता उमेश पाल की आराधियों ने निर्मम हत्या कर दिया । अधिवक्ताओं द्वारा सरकार से हत्यारों के गिरफ्तारी की मांग करते हुए अधिवक्ताओं को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग किया गया। इस मौके पर रमेश यादव एडवोकेट,ज्ञान सागर श्रीवास्तव, अजय राय,जितेन्द्र, सुमन्त कुशवाहा, जयप्रकाश तिवारी, शाहजहां, रामसेवक, पारस सिंह, एजाज,राधेकिशुन कुशवाहा, मनोज पांडेय, गोरखनाथ सिंह, ओमप्रकाश, वीरेंद्र राम, उदय नरायन सिंह, अय्याज , मोहन चौधरी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।


सेवराई तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

# योगी राज में दलित-वनवासियों पर पुलिसिया उत्पीड़न आम बात : रामप्यारे राम

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय किसान महासभा, भाकपा (माले) के कार्यकारिणी ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर कामरेड सरजू पांडेय पार्क में धरना प्रदर्शन किया भाकपा ( माले) जिला सचिव रामप्यारे राम ने कहा, कि योगी राज ने गरीबों दलितों और वनवासियों पर फर्जी मुकदमा और उनका पुलिसिया उत्पीड़न आम बात हो गई है। नंदलाल मुसहर, मदनचंद मुसहर के हत्यारे और साजिशकर्ता आज भी पुलिस की मिली भगत से घूम रहे हैं ?। कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर योगी सरकार की पुलिस नंदलाल मुसहर की हत्या के साजिशकर्ता और मदनचंद मुसहर के हत्यारों बचाने में लगी है जिनकी जगह जेल में होनी चाहिए वे कानून व्यवस्था की ध्वनियां उड़ा रहे हैं। मैनपुर गांव निवासी सदानंद पटेल अपनी भूमिधरी में सरसों बोये थे जब अपनी सरसों की फसल कांटे तो पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। थाने में महिला संगठन की नेता मंजू गोंड से बदसलूकी कर थाना प्रभारी ने थाने भगा दिया। उन्होंने कहा कि सदर तहसील के लीलापुर गांव में उपजिलाधिकारी न्यायालय से आदेश के बावजूद करन्डा पुलिस आदेश को लागू नहीं करा रही है। उन्होंने गैस सिलेंडर के मूल्यवृद्धि की कड़े शब्दों निन्दा करते हुए मूल्यवृद्धि पर रोक लगाने महंगाई पर लगाम लगाने की मांग उठाई। किसान बिरोली मोदी सरकार की कारपोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ 20 मार्च को दिल्ली मार्च में सैकड़ों की तादाद में पहुंचने का आह्वान किया। अंत में डीएम, पुलिस अधीक्षक को संबोधित 11 सुत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार सदर को सौंपा। धरना प्रदर्शन को राजेश वनवासी,रामप्रवेश कुशवाहा, सत्येन्द्र कुमार प्रजापति, मंजू गोंड, मोती प्रधान, प्रमोद कुशवाहा, आजाद यादव, योगेन्द्र भारती, सदानंद पटेल,सदानंद मौर्य, राम अशीष बिंद ने संबोधित किया। अध्यक्षता रविन्द्र राम संचालन - योगेन्द्र भारती ने किया।


धरना देते किसान महासभा एवं भाकपा कार्यकर्ता।

# महंगाई की आंच पर पकेंगे पकवान

## रसोई गैस का दाम बढ़ने से महिलाएं परेशान

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** होली के एक सप्ताह पूर्व घरेलू रसोई गैस सिलिंडर का दाम 50 रुपये बढ़ गया। इस होली में महंगाई की आंच पर पकवान पकेगा। 14.2 किलोग्राम वाले गैर सब्सिडी रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। वहीं, कामर्शियल सिलिंडर के दाम भी बढ़े हैं। इससे महिलाओं में निराशा है। गृहणियों का कहना है कि सरकार को यह फैसला वापस लेना चाहिए। इससे आमजन पर भारी बोझ पड़ेगा।

पहले से ही महंगाई की तपिश में झुलस रहे लोगों में होली की तैयारी के बीच रसोई गैस की कीमत में हुई बढ़ोतरी पर लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। महिलाओं को यह बढ़ोतरी नागवार लगी है। एक साथ 50 रुपये की बढ़ी कीमत ने हर किसी को प्रभावित किया है। सभी वर्ग ने इस फैसले पर नाराजगी जताई है। कमर्शियल सिलिंडर की कीमत दो महीने पहले ही बढ़ी थी, अब फिर से इसकी कीमत बढ़ा दी गई है।


राधा पांडेय।

**महिलाओं को नागवार लगा**

**राधा पांडेय** का कहना है कि खाद्य सामग्री पर तो पहले की महंगाई की मार भी अब सिलिंडर के दामों को 50 रुपये बढ़ा दिया गया है। दामों को नियंत्रित करने की जगह लगातार बढ़ोतरी को जा रही है।


शालिनी सिंह।

**शालिनी सिंह** का कहना है कि घरेलू गैस के दाम में वृद्धि होने से रसोई का बजट बिगड़ जाएगा। बजट को संतुलित अन्य खर्चो में कटौती करनी पड़ रही है। फल और सब्जियों पर खर्च कम करना पड़ेगा।


रिंकू सिंह।

**रिंकू सिंह** का कहना है कि महंगाई ने तो आम आदमी को पशोपेश में दिया है। सिलिंडर पर कई बादाम बढ़ाए जा चुके है। जिसका सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। दामों को नियंत्रित करना आवश्यक है।


पूनम देवी।

**पूनम देवी** का कहना है कि परेलू गैस की बढ़ती कीमतों को सरकार को काबू करना चाहिए। कर दी गई है। ऊपर से आए दिन गैस का दाम बढ़ा दिया जा रहा है, इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

### ग्रामीण अंचल में भी बिगड़ा रसोई का बजट

**मुहम्मदाबाद।** घरेलू गैस सिलिंडर के दामों में एक साथ 50 रुपये बढ़ने से लोगों का रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। ग्रामीण इलाकों में भी आम आदमी के बजट पर असर पड़ा है। रसोई गैस सिलिंडर के दाम बढ़ने से महिलाओं में रोष है। दाम बढ़ने का सीधा असर रसोई के बजट पर पड़ा है। क्षेत्र में अब 14.2 किलोग्राम का रसोई गैस सिलिंडर 1125 रुपये से कर 1175 रुपये हो गए है। महिलाओं के अनुसार बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ा है।

## संक्षेप

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एसडीएम ने दिलाई शपथ



**कासिमाबाद।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को तहसील परिसर में आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव मिथिलेश तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयशंकर तिवारी,उपाध्यक्ष शशिकांत कुशवाहा, सहसचिव राजेश कुमार गौतम,कोषाध्यक्ष कमलेश यादव,,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित प्रकाश सिंह, एवं नागेंद्र सिंह आदि ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव ने कहा कि कोई भी फरियादी बेझिझक अपनी समस्याओं को मुझसे कभी भी रख सकता है। जब से इस तहसील में पदभार संभाला है। 24 घंटे में कभी भी कोई फरियादी मेरे सामने आया उसकी समस्याओं को त्वरित सुनकर हल करने का प्रयास किया। लापरवाही पाए जाने पर कर्मचारियों को स्पष्टीकरण भी भेंजा गया। कुछ माह पूर्व अधिवक्ता और कर्मचारियों के बीच सामंजस्य का आभाव दिखा। बार और बेंच ने बैठकर समस्या का निस्तारण किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ताओं की अभिमान और लड़ाई में हमेशा पहले पत्ती में खड़ा रहूंगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार जयप्रकाश सिंह,पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह,काशीनाथ यादव, कन्हैया यादव,मनोज कुमार,नवीन चंद्र बर्मा,संतोष कुमार,संजय तिवारी,रवि प्रकाश तिवारी, नीलगगन,योगेंद्र यादव नागेंद्र गौतम सहित सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### छुट्टा पशु के विवाद में अधेड़ की पिटाई



**बिरनो।** छुट्टा पशु के खेत में जाने पर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा की जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस विवाद में एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा कायम कर छानबीन में जुट गई। अराजी ओड़ासन गांव निवासी शोभा गोड़ पुत्र सुदन गोड़ प्रतिदिन की भांति अपने खेत का देखभाल करने के लिए गए हुए थे। इस दौरान वह छुट्टा पशु को हांकते हुए अपने खेत से बाहर करने लगे। जिसके बाद पशु बगल के खेत में चला गया। इस पर खुन्नस खाये पड़ोसी खेत मालिक जितेंद्र यादव पुत्र सहादुर यादव, सहादुर यादव पुत्र स्व नेउरी यादव व बहादुर यादव पुत्र स्व नेउरी यादव मौके पर पहुंचे और छुट्टा पशु को लेकर वाद विवाद करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान शोभा गोड़ का सिर फट गया। जिसकी सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष कृपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामला मेरे संज्ञान में है। आगे की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार वाहन आमने-सामने भिड़े, एक घायल



**बिरनो।** थाना क्षेत्र के मीरपुर नहर के पास गुरुवार की भोर में आमने-सामने दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें गंभीर रूप से एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार टिंकू गुप्ता ट्रक पर फॉर्च्यून तेल गोरखपुर से लाकर गाजीपुर की तरफ जा रहा था। तभी सुबह भोर में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें ड्राइवर टिंकू गुप्ता कप्तानगंज जनपद कुशीनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से 108 नंबर एंबुलेंस की सहायता से घायल ड्राइवर टिंकू गुप्ता को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया। वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष केपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर लगे हुए जाम को हटाया। जिससे आवागमन संचालित हो सका।

### प्रधान प्रतिनिधि तमंचा-कारतूस के साथ धराया



**जखनिया।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा रविंद्र कुमार वर्मा व प्रभारी निरीक्षक भुड़कुड़ा तारावती यादव के निर्देशन में उपनिरीक्षक गोविंद मौर्य हमराहियों के साथ बुधवार की रात में पैदल गस्त कर रहे थे। उसी दौरान संदिग्ध वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी के समय रात करीब 8:45 बजे पानिक्सा मोड़ के पास सोफीपुर गांव के प्रधान प्रतिनिधि आदर्श कुमार उर्फ दीपू पुत्र यशवंत कुमार संदिग्ध प्रतीत होने पर तलाशी ली गई। जिस पर आदर्श के पास अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस प्राप्त हुआ।

### वाहन के धक्के से भाई-बहन सहित तीन घायल

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के रावल में स्कूल जाते समय जानवर से बचने के चक्कर में 3 भाई-बहन गिरकर घायल हो गए। उन्हें फौरन लेकर परिजन सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए। जहां डॉ. अभय गुप्ता ने उनका उपचार किया। रावल गांव निवासी अजय यादव का पुत्र अभिनव यादव 16 अपनी छोटी बहन प्रिया यादव 15 व काजल यादव 15 को स्कूल छोड़ने जा रहा था। तभी अचानक सामने जानवर आ गया। जिससे बचने में पीछे आ रही वाहन से टकरा गए। जिसमें तीनों घायल हो गए। सभी को उनके पिता लेकर सीएचसी आए।

### प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा का कब्जा

**गाजीपुर।** शहर के प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा का कब्जा बना हुआ है। मिश्रबाजार, विशेश्वरगंज, महुआबाग तिराहे पर ई-रिक्शा चालकों का आलम यह है कि बेतरतीब तरीके से खड़े होकर सड़क को जाम कर देते हैं। यही हाल लंका तिराहे का है। यहां भी कोई ट्रैफिक व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी होती है। शहर का एक और प्रमुख तिराहे कचहरी, सिटी रेलवे स्टेशन भी इससे अछूता नहीं है।

### सरकार ने होली पर्व पर महंगाई का फोड़ा बमःसुनील



**गाजीपुर।** कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने सरकार द्वारा रसोई गैस की कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ मोर्चा खोला, सड़क पर जुलूस के रूप में प्रदर्शन करते हुए लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि मजिस्ट्रेट को होली के ऐन पहले महंगाई एवं अप्रत्याशित रूप से रसोई गैस के दाम में वृद्धि के खिलाफ राष्ट्रपति को पत्रक भेजा। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मोदी सरकार ने आम लोगों के ऊपर त्योहारों से ठीक पहले जो महंगाई बम फोड़ा है वो बहुत ही चिंतनीय है। मोदी सरकार द्वारा इस बढ़े गैस के दाम को तत्काल प्रभाव से वापस लेना होगा अन्यथा, कोंग्रेस इस मुद्दे को सड़क के साथ सदन में भी उठाएगी। सुनील राम ने समर्थकों संग मोदी सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए कहा कि गैस का दाम वापस लो और महंगाई पर रोक लगाओ। पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे ने केंद्र और प्रदेश की मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि जब से भाजपा की सरकार केंद्र और प्रदेश में आई है महंगाई लगातार बढ़ रही है और इस पर कोई लगाम नहीं लग पा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में रविकांत राय, डॉ. मार्कंडेय सिंह, प्रवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिंह "मुन्ना", सुमन चौबे, महबूब निशा, आशुतोष गुप्ता एवं संदीप विश्वकर्मा, हामिद अली, मनीष राय, शबीहूल हसन,रईस अहमद, आदिल अख्तर, रतन तिवारी, विजय शंकर पांडे, आलोक यादव, राकेश राय, रूद्रेश निगम, माधव कृष्ण, अच्छेलाल भारती, मोहम्मद राशिद, शशांक उपाध्याय ,विजय शंकर पांडे, सुशील कुमार सिंह, शशि भूषण, शंभू सिंह, सुदामा, छोटू राम, रामा शंकर उपाध्याय, दिलीप देवेंद्र कुमार सिंह ,अब्दुल हमीद अहमद, अंकुर आदि के साथ आम लोग भी उपस्थित रहे।

### तय कीमत से अधिक वसूल रहे गैस सिलेंडर के दाम

**गाजीपुर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत से ज्यादा वसूली जा रही है। इससे रसोई गैस उपभोक्ताओं में रोष है। गैस सप्लाई करने वाली गैस एजेंसियों की मनमानी से उपभोक्ताओं को चूना लग रहा है। शहर क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों की सप्लाई के लिए चार से अधिक गैस एजेंसी की गाड़ियां भेजी जाती है। जहां उपभोक्ताओं को प्रत्येक सिलेंडर की तय कीमत 1175 रुपये का प्रति सिलेंडर का बिल काट कर दिया जाता है। लेकिन उपभोक्ताओं से 1225 रुपये तक वसूले जाते हैं। यानी प्रति सिलेंडर पच्चास रुपये अधिक की राशि ली गई। जब किसी उपभोक्ता ने एतराज जताया तो गैस सिलेंडर देने में हाकर आनाकानी करते हुए गोदाम से सिलेंडर लेने का फरमान सुना देते है।

## जनसंपादकीय

# भ्रष्टाचार के भंवर में आप की नैया

**आशीष वशिष्ठ**



दिल्ली के आबकारी घोटाले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। सिसोदिया की गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी के भीतर बैचेनी का माहौल है। भले ही आम आदमी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ता इसे राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित कार्रवाई बता रहे हों, लेकिन प्रश्न यह है कि कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ एक उम्मीद बनकर उभरी पार्टी के मंत्री व नेता गाहे-बगाहे भ्रष्टाचार के आरोपों में क्यों घिरते नजर आ रहे हैं। पंजाब की आप सरकार के सामने भी ऐसे कई मामले उजागर हुए हैं। दिल्ली के राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रख रहे राजनीतिक पंडितों का मानना है कि सीबीआई ने सिसौदिया के विरुद्ध काफी अहम दस्तावेज जुटाए हैं और ये भी कि अभी उन पर प्रवर्त्तन निदेशालय यानी ईडी द्वारा भी शिकंजा कसा जाएगा।

सिसौदिया की गिरफ्तारी से यह बात साफ हो गई है कि आप का यह संकट जल्दी ही खत्म होने जा रहा है। दिल्ली सरकार की आबकारी नीति मंत्री-समूह ने बनाई थी। मुख्यमंत्री केजरीवाल को उसकी जानकारी नहीं होगी या कोई भी हस्तक्षेप नहीं होगा, हम ऐसा मान ही नहीं सकते। बहरहाल जांच से सब कुछ साफ हो जाना चाहिए। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह है कि क्या सिसौदिया की गिरफ्तारी की आंच में अरविंद केजरीवाल भी झुलस जाएंगे?

मनीष सिसौदिया को जमानत मिलेगी या वे लम्बे समय तक सीबीआई की गिरफ्त में रहेंगे ये सवाल फिलहाल अनिश्चितता के घेरे में है। गत दिवस जैसे ही सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत देने से इंकार करते हुए उच्च न्यायालय जाने की सलाह दी है। उसके बाद ही देर शाम उपमुख्यमंत्री के साथ ही बीते 9 महीनों से जेल में बंद मंत्री सत्येन्द्र जैन का इस्तीफा स्वीकार किये जाने की खबर आ गई। हालांकि, कोर्ट से राहत न मिलने के बाद सिसोदिया और मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार सत्येंद्र जैन के त्यागपत्रों के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। जिस मजबूती से आम आदमी पार्टी का नेतृत्व व कार्यकर्ता मनीष सिसोदिया के समर्थन में खड़े हुए हैं, उसका मकसद इस मुद्दे के भरपूर राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि चंडीगढ़, हरियाणा व पंजाब आदि में भी आप के समर्थकों ने सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ आंदोलन किये हैं। कहीं न कहीं आप सिसोदिया को राजनीतिक दुराग्रह से पीड़ित दिखाने का प्रयास कर रही है। आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ अरविंद केजरीवाल की बैठक के बाद बताया गया है कि 5 मार्च से नुक्कड़ सभाओं के जरिये दिल्ली के लोगों को मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे की इनसाइड स्टोरी बतायी जाएगी - और उसके साथ ही डोर-टू-डोर कैंपेन भी जारी रहेगा।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध अन्ना हजारे के लोकपाल आन्दोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी का उदय जिस शानदार अंदाज में हुआ वह किसी आश्चर्य से कम न था। 2014 की मोदी लहर को महज एक साल के भीतर केजरीवाल के करिश्मे ने रोका वह मामूली बात नहीं थी। हालांकि नगर निगम चुनाव और फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में वह कुछ खास न कर पाई लेकिन उसके बाद विधानसभा चुनाव और हाल ही में हुए नगर निगम के चुनाव में मिली जीत ने दिल्ली को आम आदमी पार्टी का अभेद्य दुर्ग बना दिया। लेकिन ये बात भी सही है कि भ्रष्टाचार के आरोप लगातार केजरीवाल सरकार पर लगते रहे। उसी के साथ अब पंजाब सरकार के राज में जिस तरह से खालिस्तान समर्थक उग्रवादी तत्व सिर उठाने लगे हैं उससे भी पार्टी की छवि और क्षमता पर संदेह बढ़ने लगा है। इस सबके कारण न सिर्फ मुख्यमंत्री केजरीवाल बल्कि आम आदमी पार्टी की साख को भी बड़ा धक्का लगा है। कहां तो पंजाब में सरकार बनाने के बाद वह राष्ट्रीय स्तर पर अपने पैर जमाने की कार्ययोजना पर आगे बढ़ रही थी और कहां दिल्ली और पंजाब दोनों में उसकी साख और क्षमता सवालों के घेरे में आ गयी है।

राजनीति के जानकारों के अनुसार केजरीवाल राष्ट्रीय नेता बनने की जल्दबाजी के फेर में वही सब करने पर मजबूर हो गये हैं जो अन्य राजनीतिक दल करते हैं। इसी वजह से पार्टी के संस्थापकों में से अनेक उनका साथ छोडकर जा चुके हैं। केवल मनीष सिसौदिया ही एक चेहरा हैं जो उनके विकल्प कहें या विश्वासपात्र के रूप में जाने जाते थे और बतौर शिक्षा मंत्री उन्होंने दिल्ली में सरकारी शालाओं का जिस तरह से गुणवत्तापूर्ण उन्नयन किया उसकी देश के बाहर भी प्रशंसा हुई। मुख्यमंत्री एवं संजय सिंह जैसे नेताओं की तुलना में मनीष काफी शांत नजर आते हैं। ऐसे में सवाल है कि अपने पास कोई मंत्रालय न रखने का जो निर्णय श्री केजरीवाल ने लिया उसके पीछे शायद अपनी छवि बनाये रखते हुए मुसीबत आने पर अपने साथियों की बलि चढ़ा देने की सोच ही रही होगी। आम आदमी पार्टी को महीनों से ये अंदेशा था कि सीबीआई उपमुख्यमंत्री के गिरेबान पर हाथ डालेगी। खुद मनीष भी इस बात को सार्वजानिक तौर पर कह चुके थे। जिस आबकारी नीति को लेकर ये बवाल हुआ यदि वह सही थी तब केजरीवाल सरकार ने उसे वापिस क्यों लिया इस प्रश्न का कोई जवाब न दिया जाना सरकार के अपराध बोध का ही परिचायक था।

आम आदमी पार्टी को श्री सिसौदिया की गिरफ्तारी पर यूं तो विपक्षी दलों की तरफ से जोरदार समर्थन मिला लेकिन कांग्रेस इस मामले में भी दुविधा का शिकार होकर विभाजित हो गयी। राहुल गांधी तो लंदन में हैं किन्तु अशोक गहलोत, शशि थरूर ने जहां केंद्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया वहीं दिल्ली की अलका लाम्बा और अजय माकन ने इसे भ्रष्टाचार का मामला बताते हुए आम आदमी पार्टी की तीखी आलोचना कर डाली। इस मामले के बाद अरविन्द केजरीवाल की एकला चलो नीति को भी धक्का लग सकता है और बड़ी बात नहीं उनको अपनी ईमानदारी का अहंकार छोड़कर उन्हीं दलों और नेताओं के साथ गठबंधन करना पड़ जाए जो उनके द्वारा जारी भ्रष्ट नेताओं की सूची में शामिल थे।

बहरहाल आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल के लिए मौजूदा स्थिति बहुत ही कठिन है। यदि मनीष भी सत्येन्द्र की तरह लम्बे समय तक हिरासत में रहे तब इस्तीफे का दबाव अरविन्द पर भी पड़ेगा। दिल्ली में ये चर्चा भी है कि मुख्यमंत्री स्वयं मनीष सिसौदिया से छुटकारा पाना चाहते थे। सच्चाई जो भी हो लेकिन इस घटनाचक्र से मुख्यमंत्री चाहकर भी भी पाक-साफ नहीं निकल सकेंगे क्योंकि मनीष सिसौदिया ने भ्रष्टाचार किया हो और अरविंद केजरीवाल को उसका पता न चले ये कोई नहीं मानेगा। और ऐसे में यदि सीबीआई के आरोप सही प्रमाणित हो गये तब आम आदमी पार्टी के लिए ये डूब मरने वाली बात होगी। इससे ये विश्वास और प्रबल हो जाएगा कि आन्दोलन से निकली पार्टियाँ आखिरकार अपने ही अंतर्विरोधों में फंसकर पतन के रास्ते पर चली जाती हैं। वैसे अब तक अन्ना हजारे का मौन रहना भी चौंकाने वाला है।

यदि सीबीआई शराब घोटाले में सिसोदिया के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लेती है तो आप सरकार की मुसीबतें और बढ़ जाएंगी। दूसरी ओर पार्टी स्तर पर यदि केजरीवाल अन्य राज्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे तो उसकी एक वजह यह थी कि सिसोदिया राजकाज को बढ़िया ढंग से संभाले हुए थे। खासकर शिक्षा मंत्री की भूमिका में सिसोदिया की तारीफ भी होती रही है। वहीं विपक्षी दल व राजनीतिक पंडित कहते हैं कि यदि आप खुद को राजनीतिक दुराग्रह से पीड़ित दर्शा पाती है तो उसे इसका राजनीतिक लाभ मिलेगा। लेकिन यदि आबकारी मामले में गिरफ्तार लोगों के बीच सिसोदिया की संलिप्तता साबित होती है तो भाजपा इसका राजनीतिक लाभ उठा सकती है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# भारतीय फासीवाद की पहचान

## समय--संदर्भ

**रविभूषण**



पुनः एक बार फासीवादी शासकों, हिटलर (20.4.1889-30.4.1945) और मुसोलिनी (29.7.1883-28.4.1945) के शासन के गंभीर अध्येता, राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ. लारेंस ब्रिटं (15.7.1935-23.6.2008) के 'फ्री इन्क्वायरी' (वॉल्यूम 23, नंबर 2, जुलाई, 2003) में प्रकाशित 'फासिज्म, एनीवन?' लेख को याद करना जरूरी लग रहा है, जिसमें उन्होंने नाजी जर्मनी, फासिस्ट इटली, स्पेनिश सैन्य तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रेंको (4.12.1892-20.11.1975), पुर्तगाल के एंटोनियो डी ओलिवेरा सालाजार (28.4.1889-27.7.1970), ग्रीस (ग्रीक) के जॉर्जिओस पापाडोपौलस (5.5.1919-27.6.1999), चिली के आगस्तो पिनोशे (25.11.1915-10.12.2006) और इन्डोनेशिया के सुहार्तो (8.6.1921-27.1.2008) जैसे शासकों पर विचार किया था और इन सभी सात शासकों में चौदह सामान्य लक्षण देखे थे। 1933 से 1945 के बीच जर्मनी पर अडोल्फ हिटलर (20.4.1889-30.4.1945) और इटली पर मुसोलिनी (29.7.1883-28.4.1945) का शासन था। फ्रैंकों ने स्पेन पर 1939 से 1975 तक एक तानाशाह के रूप में शासन किया था, सालाजार ने पुर्तगाल को 1932 से 1974 तक अपने अधीन रखा था, ग्रीस के पापाडोपौलोस 1967 से 1973 तक सैन्य तानाशाह था, आगस्तो पिनोशे 17 दिसम्बर 1974 से 11 मार्च 1990 तक चिली का राष्ट्रपति था और सुहार्तो के हाथ में इन्डोनेशिया का शासन 27 मार्च 1968 से 21 मई 1998 तक था। बीसवीं शताब्दी के इन सात तानाशाहों की याद इक्कीसवीं सदी में इसलिए जरूरी है कि इन सबमें लारेंस ब्रिट ने 14 समानताएँ देखी हैं। इक्कीसवीं सदी के आरंभ के अपने इस लेख में उन्होंने किसी भी देश के फासीवाद की ओर बढ़ने में जिन 14 बिन्दुओं का उल्लेख किया है, वे हैं - शक्तिशाली और निरन्तर जारी राष्ट्रवाद, मानवाधिकार के लिए तिरस्कार की भावना, विरोधियों को शत्रु घोषित कर जनता को लामबंद करना, सेना का प्रभुत्व, अनियंत्रित लिंग-भेद, सत्ता का मीडिया पर नियंत्रण, राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को अकारण तूल देना, सरकार का धार्मिक मामलों में दखल, पूंजीवादी ताकतों की रक्षा, मजदूरों की ताकत को दबाना, कलाकारों एवं बुद्धिजीवियों के लिए तिरस्कार, अपराध और सजा के प्रति अतिवादी रवैया, भ्रष्टाचार एवं साँठ-गाँठ का बोलबाला और चुनाव में धाँधली। लोरेंस ब्रिट के इस लेख के मात्र तीन वर्ष बाद 2006में एक अमेरिकी रूढ़िवादी लेखक डेविड होरोविट्ज (10.1.1939) की 450 पृष्ठों की एक पुस्तक प्रकाशित हुई थी - 'द प्रोफेसर्स : द 101 मोस्ट डेंजरस एकेडमिक्स इन अमेरिका'। भारत में अभी तक ऐसी कोई पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है। होरोविट्ज ने जिन व्यक्तियों पर आरोप मढ़े थे, उनमें से कइयों ने उनके अविश्वसनीय कामों का हवाला दिया था। यह बताया गया था कि यह प्रोफेसरों के जीवन को 'वास्तविक नुकसान पहुंचाने वाला' है। अमेरिकन हिस्टोरिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, अमेरिकी इतिहासकार एरिक फोनर (7.2.1943) ने इस पर बहस करना 'समय की बबार्दी' कहा था।' "जो उनके हमलों को वैधता प्रदान करता है, जिसके वे हकदार नहीं हैं।" होरोविट्ज ने तीन वर्ष बाद 2009 में जैकब लैकसिन के साथ 336 पृष्ठों की एक पुस्तक प्रकाशित कराई - 'वन पार्टी क्लास रूम : हाऊ रैडिकल प्रोफेसर्स एट अमेरिका'ज टॉप कॉलेजेज इन्डोक्ट्रिनेट स्टूडेंट्स एण्ड अंडरमाइन आवर डेमोक्रेसी।" भारत के एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय - 'महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा में गाय-बछड़े की पूजा होती है और गो-मूत्र बिकता है। एक दूसरे प्रतिष्ठित केन्द्रीय विश्वविद्यालय बीएचयू के धर्मशास्त्र और मीमांसा विभाग में 'भारतीय समाज में मनुस्मृति की महत्ता' पर शोध-कार्य किये जाने की खबर है। मनुस्मृति के 12 अध्यायों को चार वर्गों में विभाजित कर प्रत्येक विषय पर विस्तृत शोध किया जाएगा। बीएचयू की आधिकारिक वेबसाइट पर इस शोध-कार्य को मार्च 2024 में पूरा कर लिये जाने की सूचना है। अप्रैल-मई 2024 में लोकसभा का चुनाव होगा और 2025 आरएसएस का जन्मशती वर्ष है। भारत में फासीवाद से संबंधित लेख-व्याख्यान और किताबों का प्रकाशन 2014 से अच्छी खासी संख्या में हुआ है। फासीवाद लक्षणों की पहचान अपने देश में बड़ी आसानी से की जा सकती है।

अब राजनीति के खेल-तमाशों को समझना आसान है। आजादी के 75 साल पूरे हो चुके हैं। आजादी के तुरत बाद से हिन्दी के कवियों, लेखकों और आलोचकों ने फासीवाद की कम ही सही, चर्चा आरंभ कर दी थी। रामविलास शर्मा ने अक्टूबर 1947 के अपने एक लेख 'संस्कृति और फासिज्म' में फासिज्म द्वारा सबसे पहले नागरिकता के अधिकारों को खत्म किये जाने की बात लिखी थी। फासिज्म ₹जनवादी, विधान को नष्ट कर देता है, हिंसा और दमन के जरिये समाज पर बड़े- बड़े महाजनों और पूंजीपतियों की तानाशाही कायम करता है। इसलिए फासिज्म जनतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है।₹ उन्होंने फासिस्टों द्वारा बुद्धि या तर्क को महत्त्व न देने की बात कही थी झ ₹फासिज्म, विचार - क्षेत्र में अवैज्ञानिकता, बुद्धिहीनता, अतार्किकता जन्म देता है। जो बात तर्क से सिद्ध, नहीं हो सकती, उसी को वह ऊपर उठाता है।₹ उसी समय उन्होंने फासिज्म को झ'साहित्य और संस्कृति का सबसे बड़ा शत्रु' कहा था और यह लिखा था- ₹हिन्दू राष्ट्रवाद एक फासिस्ट विचारधारा है।₹ इसके बाद चौथे लोकसभा चुनाव के बाद 'आलोचना' पत्रिका द्वारा आयोजित परिचर्चा में उन्होंने लिखा- ₹भारत में यदि फासिस्ट तानाशाही कायम होती है तो इसकी जिम्मेदारी सबसे पहले वामपंथी पार्टियों पर होगी और इन वामपंथी पार्टियों में सबसे ज्यादा कम्युनिस्ट पार्टी पर।₹ (आलोचना, अप्रैल - जून 1967) उस समय उन्होंने तानाशाही का रास्ता रोकने की ताकत वामपंथी दलों में देखी थी और यह लिखा था- ₹लेकिन वे अपनी ऐतिहासिक भूमिका पूरी नहीं कर रहे है, इस अर्थ में वे तानाशाही लाने के लिए जिम्मेदार होंगे।₹ दक्षिणपंथियों को उन्होंने 'साम्राज्यवाद के वफादार हिमायती' कहा था। फासिस्टों द्वारा सात 'भुलावे' पैदा करने की बात वे लारेंस ब्रिट के 55 वर्ष पहले कह रहे थे - जाति या नस्ल का भुलावा, ईश्वरी प्रेरणा, युद्ध-संबंधी प्रचार, राष्ट्रीयता, दूसरे देशों के फासिस्टों से मेल, व्यक्तित्व का विकास और संस्कृति। 51वर्ष बाद 1999 में उन्होंने भारत और अमेरिका में फासिस्ट स्थितियाँ देखीं।

स्वाधीन भारत के आरंभिक छः-सात वर्षों में हिन्दी के कवि, कथाकार, आलोचक फासीवादी शक्तियों पर लिख रहे थे जिसकी सही - सार्थक पहचान हिन्दी के प्रतिष्ठित आलोचकों ने नहीं की। गांधी की हत्या (30 जनवरी 1948) के दूसरे दिन 31 जनवरी को नागार्जुन ने 'तर्पण' और श्राद्ध कर्म के दिन 'शपथ' कविता लिखी थी। भारतीय जनसंघ की स्थापना (21 अक्टूबर 1951) के वर्ष में देवीशंकर अवस्थी ने अपने छात्र- जीवन में आर एस एस. के एक आनुषंगिक संगठन, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जन्म (9 जुलाई, 1949) के दो वर्ष के भीतर ही इस संगठन से जिस तरह सब को सावधान किया था, उधर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। 'मैला आँचल' (1954) में काली टोपी वाले संयोजक जी पर भी चंद अपवादों को छोड़कर रेणु जन्मशती वर्ष में भी कम ध्यान दिया गया है। संयोजक जी बौद्धिक क्लास में यवनों द्वारा आर्यावर्त की संस्कृति, धर्म और कला-कौशल को नष्ट किये जाने की बात कहते हैं। उनके अनुसार ₹हिन्दू सन्तान मलेच्छ संस्कृति की पुजारी हो गई है।₹ वे शिवाजी, महाराणा प्रताप का नामोल्लेख करते हैं। हरगौरी का मन ₹यवनों का पक्ष लेने वाले हिन्दुओं की गरदन उड़ा देने का करता है। भारतीय फासीवाद को हिन्दुत्व - कॉरपोरेट फासीवाद कहना अधिक संगत है। भाजपा को जबतक संसद में पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं हुआ था, उसका फासीवादी एजेंडा खुल कर सामने नहीं आया था। किसी भी देश के भीतर फासीवाद के जो चिह्न मौजूद होते हैं, वे बाद में अनुकूल समय पर विकसित हो जाते हैं। भारत में वर्ण- व्यवस्था, ब्राह्मणवादी व्यवस्था हजारों वर्ष से कायम रही है। भारतीय फासीवाद का यह प्रमुख लक्षण है। कॉरपोरेट और हिन्दुत्व का सहमेल या वैवाहिक संबंध हाल की बात है। हिन्दी प्रदेश हिन्दुत्व का सबसे बड़ा गढ़ है। 1989 क पहले यह गढ़ नहीं था। अयोध्या, मथुरा, काशी सब यहीं है। 2014 के लोकस?भा चुनाव में नरेंद्र मोदी जिन दो स्थानों से सांसद बने थे, उसमें वाराणसी का चयन उन्होंने काफी सोच-समझ कर किया और अब वे इसी संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं। आर एस एस की राजनीति 1989 के बाद आडवाणी की रथ- यात्रा के समय अधिक स्पष्ट हुई। अटल बिहारी वाजपेयी के समय उसके हिंदुत्व का एजेंडा खुलकर इसलिए सामने नहीं आया था क्योंकि वह सरकार गठबंधन की सरकार थी। 2014 के संसड़ए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत प्राप्त हुआ। उसके कुल 282 सांसदों में से 190 सांसद हिन्दी प्रदेश के थे और 2019 में भाजपा के 303 सांसदों में से लगभग 170 सांसद दस हिन्दी प्रदेश से थे। हिन्दी प्रदेश के राजनीतिक दलों और हिन्दी के कवियों, लेखकों, आलोचकों, सम्पादकों, संस्कृति कर्मियों, मीडिया कर्मियों और बुद्धिजीवियों की यह बड़ी जिम्मेदारी थी कि वे फासीवाद विरोधी मोर्चा स्थापित करें, पर इस दिशा में अब तक कोई सार्थक कार्य नहीं हुआ है। भारतीय फासीवाद के विरुद्ध सांस्कृतिक प्रतिरोध अब तक कोई आकार ग्रहण नहीं कर सका है। दिल्ली की सीमा पर लगभग एक वर्ष तक किसानों का धरना-प्रदर्शन और प्रतिरोध हिंदुत्ववादी शक्तियों के खिलाफ न होकर केन्द्र की भाजपा सरकार और कॉरपोरेट के खिलाफ था।

भाजपा की तुलना जर्मनी की नाजी पार्टी और इटली की फासिस्ट पार्टी से नहीं की जा सकती। यूरोप में नाजीवाद और फासीवाद वैश्विक पूंजीवाद के गंभीर संकट का परिणाम था। जर्मनी और इटली के शक्तिशाली मजदूर आन्दोलन और कम्युनिस्टों को कुचलने के लिए वहाँ पूंजीपतियों, ब्यूरोक्रेट्स, सैन्य अभिजन और दक्षिणपंथी नेताओं ने सर्वसत्तावाद/एक दलीय शासन-पद्धति (टोटैलिटैरियनिज्म) लागू करने का निर्णय लिया था। फासीवाद, सर्वसत्तावाद/ सर्वाधिकारवाद और सत्तावाद (ऑथोरिटेरियनिज्म) में अंतर है। एकदलीय शासन-पद्धति (टोटैलिटैरियनिज्म) एक राजनीतिक अवधारणा है, एक व्यक्ति, परिवार या संगठन की तानाशाही है। फासिज्म में सर्वाधिकारवाद और सत्तावाद की सभी दमनकारी विशेषताएँ मौजूद रहती हैं, पर वह इन दोनों से अलग 'रेस', 'संस्कृति', 'धर्म' और शासक की भाषा में विश्वास करता है। भारत ब्राह्मणवाद और हिन्दुत्व फासीवाद की प्रजनन भूमि है। फासिज्म का हिन्दुत्व ब्रांड केवल भारत में है। सावरकर ने आधुनिक हिन्दुत्व-फासीवाद कि विचारधारा प्रस्तुत की। हिन्दुत्व फासीवाद एक सामान्य 'रेस', सामान्य रक्त और सामान्य सभ्यता की बात करता है। यह 'आर्यन रेस' है, जिसकी भाषा, संस्कृत है। सावरकर के बाद हिन्दुत्व फासीवाद के दूसरे प्रमुख विचारक गोलवलकर हैं, जिन्होंने हिटलर और मुसोलिनी द्वारा अपने देशों में यहूदियों के सफाये का समर्थन किया था और शर्मनाक ढंग से यह कहा था कि हिन्दुस्तान में अनार्यों के सफाये के लिए यह एक अच्छा सबक है। यूरोपीय फासीवाद और भारतीय फासीवाद में एक मुख्य अन्तर यह है कि हिन्दुत्व फासीवाद बहुआयामी और कपटी है। यूरोप में यह आर्य बनाम यहूदी था, जबकि फासीवाद का हिन्दुत्व संस्करण दो स्तरों पर है। पहले स्तर पर अल्पसंख्यक हैं - विशेषतः मुसलमान और ईसाई और दूसरे स्तर पर अपने ही देश में लगभग गुलाम बना दिये गये शूद्र हैं। हिन्दुत्व की विचारधारा अपने मूल रूप में एक फासिस्ट विचारधारा है। सामान्य जनता को हिन्दुत्व की विचारधारा से अधिक सरोकार नहीं है। वह धार्मिक है और अब हिन्दी भाषी राज्यों का मध्यवर्ग भी इसकी चपेट में आ रहा है। सामान्य जनता को यह मालूम होना चाहिए कि देश में आर्थिक असमानता कहीं अधिक है, उसकी चिन्ता में महँगाई, बेरोजगोरी, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रमुख है। वह न धर्मनिरपेक्षता समझती है, न फासीवाद न लोकतंत्र, न संविधान इन सबकी तुलना में वह कॉरपोरेटों - विशेषतः अम्बानी, अडानी के नाम से अधिक परिचित है।


भारतीय फासीवाद केवल हिन्दुत्व, फासीवाद नहीं है। जनवरी 2009 के 'वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन' में अनिल अम्बानी और सुनील मित्तल ने भावी प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का नाम लिया था। पाँच वर्ष बाद 2014 में नरेन्द्र मोदी प्रधान मंत्री बने। चुनाव में उन्हें और भाजपा को विजयी बनाने के लिए कॉरपोरेटों ने अपना खजाना खोल दिया था। उन्हें प्रधानमंत्री बनाने की इच्छा कॉरपोरेटों को केवल इसलिए थी कि वे कॉरपोरेट - हित में सारे कार्य करें, नियम- नीतियाँ बनायें और उनके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। नेहरू की मिश्रित अर्थव्यवस्था और भारत की सामाजिक संस्कृति की समाप्ति लगभग एक ही समय में हुई। 24 जुलाई 1991 को मनमोहन सिंह ने बजट के साथ नीतिगत प्रस्ताव पेश किये थे। नयी अर्थ - व्यवस्था के लगभग एक-डेढ़ वर्ष बाद बाबरी मस्जिद का ध्वंस ( 6 दिसम्बर 1992) हुआ था। ब्राह्मणवाद एक नृशंस सामाजिक व्यवस्था और पदानुक्रम है। इस समय भारत बुरी तरह घिरा - फँसा देश है, जिसे एक साथ कॉरपोरेट और ब्राह्मणवाद या हिन्दुत्व दोनों दबोचे हुए हैं। जनता कॉरपोरेट से लड़े और संस्कृतिकर्मी - बुद्धिजीवी हिन्दुत्व से लड़ें, यह नुकसान देह है। यह लड़ाई दो मोर्चों पर लड़नी होगी। भारतीय फासीवाद की आज एकांगी पहचान उचित नहीं है। हमें साफ शब्दों में यह कहना होगा कि भारतीय फासीवाद हिन्दुत्व - कॉरपोरेट फासीवाद है।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# शायर और फिलासफर फिराक गोरखपुरी

## स्मरण

**जाहिद खान**



फिराक गोरखपुरी हालांकि अपनी गजलों और मानीखेज शे'र के लिए जाने जाते हैं, मगर उन्होंने नज्में भी लिखी। और यह नज्में, गजलों की तरह खूब मकबूल हुईं। 'आधी रात', 'परछाइयां' और 'रक्से शबाब' वे नज्में हैं, जिन्हें जिगर मुरादाबादी, जोश मलीहाबादी से लेकर अली सरदार जाफरी तक ने दिल खोलकर दाद दी। 'दास्ताने-आदम', 'रोटियां', 'जुगनू', 'रूप', 'हिंडोला' भी फिराक की शानदार नज्में हैं, जिनमें उनकी तरक्क़ीपसंद सोच साफ जाहिर होती है। 'हिंडोला' नज्म में तो उन्होंने हिंदुस्तानी तहजीब की शानदार तस्वीरें खींची हैं। हिंदू देवी-देवताओं, नदियों, त्यौहारों, रीति-रिवाजों और अनेक मजहबी-समाजी यक़ीनों का इजहार इस नज्म में उन्होंने बड़े ही खूबसूरती से किया है। उर्दू आलोचकों ने इस नज्म को पढ़कर, बेसाख़्ता कहा, यह नज्म हिंदुस्तानियत की बेहतरीन मिसाल है। इस नज्म में मकामी रंग शानदार तरीके.से आए हैं। फिराक गोरखपुरी के एक और समकालीन फैज़ अहमद फैज़ ने अपने एक मजमून में उनके कलाम की तारीफ करते हुए कहा था,"फिराक साहिब जज्बात व एहसासात की बारीकबीनी में इज्हार के ढंग के बारे में कशीदाकारी के माहिर थे। इस लिहाज से कुल्ली तौर से न सही, बहुत हद तक उनका 'सौदा' और 'मीर' से मुकाबला कर सकते हैं।"

फिराक गोरखपुरी की गजलों-नज्मों में फारसी, अरबी के ही कठिन अल्फाज नहीं होते थे, बल्कि कई बार अपने शे'रों में उस हिंदुस्तानी जबान को इस्तेमाल करते थे, जो हर एक के लिए सहल है। मिसाल के तौर पर उनके कुछ इस तरह के शे'र हैं,

मजहब कोई लौटा ले, और उसकी जगह दे दे
तहजीब सलीके.की, इंसान करीने के।
तुम मुखातिब भी हो, करीब भी
तुमको देखें कि तुमसे बात करें।
मुहब्बत में मिरी तन्हाइयों के हैं कई उन्वां
तिरा आना, तिरा मिलना, तिरा उठना, तिरा जाना।

फिराक ने श्रंगार रस में डूबी अनगिनत गजलें भी लिखीं। जब इनसे दिल भर गया, तो रुबाइयात लिखीं, नज्में लिखीं। हिंदू कल्चर और हिंदुस्तानियत में रचे इस शाइर ने एक से बढ़कर एक नज्में लिखीं। 'आधी रात' उन्वान से लिखी नज्म में उन्होंने भाषा और विचार के स्तर पर जो प्रयोग किए हैं, वे तो अद्भुत हैं। नज्म को पढ़कर, यह एहसास ही नहीं होता कि यह उन फिराक गोरखपुरी की नज्म है, जो उर्दू के मुकाबिल हिंदी जबान के मामले में बेहद पक्षपाती हो जाते थे। यक़ीन न हो तो इस नज्म के कुछ मिस्रे देखिए,

करीब चांद के मंडला रही है इक चिड़िया
भंवर में नूर के, करवट से कैसे नाव चले
कहां से आती है अमद मालती लता की लपट
कि जैसे सैंकड़ों परियां गुलाबियां छलकाएं
कि जैसे सैंकड़ों बन देवियों ने झूलों पर
अदाए-खास से इक साथ बाल खोल दिए
बदल सके तो फिर इस जिंदगी का क्या कहना।

जिसमें यह मिसरा तो ऐसा है जिसका कोई जवाब नहीं,

कंवल की चुटकियों में बंद है नदी का सुहाग

इस मिसरे को पढ़कर मशहूर उर्दू आलोचक अस्करी ने कहा था, "इस एक मिस्रे में पूरा हिंदू कल्चर गूंज रहा है। मिठास, नर्मी, अपनापन, फितरत की पाकीजगी, रोजमर्रा की चीजों की पाकीजगी का एहसास, हर चीज यहां मौजूद है।"

फिराक गोरखपुरी सिर्फ आला दर्जे के शायर ही नहीं थे, बल्कि सुलझे हुए दानिश्वर, फिलॉसपर भी थे। मुल्क की गंगा-जमुनी तहजीब, भाषा और सियासत के तमाम ज्वंलत सवालों पर वे अपनी खुलकर राय रखते थे। हकगोई और बेबाकी, जिहानत और जबानदानी उनकी घुट्टी में थी। सच को सच कहने का हौसला उनमें था। वे साम्प्रदायिकता और मजहबी कट्टरता के घोर विरोधी रहे। अपने ऐसे ही एक विचारोत्तेजक मजमून 'हमारा सबसे बड़ा दुश्मन' में वे लिखते हैं,"साम्प्रदायिकता का भाव खुद अपने सम्प्रदाय के लिए खुद्कुशी के बराबर होता है। देखने में फिरकापरस्त आदमी दूसरे धर्मवालों को छुरा भोंकता है, लेकिन दरअसल वह आदमी अपने ही फिरके.का खून करता है। चाहे दूसरे फिरके.वालों से बदला लेने के लिए वह ऐसा काम करे।" साम्प्रदायिक लोग समाज के लिए किस कदर खतरनाक हैं, अपने इसी लेख में वे लिखते हैं,"साम्प्रदायिक हिन्दू, हिन्दू जाति के लिए खतरनाक है, मुसलमान के लिए उतना खतरनाक नहीं है। फिरकापरस्त मुसलमान, फिरके.के लिए ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला है, हिन्दू के लिए उतना नहीं। और यही हाल साम्प्रदायिक सिख, साम्प्रदायिक पारसी, साम्प्रदायिक एंग्लो इंडियन, साम्प्रदायिक ईसाइ का है। ये सब अपनी जाति के दुश्मन हैं। साम्प्रदायिकता के आधार पर अपने सहधर्मियों की सेवा ही नहीं की जा सकती, पर साम्प्रदायिकता से बच कर ही अपने सम्प्रदाय की, अपने सहधर्मियों की तरक्क़ी हो सकती है। या यों कहो कि दूसरे सम्प्रदायवालों, दूसरे धर्मवालों की उन्नति, खुशहाली मुमकिन है।"

फिराक गोरखपुरी अपने इस लेख में साम्प्रदायिकता की समस्या को चिन्हित भर नहीं करते, बल्कि देशवासियों को आगाह भी करते हैं,"हिन्दू संस्कृति को हिन्दू राज्य मिटाकर रख देगा, मुस्लिम संस्कृति को इस्लामी राज्य मिटाकर रख देगा और साम्प्रदायिक राज्य अपने ही सहधर्मियों को ले डूबेगा।" फिर मुल्कवासियों का असली दुश्मन कौन है और उसे किससे लड़ना चाहिए ? इस बात का सुराग भी वे अपने लेख में देते हैं, "हमारे अनुचित रीति-रिवाज, हमारे समाज का गलत ढांचा, गलत कानून, कारोबार के गलत तरीके, व्यापार के नाम पर बेदर्दी से नफा कमाने का लालच और खुद्र हमारे जीवन की गलतियां, रिश्वत, चोर बाजारी, निरक्षरता, भूख और बेकारी असली दुश्मन हैं।" फिराक गोरखपुरी का यह लेख सत्तर साल पहले साल 1950 में लिखा गया था, लेकिन आज भी यह उतना ही प्रासंगिक है, जितना लिखते वक्त था। इस लेख में उन्होंने जो विचार व्यक्त किए हैं, उनसे शायद ही कोई रौशनखयाल शख़्स नाइत्तिफाक़ी जताए। एक इंटरव्यू में जब फिराक से हिंदुत्व के बारे में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने पलटकर सवाल किया कि "हिंदुत्व क्या शै है ?"

उनकी नजर में हिंदुत्व की परिभाषा कुछ अलग थी। उन्होंने कहा, "हिंदुत्व की अज्मत यही है कि वो पूरी तरह खुला समाज है। उसमें कहीं से कोई जकड़न नहीं है।"

इस जवाब पर सवाल करने वाले ने उनसे प्रतिप्रश्न किया कि "खुले मुआशरे से आपकी क्या मुराद है ?"

फिराक का जवाब था,"जिस जज्बे को हम कल्चरल लिबरलिज्म का नाम देते हैं, वही हिंदुस्तान की असल रूह है। कैसे कहा जाए कि बाकाइदा तालीमयाफ़्ता और माकूल आदमी होना ही असल में हिंदू होना है। शायद आजाद हिंदुस्तान में हिंदुत्व अपने सही और ऊंचे कमालात को दिखा पाए, लेकिन ये काम तंगनजरी, दूसरे को गाली दे कर या उसे हक़ीर कह कर नहीं हो सकता।" उनकी यह बात सोलह आने सही भी है। देश के अदब में, ललित कलाओं में अध्यात्म की रिवायत में कल्चरल लिबरलिज्म के सैंकड़ों उदाहरण हमें देखने को मिल जाएंगे। सच बात तो यह है कि कल्चरल लिबरलिज्म फिराक की फिक्र व एहसास की खासियत है। फिराक की नज्मों व नस्त्र दोनों में भी कल्चरल लिबरलिज्म की कई मिसालें मौजूद हैं। यही वजह है कि साम्प्रदायिक कट्टरतावादी उन्हें कतई पसंद नहीं करते थे। 3 मार्च, 1982 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा। फिराक गोरखपुरी की एक अकेली ज़िंदगी के कई अफसाने हैं। एक अफसाना छेड़ो, दूसरा खुद्र ही चला आता है। एक लेख में न तो उनकी पूरी ज़िंदगी आ सकती है, और न ही उनके लिखे अदब के साथ इंसाफ हो सकता है।

आने वाली नस्लें तुम पर फख्र करेंगी हम-असरो
जब भी उन को खयाल आयेगा कि तुम ने 'फिराक' को देखा था।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 94254 89944)**

# पितृसत्ता की विद्रूपताओं का आइना : नाटक 'तारा'

## नाटक

**अमल मिश्र**



हम विकसित, सुसंस्कृत और सभ्य होने की दिशा में दिन-प्रति-दिन आगे बढ़ जरूर रहे हैं पर कुछ परम्पराएँ, रीतियाँ, आस्था और सोच हमारे दिलो-दिमाग में ऐसे घर कर गयी है जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी और बलवती होती जा रही है। यहाँ तर्क और विज्ञान भी विफल हो जाता है। इन मुद्दों पर हम अपने को संशोधित करने का या तो साहस नहीं कर पाते या शेखी आड़े आती है अथवा अनदेखी करते हैं। लिंग भेद, सामाजिक असमानता, पितृसत्तात्मक व्यवस्था जैसे आज के अनेक जरूरी मुद्दों पर लगातार ध्यानाकर्षण करने वाले अंग्रेजी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार, अदाकार और पटकथा लेखक महेश दत्तानी द्वारा पुरुष प्रधान समाज को मुंह चिढ़ाता अंग्रेजी में लिखा गया एक मशहूर नाटक है झ तारा जिसको अपने कुशल निर्देशन से श्रीराम सेंटर, नयी दिल्ली में संवेदनापूर्ण अभिनय के द्वारा महत्त्वपूर्ण व अविस्मरणीय बना दिया प्रख्यात रंगकर्मी अरविन्द गौड़ ने।

मंच को तीन हिस्सों में बाँट कर अभिनीत किये गये नाटक का पट खुलते ही बायीं ओर डैन यानि चन्दन अपने बचपन को याद करते हुए नाट्यप्रवर्तन करता है। मध्य भाग में घर के ड्राइंग रूम का वातावरण है जहाँ कहानी के अन्य किरदार अपनी अपनी भूमिका के अनुसार उपस्थित होते हैं और समानान्तर रूप से मंच की दायीं ओर बैठा डॉक्टर अपनी भूमिका को बखूबी निभा रहा होता है। नाटक की मूल कथा यह है कि एक गुजराती पटेल जिसका अंतरजातीय विवाह कन्नड़ लड़की भारती से हुआ है, के ऐसे जुड़वाँ बच्चे पैदा होते हैं जो संयुक्त त्रिपाद वाले, पर ऊर्ध्व भाग अलग-अलग लड़के और लड़की के हैं। इसे चिकित्सा विज्ञान की भाषा में सायमीज ट्विन्स कहते हैं। वैसे तो अंतरजातीय विवाह होने के कारण सामजिक और पारिवारिक अस्वीकार्यतावश इस दम्पत्ति को अपने हाल पर जीने के लिए छोड़ दिया गया होता है पर उस समय भारती के राजनीतिक प्रभाव वाले पिता का हस्तक्षेप बढ़ जाता है जब इन बच्चों को शल्यचिकित्सा के माध्यम से दो जिन्दगी देने की योजना बनती है। डॉक्टर ठक्कर यह जान पाने में सफल हो जाते हैं कि तीन में से दो पैर लड़की यानि तारा के शरीर द्वारा पोषित थे पर पितृसत्तात्मक सोच के कारण प्रकृति का यह निर्णय इस परिवार को स्वीकार नहीं था। इसलिए रिश्वत देकर डॉक्टर को इस बात के लिए राजी कर लिया गया कि दो पैर लड़के यानि चन्दन जो बाद में लन्दन में डैन के नाम से जाना गया, को दिए जाएँ। शल्यचिकित्सा के बाद चन्दन का वह पैर जिसका पोषण तारा के शरीर द्वारा हो रहा था, मृत हो गया और दोनों जिंदगियां एक- एक पैर पर बैशाखी के सहारे हो गयीं। लड़की को अभिशाप समझे जाने वाले समाज के बीच दिव्यांग तारा रोज झेल रहे ताने, चुगली और अपमान के मानसिक आघात को सहते हुए माँ बाप के साथ और चन्दन यानि डैन सुख सुविधाओं से सम्पन्न और सामजिक दबाओं से मुक्त लन्दन में रहने लगा। समय गुजरा तारा किडनी रोगग्रस्त हुयी, माँ भारती अपनी किडनी देने को तैयार हुयी पर चिकित्सकीय असफलता के कारण माँ बेटी दोनों का देहांत हो गया।

नाटक में यह मार्मिक दृश्य होता है कि पिता पटेल, माँ भारती के अस्पताल में भर्ती होने पर, उपेक्षित तारा के तानों से तंग आकर यह स्वीकार करता है कि वास्तव में प्रकृति ने दोनों पैर उसी को दिया था, हम लोगों ने उसे चन्दन को दिला दिया था, जो उसका भी नहीं हो पाया और दोनों जिंदगियां बर्बाद हो गयीं। नाटक दर्शकों को कहानी के उसी तल पर लाकर खड़ा करने में सफल रहा जो पटकथा लेखक की परिकल्पना और अनुभूति में अपेक्षित था। यह भी उल्लेखनीय दृश्य था कि मध्यमवर्गीय परिवारों में कैसे लिंगभेद स्वीकार्य और व्यवहार में व्याप्त रहता है, सजीव प्रस्तुति के रूप में यह इन दोनों की यानि चन्दन की परवरिश लन्दन में सुख-सुविधाओं के बीच डैन के रूप में और तारा की परवरिश कैसे रूपा जैसी सहेलियों व परिवारीजनों के ताने सुन-सुन कर अपमान भरी वातावरण में हुयी, मंचित हुआ। डैन का अपनी बहन तारा के साथ बिताए गए बचपन के पलों को याद करना और तारा के प्रति सखी सहेलियों और परिवार वालों द्वारा किये गये उपहास का यथार्थ मंचन आँखों को नम करते हुए पितृसत्तात्मक विद्रूपताओं को आइना दिखा रहा था। चन्दन और तारा के स्नेहपूर्ण आलिंगन के साथ नाटक का पटाक्षेप होता है।



सुन्दर और सुनियोजित छाया प्रकाश की व्यवस्था, ध्वनि प्रबन्धन, सम्वाद और अभिनय, कहानी में अपेक्षित प्रवाह और संवेदना के साथ काकोली गौड़ नागपाल ने तारा, प्रिंस नागपाल ने चन्दन, प्रभाकर पाण्डेय ने डैन, करन खन्ना ने पटेल, दविंदर कौर ने भारती, हिमांशु मग्गो ने डॉक्टर और सावेरीश्री गौड़ ने रूपा की तथा काकोली गौड़ नागपाल, सावेरीश्री गौड़, अमित तिवारी व आशुतोष सिंह ने बैकस्टेज की महत्त्वपूर्ण व जीवन्त भूमिका निभायी और यह सन्देश देने में सफल रहे कि हमें दुराग्रहों और कुरीतियों की जकड़नों में रहकर अपनी संतानों की परवरिश बोनसाई की तरह ड्राइंगरूम की शोभा बनाने के लिए नहीं करना है बल्कि उन्हें खुले आसमान में अपने व्यक्तित्त्व और सोच को विकसित कर मानवता व विश्वबन्धुत्त्व को समर्पित होना है।

**(मोतीलाल नेहरु कॉलेज (सांध्य) दिल्ली विश्वविद्यालय, साउथ कैंपस, संपर्क 99568 99939)**

# कांग्रेसियों ने किया गैस मूल्य वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन

**आक्रोश**

**जमकर लगाये सरकार विरोधी नारे**

**जनसंदेश न्यूज**


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**आजमगढ़।** गुरुवार को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू से लेकर कमर्शियल गैस के दामों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसियों ने जिला उपाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना राय के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाल हाथ में सिलेंडर के साथ नारेबाजी करते हुए कैलेक्ट्रेट पहुंच जमकर प्रदर्शन किया।

जिला उपाध्यक्ष मुन्ना राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते महंगाई बढ़ रही है। आज जिस तरह से होली के त्योहार के पहले बीजेपी सरकार द्वारा आम आदमी के साथ छलावा करते हुए घरेलू गैस के दामों में 50 रुपए व कमर्शियल गैस के दामों में 350 रुपए की वृद्धि की गई है इससे लोगो पर आर्थिक बोझ पड़ने के साथ ही महंगाई बढ़ेगी। दूसरी तरफ उजवाला योजना के लाभार्थी भी कनेक्शन रिफिल नही करा पा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार में 350 का मिलने वाला सिलेंडर आज भाजपा की सरकार में 1200 रुपए का मिल रहा है जिससे आम आदमी को गैस भराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। भाजपा के नेताओ के कान पर जूं नहीं रेंग रही।

कार्यकारी अध्यक्ष रमेश राजभर ने कहा कि गैस के दामों में बेतहसा वृद्धि से महिलाओं को घर का खर्च चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में जिला उपाध्यक्ष तेज बहादुर यादव, पूर्णमासी प्रजापति, जिला महिला कार्यकारी अध्यक्ष शीला भारती, जिला महासचिव रविकांत त्रिपाठी, जावेद मंदे, मुन्नू मौर्या, मो अमीर, जिला शहर अध्यक्ष नजम शमीम, पूर्व प्रत्याशी मिर्जा शेन आलम बेग, पीसीसी मुन्नू यादव, मूलचंद चैहान, रामगणेश प्रजापति, सीमा भारती, नदीम खां, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

## मृत सिपाही के परिजनों के खाते में भेजी गई 50 लाख की धनराशि

### पुलिस अधीक्षक ने सम्बन्धित कागजात परिजनों को किया सुपुर्द

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि मृत सिपाही संदीप निषाद के परिजनों के खाते में शासन द्वारा सहायता राशि 50 लाख रुपए हस्तान्तरित कर दी गयी है। गुरूवार को परिजनों से मिलकर सम्बन्धित दस्तावेज सौंप दिये गये हैं।


मृत सिपाही के परिजन को दस्तावेज सौंपते एसपी अनुराग आर्य।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महकमा पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करेगा। उन्होंने बताया कि मृतक की बीमार पत्नी के इलाज के लिए स्थानीय पुलिस को निर्देशित कर दिया गया है। उनका बेहतर तरीके से इलाज कराया जायेगा। स्थानीय समस्याओं को लेकर सरकार को अवगत करा दिया गया है। जल्द ही वे भी समस्याएं निपटा दी जायेंगी। बता दें कि 28 फरवरी को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य मृत सिपाही के परिजनों से मिलकर उनकी डीजीपी से बात करवाई और अन्य समस्याओं से रूबरू हुए थे।

विदित हो कि मूल रूप से आजमगढ़ के अहरौला थाना क्षेत्र के बिसईपुर गांव के रहने वाले संदीप निषाद 2018 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। संदीप की पहली पोस्टिंग प्रयागराज में ही हुई थी। संदीप करीब छह महीने से विधायक राजू पाल की हत्या में गवाह रहे उमेश पाल की सुरक्षा में लगे थे। चार भाइयों और बहनों में तीसरे नंबर पर थे। बदमाशों द्वारा चलायी गयी गोली से उनकी मौत हो गयी थी।

## डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज से मुलाकात कर बतायी समस्याएं


डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज से मुलाकात करते प्रधान संघ के लोग।

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** प्रधानसंघ गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय पर जिले के प्रधानों की समस्या को लेकर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज संजय कुमार बर्नवाल से एक औपचारिक भेंट की। इस दौरान उन्होंने पंचायतों को मिल रहे सामग्री दर एवं पीडब्ल्यूडी के दर की विसंगति के बारे में चर्चा की। उन्होंने मनरेगा में आ रही दुश्वारियों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि इन परेशानियों को तत्काल हल किया जाना चाहिए। डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन सारी चीजों पर निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ.राजेश सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र राय, जिला मीडिया प्रभारी जाहिद खान, जिलालाल यादव बलिराम चैहान, राजेश चैहान, जुलमधारी यादव सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## किराना स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**पटवध (आजमगढ़)।** रौनापार थाना क्षेत्र के शाहडीह गांव में बुधवार की रात अज्ञात कारणों से किराना स्टोर की दुकान में आग लगने से सारा सामान जलकर खाक हो गया।

शाहडीह गांव निवासी प्रभु साहनी पुत्र स्व.जयमंगल साहनी गांव में ही एक किराना स्टोर की दुकान खोल रखा है। रोज की भांति वह दुकान बंदकर दुकान के पास ही सोया हुआ था। बुधवार रात लगभग 9 बजे दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दुकान मालिक ने शोर मचाया तो शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया परंतु जब तक आग बुझती दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित के अनुसार दुकान में रखा तीस हजार रुपए नगदी सहित लगभग आठ लांख रुपए का नुकसान बताया गया। पीड़ित ने स्थानीय थाने और तहसील प्रशासन को सूचना दे दी है।

# 14 मार्च से विद्युत कर्मी करेंगे 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल

**तैयारी**

**तीन दिसम्बर 2022 को हुए समझौते का हो क्रियान्वयन**

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक को संबोधित करते प्रभु नारायण पांडेय 'प्रेमी'।

**आजमगढ़।** समझौता लागू करो-जन जागरण कार्यक्रम के सातवें दिन संघर्ष समिति की हुई सभा में आजमगढ़ क्षेत्र के सैकड़ों बिजली कर्मियों और निविदा एवं संविदा कर्मियों ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने कहा कि 3 दिसबंर 2022 को हुए समझौते का क्रियान्वयन न होने तथा उत्पादन निगम और पारेषण में बड़े पैमाने पर निजीकरण का निर्णय लिये जाने के विरोध में हड़ताल की तैयारी तेज करने का निर्णय लिया गया। 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल के पहले 14 मार्च को राजधानी लखनऊ सहित समस्त जनपद, परियोजना मुख्यालयों पर शान्तिपूर्वक मशाल जुलूस निकाले जायेंगे। 20 फरवरी से प्रारम्भ हुए जन-जागरण अभियान के अन्तर्गत डिस्कॉम मुख्यालयों पर रैली के कार्यक्रम के क्रम में 3 मार्च को वाराणसी मुख्यालय में होने वाली विशाल रैली में आजमगढ़ क्षेत्र के बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता एवं निविदा, संविदा कर्मी सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग करेंगे।

वक्ताओं ने कहा कि 3 दिसम्बर के समझौते का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय, ओबरा व अनपरा में स्थापित की जा रही नई बिजली परियोजनायें उत्पादन निगम को दी जायें, पारेषण के नये बनने वाले सभी विद्युत उपकेन्द्रों एवं लाइनों का कार्य यूपी पावर ट्रांस्को को दिया जाय, वर्ष 2000 के बाद में सभी बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन की व्यवस्था लागू की जाय और बिजली निगमों का एकीकरण कर यूपीएसईबी लि. का गठन किया जाय। इ. जगदीश पटेल सतवीर सिंह, चंद्र भूषण उपाध्याय ने बताया कि विगत 3 दिसम्बर को ऊर्जा मंत्री, उप्र सरकार एवं मुख्यमंत्री, उप्र सरकार के सलाहकार अवनीश अवस्थी के साथ हुए लिखित समझौते के प्रति ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के नकारात्मक रवैये और उत्पादन निगम तथा पारेषण में बड़े पैमाने पर निजीकरण किये जाने के फैसले से बिजली कर्मियों में भारी रोष व्याप्त है। बैठक में मुन्नवर अली राज नारायन सिंह धरमू प्रसाद यादव संदीप प्रजापति आशुतोष यादव नीरज त्रिपाठी राम अवध यादव अखिल पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# होली और शबेबारात को लेकर हुई बैठक


जुलूस व जलसा स्थलों का निरीक्षण करने जाते एसडीएम व एसपी सिटी।


निजामाबाद थाने में बैठक को संबोधित करते एसपी सिटी शैलेंद्र लाल।

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को एसडीएम मेंहनगर संत रंजन श्रीवास्तव और एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल की अध्यक्षता में आगामी त्योहार होली और सबेबरात के मद्देनजर दोनों समुदायों के साथ बैठक हुई।

बैठक में अधिकारियों ने आगामी 7 मार्च को सबेबरात और 8 मार्च को पड़ने वाले होली त्योहार पर दोनों पक्षों से शान्ति की अपील करते हुए भाई चारा और आपसी सौहार्द्र और सहयोग पूर्वक मनाए जाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। किसी नई परम्परा कायम करने और विवादों से बचने के साथ ही अवांछित तत्वों द्वारा फैलाये जा रहे अफवाहों से दूरी बनाए रखने और पुलिस को सूचना दिए जाने का निर्देश दिया। वहीं स्थानीय थाना प्रभारी और पुलिस बल को स्थितियों पर पैनी नजर रखते हुए उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीएम मेंहनगर संत रंजन श्रीवास्तव ने होलिका दहन से संबंधित अति संवेदनशील और संवेदनशील स्थानों पर मामलों को निपटाने के लिए राजस्व टीम और पुलिस द्वारा आपसी तालमेल और सहयोग से सुलझाने का आदेश दिया। अधिकारियों ने खुटवां चक खुटवां गांव में नाली के विवाद और सबेबरात पर मुस्लिम पक्ष द्वारा कस्बे में जूलूस और जलसे आयोजित होने वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इस मौके पर अंजुमन अखाड़े के अध्यक्ष और शमशुल होदा, शाहिद खान, आसीफ, माजिद, कमलेश मधुकर, सुवास जैसवाल, राम बदन कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

### भाईचारे के साथ मनायें होली का त्योहारः एसपी सिटी

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना परिसर में आगामी त्यौहार को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक एसपी सिटी शैलेंद्र लाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें क्षेत्र के समस्त सम्भ्रान्त लोग उपस्थित थे। उन्होंने सबसे क्षेत्र में शान्तिप्रिय ढंग से हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाने की अपील किया। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर कहीं भी कोई दिक्कत हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सभी लोग भाईचारे के साथ होलिका दहन कर होली का त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने आये हुए जनप्रतिनिधियों और समाज के सभी लोगों से होली का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। इस अवसर पर अशोक दत्त त्रिपाठी, सुल्तान सिंह, प्रेमा यादव, राकेश पाठक, डॉ.शाहनवाज खान, बालगोविंद यादव, अबुजर आजमी, जयहिंद यादव, चन्द्रभान पूर्व प्रधान आदि उपस्थित थे।

## डीएम ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

### ओएचटी का कार्य प्रारंभ न होने पर जतायी नाराजगी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरूवार को रानी की सराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय परिसर का भ्रमण करते हुए दवा वितरण काउंटर पर फार्मासिस्ट से दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता एवं मरीजों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य केंद्र से ही दवा देने का निर्देश दिया। उन्होंने रेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त किया तथा वैक्सीनेशन फ्रीजर का भी निरीक्षण किया। डॉक्टरो एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात विकासखंड मिजार्पुर में प्रधानमंत्री जन विकास योजना अंतर्गत कार्यदाई संस्था यूपी आरएनएसएस राजकीय निर्माण एजेंसी द्वारा द्वारा कराए जा रहे राजकीय महिला महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर कार्यदाई संस्था द्वारा प्रयोग में लाई जा रही ईटों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया तथा परीक्षण हेतु ईंट को प्रेषित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता मनोज कुमार यादव को निर्माण कार्य को समय से एवं गुणवत्तायुक्त तरीके पूर्ण कराने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाईप पेयजल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ओएचटी का कार्य न प्रारंभ किए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सुरही खुर्द का निरीक्षण कर बच्चों से पढ़ाई एवं मिड डे मील में दिए जाने वाले भोजन की जानकारी प्राप्त किया। सुरही खुर्द में ही अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।


अभिलेखों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

## आसपा ने उठायी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

**आजमगढ़।** राजस्थान के भरतपुर जिले के घाटमिका पहाड़ी गांव से 16 फरवरी को अपहरण करके, कथित गौरक्षकों द्वारा नासिर और जुनैद की निर्मम पिटाई और फिर उन्हीं की गाड़ी में हरियाणा के भिवानी इलाके में जिंदा जलाने की घटना में अभी तक न तो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं और न ही सरकार ने पीड़ित परिवार को कोई मुआवजा व राहत प्रदान की है। उक्त घटना को लेकर आजाद समाज पार्टी ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की।


जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि विगत 18 फरवरी को आजाद समाज पार्टी (का.) ने अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की थी लेकिन राजस्थान और हरियाणा सरकारों ने इस प्रकरण में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जिससे प्रतीत होता है कि इस घटना में सफेदपोश नेता अधिकारियों और पुलिस-प्रशासन की मिली भगत है। घटना में 2023-24 के राजस्थान में होने वाले आम विधानसभा चुनाव को लेकर साम्प्रदायिक कार्ड खेलने की साजिश से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। राजस्थान प्रदेश में दलितों, आदिवासियों और मुस्लिम समाज के साथ लगातार हत्या, बलात्कार और शोषण की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और प्रदेश सरकार जातिगत कारण से मुआवजा और न्याय में भेदभाव कर रही है। इस जघन्य हत्याकांड के बाद देश में वंचित वर्ग के अंदर भय का माहौल बना हुआ है।

# 31 मार्च तक हर हाल में पूर्ण करायें कार्य

**बोले जिलाधिकारी**

**डूडा से संबंधित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक**

**जनसंदेश न्यूज**


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं डूडा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतें, कायाकल्प योजना के अन्तर्गत स्कूलों में निर्धारित 19 पैरामीटर के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि टाइलीकरण, बाउण्ड्रीवाल, बालक, बालिका शौचालय, पानी की टंकी एवं नल आदि आवश्यक कार्यों को 31 मार्च तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों के शौचालयों की कम से कम 2 बार दिन में सफाई करायी जाए। सभी शौचालय क्रियाशील हों तथा प्रमुख स्थानों पर शौचालय के डायरेक्शन की मार्किंग दिवाल पर करायी जाय। उन्होने कहा कि नगरीय क्षेत्रों के प्रमुख चैराहों की सफाई, मूर्तियों की धुलाई तथा पोस्टर को हटवायें तथा दिवालों पर गुणवत्तायुक्त वाल राइटिंग एवं पेंटिंग करायी जाए। नगरीय क्षेत्रों के प्रमुख सड़कों की स्ट्रीट लाइट को तिरंगे रंग में लगायें तथा प्रमुख स्थानों पर डस्टबिन रखवायें। उन्होने कहा कि जो स्ट्रीट लाइट खराब हो, उसे तत्काल बदलवा दें। जिलाधिकारी ने कहा कि रीसाइकिल योजनान्तर्गत पुराने कबाड़ों से कलाकृतियां बनवाकर सार्वजनिक स्थानों पर रखवायें। उन्होने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों की प्लानिंग बनाकर एक हफ्ते में प्रस्तुत करें कि कैसे स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैकिंग लायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी, परियोजना अधिकारी से समन्वय बनाकर स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन की पेंडेंसी को खत्म करायें। उन्होने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी कैम्प लगाकर अथवा बैंकों के साथ बैठक कर लोन की पेन्डेंसी को खत्म करें। गर्मी के दृष्टिगत मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए सभी नगरीय क्षेत्रों के नालों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि नालियों की सफाई के साथ ही ब्लीचिंग पाउडर आदि दवाओं का भी छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी को देखते हुए कहीं भी स्वच्छ पेयजल की समस्या न हो, अभी से सुनिश्चित कर लें। शहरों, नगर क्षेत्रों के इण्ट्री प्वाइंट पर सीसी टीवी कैमरा लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

### निविदा की अंतिम तिथि दस मार्च

**आजमगढ़।** अध्यक्ष, निलामी एवं क्रय समिति, विशेष न्यायाधीश (एससी, एसटी एक्ट) जनपद न्यायालय, आजमगढ़, सतीश चन्द्र द्विवेदी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद न्यायालय आजमगढ़ के विभिन्न भवनों में स्थित न्यायालयों, कार्यालयों एवं अनुभागों में दीमक रोधी दवाओं का छिड़काव होना है, जिसके लिए सील बन्द निविदा आगामी 10 मार्च तक आमंत्रित है। उक्त आमंत्रित सील बन्द निविदा 13 मार्च को निलामी एवं क्रय समिति की उपस्थिति में हाल ऑफ जस्टिस में खोला जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष, निलामी एवं क्रय समिति, विशेष न्यायाधीश (एससी, एसटी एक्ट) जनपद न्यायालय, आजमगढ़, से सम्पर्क कर सकते हैं।

## संक्षेप

### पत्रकारों के साथ घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण



**आजमगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष कमला सिंह ने कहा कि देश के चैथे स्तंभ पत्रकारों के साथ आयेदिन घटना दुर्घटना हो रही है जोकि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। अभी जौनपुर के पत्रकार देवेन्द्र खरे पर जानलेवा हमला प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है। भाजपा सरकार में लगभग 10 से 12 पत्रकारों की हत्या हो चुकी है। प्रदेश सरकार मौन है पत्रकारों की हत्या की जांच सीबीआई द्वारा करा कर दोषियों के ऊपर कारवाई की जाय। जौनपुर की पत्रकार घटना में हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर कारवाई की जाय। पत्रकार परिवार को मुख्यमंत्री कोष से 25-25 लाख की सहायता राशि दिया जाय। पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले को 24 घंटे के अंदर जेल, 50 हजार जुमार्ना लगाया जाय। पत्रकारों के ऊपर घटना के विरूद्ध प्रदेश सरकार द्वारा कारवाई नहीं की गई तो राष्ट्रीय पत्रकार संघ वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### सफाई कर्मियों ने सफाई कर किया जागरूक



**आजमगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे के आदेश क्रम में जनपद के सभी विकास खंडों में ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। हमें जनपद प्रदेश एवं देश को पॉलिथीन मुक्त बनाना है। इसके लिए सफाई कर्मचारी संघ के लोग पॉलिथीन का प्रयोग न करें और आप लोग भी इसके लिए अपने-अपने ग्राम पंचायतों में लोगों को जागरूक करें लोगों को बताएं कि पॉलिथीन की जगह झोले का प्रयोग करें। पॉलिथीन हमारे वातावरण के लिए अच्छा नहीं है। हम सभी के एक साथ काम करने से देश आगे बढ़ेगा। सरकार के मंशानुरूप सहायक विकास पंचायत उमाकांत पाठक की देखरेख में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा बवाली मोड़ से करतालपुर चैराहे पर दोनों पटरी पर पॉलथीन एकत्रित करते हुए घास की कटाई कर झाडू लगाते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई किया गया। सफाई अभियान में जिला अध्यक्ष सीपी यादव, मीडिया प्रभारी गुलाब चैरसिया, अभय चैहान, सुनील, जागृति, बिट्टू, कमलेश कुमार, मोहम्मद असलम, रामबचन, जितेंद्र चौधरी, नर्मदा गोंड़, आसमा खातून, सुनील यादव, अशफाक आदि शामिल रहे।

### एसडीएम व आबकारी इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण



**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में आबकारी निरीक्षक व एसडीएम फूलपुर के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक की टीम ने पवई, मित्तुपुर व हमीरपुर बाजार स्थित सरकारी देशी शराब और अंग्रेजी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी को निर्देश दिया कि किसी प्रकार की ओवर रेटिंग न की जाए। आबकारी निरीक्षक संदीप त्रिपाठी ने सख्त निर्देश दिया कि अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए। जो रेट निर्धारित है उसी रेट पर ग्राहक को शराब बेचे। शराब लेते समय लाइसेंसी दुकान से ही शराब लें। टीम में आबकारी निरीक्षक संदीप त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी नरेंद्र गंगवार, थानाध्यक्ष पवई रमेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### यज्ञ से होता है वायुमंडल शुद्धः स्वामी बालक दास



**आजमगढ़।** महिपालपुर, गहजी स्थित ब्रह्मर्षि मौनी बाबा आश्रम में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञाचार्य पं. हरिकेश चैबे के नेतृत्व में विद्वान ब्राह्मणों ने स्वामी जयप्रकाश दास और अन्य यजमान के हाथों वैदिक रीति से पूजन और हवन क्रिया संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने पूजन, अर्चना और मंडप परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया। इस दौरान मौनी बाबा और देवी देवताओं के जयकारों से वायुमंडल गूंजता रहा। इस स्थान पर एक फरवरी से ही अनवरत चल रहे श्रीराम चरित मानस पाठ से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया है। अयोध्या से पधारे स्वामी बालक दास महाराज ने अपने प्रवचन में श्री विष्णु महायज्ञ की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वायुमंडल शुद्ध और पवित्र होता है, जो जन समुदाय के तन, मन के विभिन्न विकारों को दूर करता है। कथावाचक श्यामनारायण शाही ने ब्रह्मलीन संत दुवार्सा महामंडलेश्वर मौनी बाबा के सिद्धियों का बखान करते हुए कहा कि वे सदैव लोगों के कल्याण में लगे रहते थे, उनके तप से यह भूमि धन्य हो गई है। इस अवसर पर पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन, डॉ.चंद्रभान सिंह, हरिद्वार सिंह, राममिलन सिंह, सुभाष तिवारी शास्त्री, अशोक सिंह, सुधाकर चैबे, विनोद यादव, मनीष सिंह बबलू, राम आसरे यादव आदि मौजूद रहे। यज्ञ पूणार्हुति 4 मार्च को होगी।

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**आजमगढ़।** कप्तानगंज अंतर्गत जलालपुर महाबल पट्टी गांव निवासी एक व्यक्ति मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। महाबल पट्टी गांव निवासी रामलाल 65 वर्ष पुत्र स्व.रामसूरत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। रामलाल पहली मार्च को शाम के साढ़े सात बजे के करीब अपने गांव के सामने पैदल सड़क पार कर रहे थे तभी आजमगढ़ की ओर आ रही एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामलाल तहसील बूढ़नपुर में मोहर्रिर का काम करता था। मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### फरार प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से आठ दिन से फरार प्रेमी युगल गुरुवार को अवंतिकापुरी मंदिर में दोनो पक्षों की मौजूदगी में शादी रचा ली। रानी की सराय थाना क्षेत्र के एक गांव से आठ दिन पूर्व किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने खोजबीन के बाद तहरीर पुलिस को दी। जिस दिन किशोरी फरार हुई उसी दिन इसी गांव के पड़ोस का भी युवक फरार हो गया। दोनो के ही परिजन तलाश में थे कि गुरुवार को दोनो गांव में आ गये। दोनो ही पक्षों ने पंचायत के बाद शादी का फैसला लिया। दोनो पक्षों की रजामंदी से अवंतिकापुरी मंदिर में युगल ने शादी रचा ली। शादी के बाद दोनो पक्षों से जुटे लोगो ने दोनो को आशीर्वाद देकर रस्म भी निभाई। दोनो ही युगल स्वजातीय हैं।

### प्रधान पद के लिए डाले गये वोट

**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत छज्जोपट्टी में प्रधान पद के लिए बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। इसके लिए बुधवार को ही छज्जोपट्टी स्थित प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान स्थल पर पोलिंग पार्टी और पुलिस बल पहुंच गयी। बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया। ग्राम प्रधान के पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के लिए जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत में प्राथमिक पाठशाला को मतदान स्थल बनाया है। शाम 3 बजे तक 50.63 प्रतिशत मतदान हुआ। ग्राम पंचायत छज्जोपट्टी के प्रधान का सितंबर 2022 में निधन हो जाने से यह पद रिक्त हो गया था।

### विधानसभा चुनाव नतीजों पर भाजपाइयों में खुशी की लहर

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** त्रिपुरा मेघालय और नगालैंड विधानसभा चुनाव के नतीजों से भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर व्याप्त है जिसके क्रम में गुरुवार को नगर पंचायत स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा के आवास पर भाजपा की जीत का जश्न मनाया गया। किसके सर बंधेगा ताज यह तो चुनाव नतीजों के बाद ही पता चलेगा। लेकिन भाजपा समर्थकों में पूर्वोत्तर के चुनाव नतीजों से खुशी व्याप्त है। पूर्वोत्तर के 3 राज्यों मेघालय त्रिपुरा और नागालैंड के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने लगे हैं। तीनो राज्यों में विधानसभा की 60- 60 सीटें हैं, यहां भाजपा कांग्रेस एवं वामदलों समेत कई क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, वही ममता बनर्जी के मेहनत की भी परीक्षा होनी बाकी है। वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा ने पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता कर बताया कि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। अभी तो यह शुरूआत हुई है 2023 में भाजपा पूर्वोत्तर के राज्यों में सरकार बना रही है। जनता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकताओं के माध्यम से और प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण आज आम नागरिक भाजपा की तरफ तेजी से सम्बद्ध हो रहा है। आने वाले दिनों में जीत का जो सिलसिला शुरू हुआ है यह लगातार बढ़ता रहेगा। 2024 में भी देश में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत से मोदी जी के नेतृत्व में बनेगी।

# 47 लाख का 186 किलो गांजा बरामद

**कामयाबी**

### दो अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

### छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर विभिन्न जनपदों में करते थे आपूर्ति

**जनसंदेश न्यूज**



पकड़े गये गांजा व आरोपी के साथ एसपी सिटी

**मीरजापुर।** पुलिस ने करीब 47 लाख के अवैध गांजा के साथ 2 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। उनके कब्जे 186 किलो गांजा व तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद किया गया है। इसका खुलासा एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने पत्रकार वार्ता के दौरान किया।

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये गए अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर से मिली सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अहरौरा ने पुलिस टीम के साथ कार में सवार 2 आरोपियों प्रह्लाद यादव उर्फ बुल्लू पुत्र पशुराम उर्फ परशुराम यादव निवासी चौधरना थाना अधौरा जनपद भभुआ बिहार, पिन्टू पासवान पुत्र लक्ष्मण पासवान निवासी चौघरना थाना अधौरा जनपद भभुआ बिहार को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से कार में 4 बोरी में रखा हुआ कुल 186.825 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत करीब 47 लाख बताया गया है। गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार को सीज किया गया। पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ से गांजा लेकर सोनभद्र, मीरजापुर व आसपास के जनपदों में लाकर भण्डारण कर आपूर्ति करते हैं। मांग एवं आवश्यकता के अनुसार जगह-जगह सप्लाई करते हैं। यह माल सोनभद्र में रखा गया था। मौका पाकर बिहार ले जाने के फिराक में थे। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई में लगी है।

# टैक्ट्रर पलटने से चार श्रमिक घायल

### गंभीर घायल को जिला अस्पताल किया गया रेफर

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लालगंज हलिया मार्ग पर गोपालापुर गांव के सामने सीमेंट सरिया गिट्टी लेकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और जिससे सवार चार मजदूर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजी। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लालगंज बाजार से गिट्टी सरिया सीमेंट लेकर हलिया जा रहा ट्रैक्टर गोपालापुर गांव के सामने पहुंचा था कि अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से ही हड़कंप मच गया। पास पड़ोस और सड़क से गुजर रहे राहगीर मौके पर पहुंच गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी थानाध्यक्ष को तत्काल दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया मौके पर पहुंच गई और घायल हलिया बरी गांव निवासी 18 वर्ष मीतेश,19 वर्षीय अमरजीत कोल और 20 वर्षीय राजनाथ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजी। इस घटना की सूचना पाने के बाद नवागत उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों की हाल लिया। घायलों का बेहतर इलाज करने के लिए चिकित्सक से बात करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा संजय सिंह अपनी टीम के डा पंकज, अभिषेक त्रिपाठी, देवेंद्र दूबे के साथ प्राथमिक उपचार करके मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**आबकारी की टीम ने किया छापेमारी : अदलहाट।** थाना क्षेत्र के परसिया और रसूलपुर स्थित पांच ईट भठ्ठों पर गुरुवार को उपजिलाधिकारी चुनार के आदेश पर आबकारी विभाग के इस्पेक्टर अखिलेश चंद्र त्रिवेदी के निर्देशन में इस्पेक्टर निशा सिंह, इस्पेक्टर गोपाल कृष्ण यादव, एसएसआई परमात्मा यादव मय पुलिस बल के साथ दबीस देकर करीब छः कुंतल लहन और कच्ची शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया।

# विद्यालय परिसर में पहुंचा आठ फीट का मगरमच्छ, मची अफरा-तफरी

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कलां गांव के अदवा नदी के किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे गुरुवार सुबह करीब आठ फीट का मगरमच्छ अदवा नदी से निकलकर चहलकदमी करते हुए विद्यालय परिसर में पहुंच गया। विद्यालय के बच्चों ने मगरमच्छ को विद्यालय के पीछे टहलते देखकर भयभीत हो गए और शोरगुल मचाते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को मगरमच्छ के आने की सूचना दी।



ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया मगरमच्छ

मगरमच्छ के विद्यालय परिसर में पहुंचने पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मगरमच्छ के आने की सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना पाकर मौके पर लाठी डंडा लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने मगरमच्छ को घेर लिया और कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को बांस व रस्सी के सहारे बांध दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व ग्रामीणों ने मगरमच्छ के आने की सूचना रेंजर हलिया राम नारायण को दिया। वनकर्मियों के साथ विद्यालय में पहुंचकर रेंजर ने मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर मेजा ददरी बांध में छोड़ दिया। वनविभाग द्वारा मगरमच्छ को पकड़ कर ले जाने के बाद विद्यालय के बच्चों व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेंजर हलिया राम नारायण ने बताया कि सोठिया कलां गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में अदवा नदी से निकलकर आए करीब आठ फीट के मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर मेजा ददरी बांध में छोड़ दिया गया है।

### लावारिस हालत में मिले अज्ञात शव की नहीं हो पाई पहचान

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नैड़ी कठारी सिवान में मिले अज्ञात शव के शिनाख्त के लिए बरौंधा चौकी इंचार्ज धर्म नारायण भार्गव ने मप्र के थाना हनुमाना, शाहपुर, एवं सोहागी थाने में मृतक की पहचान के लिए हुलिया चस्पा किया गया है। इसके पूर्व चौकी इंचार्ज द्वारा बार्डर सीमा से लगे थाना कोरांव, थाना खीरी, थाना शंकर गढ़, और चित्रकूट के म ?ऊ थाने में मृतक की फोटो चस्पा किया गया था। किंतु मृतक कहां का और कौन है यह एक अबूझ पहेली बनी हुई है। बताते चलें कि लालगंज थाना क्षेत्र के नैड़ी कठारी सिवान में गत 21 फरवरी को एक 50 वर्षीय अधेड़ की लावारिश हालत में शव मिला था। जिसे देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसकी हत्या किसी अन्यत्र स्थान पर करके शव को ठिकाने लगाने की नियत से सिवान में फेंक दिया गया था। चौकी इंचार्ज धर्म नारायण भार्गव ने बताया कि शव के शिनाख्त के लिए थानों के अलावा भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर भी मृतक की फोटो चस्पा किया गया है जिससे उसकी पहचान हो सके।

# महंगाई लेकर सत्ता में आती है भाजपा

**बोले राजन पाठक**

### महंगा हुआ गैस सिलेंडर कांग्रेस ने किया मंहगाई के विरोध में प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करते हुए एआईसीसी के सदस्य एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि बीजेपी की केंद्र एवं उत्तर प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर विफल है जब जब बीजेपी की सरकार आती है महंगाई आसमान छूने लगती है। बीजेपी की सरकार में सिर्फ उद्योगपतियों को बढ़ावा मिलता है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार जनता को गुमराह करके सत्ता पर काबिज हुई है। केंद्र व प्रदेश की बीजेपी सरकार गरीब विरोधी सरकार है। बीजेपी की सरकार में जनता त्रस्त है। पीसीसी सदस्य एवं मीडिया प्रभारी छोटे खान ने कहा कि जब जब बीजेपी की सरकार आई है महंगाई चरम पर रही है। युवा बेरोजगार हुआ है किसान परेशान हुआ है मजदूरों के पास काम नहीं है। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत के सदस्य शिव शंकर चौबे, पूर्व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन दीपचंद जैन, सुधाकर, राज धर दुबे, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमर दुबे, जिला पंचायत सदस्य कृष्णा गोपाल चौधरी, पीसीसी सदस्य जफर इकबाल, रमेश प्रजापति, आयुषी शुक्ला, जनार्दन पाठक, स्वरूप सिंह, इश्तियाक अंसारी, शिव शंकर पांडेय, राम कृपा मौर्य, संगीता तिवारी, रियाज अहमद, अनुज मिश्रा, अशोक गुप्ता, मोहसिन नफेसुल रिजवी, रोशन अंसारी, अविनाश मिश्रा, नरेंद्र ठाकुर, राजन निषाद, संजय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बार बेंच के सहयोग से गरीबों को मिलेगा न्याय : नवागत एसडीएम

**बैठक**

### स्वागत समारोह हुआ संपन्न

**जनसंदेश न्यूज**



स्वागत समारोह में बोलते नवागत एसडीएम

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में अधिवक्ता भवन में नवागत उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज का स्वागत समारोह संपन्न हुआ। स्वागत समारोह में नवागत उपजिलाधिकारी ने कहा कि गरीबों को न्याय दिलाने के लिए बार ब्रेच का सहयोग आवश्यक है। बार ब्रेच के सहयोग से गरीबों को त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से सामंजस्य बनाकर कार्य करने की अपील किया।

नवागत उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने बारी बारी से अधिवक्ताओं के परिचय प्राप्त किया। परिचय प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रहरी होता है। अधिवक्ता के बल पर समाज में दबे कुचले गरीब को न्याय मिलता है।

उन्होंने न्यायालय में बार ब्रेच का सहयोग देने पर बल दिए। अध्यक्ष एवं अधिवक्ताओं की मांग पर ग्राम न्यायालय संचालित कराने के लिए उन्होंने ग्राम न्यायालय संचालित कराने के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर राय, अरुण कुमार त्रिपाठी, चंद्र दत्त त्रिपाठी, मिथिलेश सिंह, उमाशंकर पटेल, इंद्रमोहन, जय प्रकाश दुबे, एसपी सिंह, रविराज सिंह, प्रेम तिवारी, गणेश यादव, लक्ष्मी कांत पांडे, रमेश श्रीवास्तव, विजय मौर्य आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पुलिस गिरफ्त में आया अधिकारियों पर धौंस जमाने वाला युवक

**मीरजापुर।** जिले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के द्वारा उच्चाधिकारियों के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी बताकर गैर कानूनी काम कराने को लेकर दबाव बनाया जाता था, वही विरोध करने पर गाली गलौज किया जाता था। पुलिस ने गिरफ्तार करके आरोपी को जेल भेज दिया है। जिगना थाना क्षेत्र के ख्वानपुर निवासी रविंद्र कुमार उर्फ बबलू के द्वारा उच्च अधिकारियों के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी बताकर गैर कानूनी कार्य कराने को लेकर दबाव बनाता था, जहां विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करता था। पुलिस के द्वारा युवक की पहचान की गई, जहां पहचान होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करके जिगना थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि आरोपी के द्वारा लगातार उच्चाधिकारियों के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी बताकर गैर कानूनी काम कराने को लेकर धमकी दी जा रही थी, जिसके बाद मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मुकदमा पंजीकृत करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# आपसी सौहार्द्र के बीच मनायें होली का त्योहार : एसडीएम

### होली पर्व पर तीन दिन रहेगा डायवर्जन : सीओ

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में आगामी त्यौहारों पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार आपसी मिलन भाईचारा का त्यौहार होता है इसे मिलजुल कर संपन्न कराने का कार्य करें। यदि किसी भी प्रकार की अराजक तत्वों द्वारा समाज में समस्या होती है तो पुलिस को सूचित करें। पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज ने क्षेत्र में अराजक तत्वों द्वारा चिन्हित स्थलों की जानकारी प्राप्त किया और लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि अराजक तत्वों द्वारा कहीं गड़बड़ी पैदा की जाती है तो आप लोग तत्काल सूचित करें उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। लालगंज ग्राम प्रधान विजय गुप्ता ने शिकायत किया कि गाड़ियों का डायवर्जन कर दिया जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज ने 7, 8 व 9 मार्च को गाड़ियों का डायवर्जन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया, ब्लॉक प्रमुख जयंत कुमार सरोज, पूर्व ब्लाक प्रमुख महेंद्र गिरी, ग्राम प्रधान हफीज, अहमद रहीस, अहमद, विजय कुमार गुप्ता ,भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कृष्ण की भव्य झांकी का दर्शन आज

**मीरजापुर।** गोपाल मंडल के 86 वें वार्षिकोत्सव 03 मार्च शुक्रवार को राधा कृष्ण की भव्य झांकी का दर्शन एवं रात्रि जागरण व भजन का आयोजन किया गया है। जिसमें काशी बनारस घराने के पद्मभूषण तबला सम्राट पंडित किशन महाराज के पुत्र पंडित पूरन महाराज, पंडित नरेंद्र मिश्रा, ओमी व कछवां से मटुक सिंह समेत अन्य कलाकारों का आगमन शिरकत करेंगे।

# अनियंत्रित कार पुल की रेलिंग से टकराकर पलटी, दो घायल

**अहरौरा।** वाराणसी शक्तनिगर मार्ग पर अहरौरा नगर स्थित पट्टी खुर्द ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित होकर स्विफ्ट डिजार टकरा गई जिसमें दो घायल हो गए। अहरौरा से सोनभद्र की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजार कार जैसे ही ओवर ब्रिज पर चढ़ा अनियंत्रित होकर पुल के रेलिंग में काफी दूर तक रगड़ खाने के बाद पुल पर ही बीचों बीच सड़क पर पलट गई। कार चला रहा चालक मौके से फरार हो गया। वही उसमें सवार शिवकुमार पुत्र स्व0 मुखिया निवासी नक्की घाट वाराणसी उम्र 53 वर्ष महेंदर ऊर्फ जुगनू राजभर पुत्र काशी निवासी महमदपुर थाना चुनार उम्र 52 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल कार में फंसे रहे। आसपास के निवासी एवं राहगीरों ने पुल पर कार पलटने के साथ तेज आवाज सुनी मौके पर पहुंचकर कार को सीधी कर उसमें से घायलों को बाहर निकाला तब तक घटना स्थल पर पुलिस भी पहुँची। आवाज सुनकर तत्काल मौके पर चौकी प्रभारी इंद्रजीत यादव भी पहुंच गए। उन्होंने तत्काल घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां महेंद्र उर्फ जुगनू की गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के राजपुर गांव में बुधवार की देर रात अबूझ हाल में 22 वर्षीय युवक अमित कुमार पुत्र अशोक कुमार ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी भरूहना नरेंद्र यादव ने बताया कि घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### हिंदुओं को जागृत कर चंगाई सभा व धर्मांतरण पर लगायी जाय रोक

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र स्थित अमोई पुरवा के कचरिया में शांति कुंज कार्यालय पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें रामोत्सव की शोभायात्रा, रामजन्मोत्सव की रूप रेखा बनाई गई। सत्संग में बोलते हुए जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल ने हिंदुओं का धर्मांतरण कर ईसाई धर्म स्वीकार कराने, चंगाई सभा होने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्णमासी तक 21 स्थानों से रामोत्सव की शोभायात्रा और 251 स्थान पर रामजन्मोत्सव का कार्यक्रम होगा। इसके बाद 20 फरवरी से धर्मरक्षा निधि कार्यक्रम चलेगा जिसके तहत अनुसूचित वर्ग के गरीब बच्चों को संगठन के विद्यालयों में पढ़ने की चिंता की जाएगी तथा हिंदुओं को जागृत कर चंगाई सभा व धर्मांतरण पर रोक लगाया जाएगा। सत्संग में जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल, धर्म प्रसार अध्यक्ष विजय बहादुर पांडेय, दीना पाण्डेय, सुरेश सिंह, अभयचन्द्र मिश्र, ज्ञानेंद्र सिंह, रामजस उपाध्याय, रामबचन पटेल, साहब पटेल के साथ दो दर्जन अन्य सक्रिय कार्यकर्ता रहे।

# ज्वाइंट कमिश्नर ने श्यामा प्रसाद रूर्बन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते ज्वाइंट कमिश्नर

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड में कराए गए श्यामा प्रसाद रूर्बन मिशन के कार्यों का गुरुवार को ज्वाइंट कमिश्नर सुरेश चंद्र मिश्र ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके तहत पांच आंगनवाड़ी केंद्र देवघटा पांडेय, भटवारी प्रथम, द्वितीय एवं बरी के केंद्रों का निरीक्षण कर देवघटा पांडेय में एमडीएम चखा। गुणवत्ता की सराहना किया। इसके बाद हलिया पहडी पर बने वेस्ट रीसाइकलिंग एवं भटवारी नदोलवा नाले पर बने चेक डैम्प, चक्कोटार में ब्लास्टिंग कूप का निरीक्षण किया। इसके बाद बरी, बसुहरा के तालाब का स्थलीय निरिक्षण किया। ज्वाइंट कमिश्नर ने बताया कि रोजगार मिशन के तहत 5% बकाया धनराशि के भुगतान हेतु निरीक्षण किया गया। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार, बालविकास अधिकारी विकास शुक्ल, जेएमआई विजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### 11 केवी हाईटेंशन की चपेट में आने से झुलसा युवक

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के कलवारी कोटवां घीसाराम में गुरुवार को सुबह दस बजे के लगभग विजय (13) वर्ष पुत्र राजेंद्र हाईटेंशन की चपेट में आने से झुलस गया। विजय क्रिकेट खेल रहा था। गेंद छत पर चली गयी। उसी गेंद को उतारने के चक्कर में छत पर चढ़ा और एच टी का हाईवोल्टेज का तार छत पर से होकर गया हुआ है। विजय छत पर चढ़ते ही एच टी तार के चपेट में आ गया। जिससे हाथ पैर दोनों जल गया। देखते ही परिवार के द्वारा आनन-फानन में तुरंत मड़िहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बिजली विभाग की घोर लापरवाही से 11000 हाई वोल्टेज का तार घरों के ऊपर से गया है। परिवार के ही गोपाल ने बताया कि कई बार हम लोगों ने विजली विभाग से लिखित शिकायत किया था लेकिन अभी तक 11 केवी के तार को न तो हटाया गया नहीं ढका गया।

## संक्षेप

### मेन पत्ता टूटने से खाई में गयी बस



**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिलहटा से मीरजापुर जा रही बस गुरुवार को दोपहर अदवा हलिया मार्ग पर हथेडा गांव में बस का मेन पत्ता टूटने से सड़क के बगल खाई में चली गई संजोग ठीक था कि उसमें बैठे सवारी बाल-बाल बच गए। बस के चालक कल्लू यादव निवासी मीरजापुर ने बताया कि सड़क मे बने गड्ढे के कारण बस का अगला दाहिने तरफ का मेन पत्ता टूटने से बस सडक के किनारे दस फिट नीचे खाई में चली गयी। बस में लगभग 30 यात्री बैठे हुए थे। संजोग ठीक था कि सभी सुरक्षित बच गए।

### डीआईजी ने पदोन्नत हुए पुलिस कर्मियों के कंधे पर लगाया स्टार

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र, आर0पी0 सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली-2015 (यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के अनुसार ज्येष्ठता के आधार पर प्राप्त चयनित सूची के पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के अनुमोदन के उपरान्त मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस पद पर पदोन्नत हुये परिक्षेत्रीय कार्यालय मीरजापुर में नियुक्त मु0आ0 लाल बहादुर (नियुक्ति जनपद भदोही) तथा मु0आ0 स्वामी नाथ तिवारी (नियुक्ति जनपद सोनभद्र) को उनके कंधों पर स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान उन्होने कहा कि आपकी लम्बी सेवाओं के अनुभव का विभाग को लाभ पहुंचाये जाने की अपेक्षा के साथ अब आपको अधिक जिम्मेदारियों से अपने दायित्वों को निर्वहन करना होगा, अपने उत्तरदायित्व के अनुरूप अपनी दक्षता व निष्ठा का पूरी ईमानदारी के साथ उपयोग करते हुये समाज में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस अवसर पर निरीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव गोपनीय सहायक, निरीक्षक देव प्रकाश प्रभारी सोशल मीडिया सेल, निरीक्षक राजकुमार सिंह, निरीक्षक जटाशंकर सिंह प्रभारी, निरीक्षक रामनगीना यादव प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ, निरीक्षक देवतानन्द सिंह पेशकार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हलिया।** क्षेत्र के गढवा गांव बेलन नदी के किनारे से बुधवार की रात आठ बजे पुलिस ने कच्ची शराब की बिक्री कर रहे एक आरोपित को दस लीटर कच्ची शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। एसआई विजय कुमार यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल तुफैल अहमद के साथ गस्त कर रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक आरोपित कच्ची शराब की बिक्री कर रहे है जिस पर मौके पर पंहुचकर आरोपीत तिलांव गांव निवासी बाबुलाल को बेलन नदी के किनारे से गिरफ्तार कर उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए थाने पर लाकर आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

### प्राथमिक विद्यालय भतड़ा का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

जिगना। **जिगना थाने के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भतड़ा बुधवार की बीती रात** में अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल के किचन का ताला तोड़कर 1 क्विंटल चावल 10, दाल 50, आलू, तेल, दो भगोना, चार स्टील की बाल्टी, 3 करछुल, 70 थाली, 105 गिलास, आटा, दो गैस सिलेंडर की चोरी कर ली गई। इसी बीती रात में ग्राम पंचायत जिगना के पंचायत भवन से एलइडी लाइट, बॉक्स, बैटरी, वाईफाई पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। दोनों जगहों से लिखित तहरीर स्कूल की सहायक अध्यापिका नीसु मिश्रा व ग्रामपंचायत जिगना के प्रधान प्रतिनिधि विनय प्रताप सिंह सिंह के द्वारा थाना प्रभारी को दे दी गई। स्कूल पर पिछले दो सालों में 3 बार चोरियां हो चुकी है। लेकिन आज तक पुलिस केवल तहरीर लेकर कोई कार्यवाही नहीं किया। बाद में पूरे मामले में लीपापोती कर दी जाती है जिसके कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन वे चोरी को अंजाम दे रहे हैं।

### ट्रक पलटने से ट्रैक्टर ट्राली सहित लगभग दो लाख का सामान नष्ट

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदिहार बाजार में आलू लदी अनियंत्रित ट्रक दुकान के सामने पलट गई जिससे दुकान मालिक का लगभग दो लाख रुपये के मुल्य का सामान व ट्रैक्टर ट्राली क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही ट्रक में लदा आलू सड़क पर बिखर गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया तथा मामूली रूप से जख्मी ट्रक चालक का इलाज कराया। बीते बुधवार की रात कानपुर निवासी ट्रक चालक शाहिद 36 वर्ष कानपुर से ट्रक में आलू लादकर संभल उड़ीसा जा रहा था। आलू लदी ट्रक लगभग 3:00 बजे रात जैसे ही नदिहार बाजार पहुंची की सामने से आ रहे पिकअप को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पटरी पर उतर गई। सड़क की पटरी काफी गहरी होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे में तथा सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारते हुए दुकान के पास पलट गई। ट्रक की टक्कर से बिजली का पोल टूट गया तथा ट्रैक्टर ट्राली भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### मारपीट व बलात्कार का लगाया आरोप

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र की एक गांव निवासिनी महिला ने विंध्याचल थाना के एक व्यक्ति के ऊपर मारपीट व बलात्कार का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही इस सम्बंध में विंध्याचल पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### त्योहार को देखते हुए भरे गये दर्जनों नमूने

**मीरजापुर।** आगामी होली त्योहार को देखते हुए बाजारों में सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में गुरूवार को सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मंजुला सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद के विभिन्न बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में गुरूवार को मड़िहान क्षेत्र से संतनगर से खोया के दो निर्माण इकाइयों से कुल 04 नमूने लिए गये। जिसमें दो दूध तथा दो खोया एवं बघैला से खोया निर्माण इकाई से एक खोया और सुगपाख से एक खोया निर्माण इकाई से दो दूध और मड़िहान बाजार से एक पनीर का नमूना संकलित किया गया। साथ ही नगर पालिका क्षेत्र से एक मिठाई का व एक पनीर का नमूना लिया गया। कुल 10 नमूने भरे गए। साथ ही विभिन्न बाजारों में विक्रेताओं को रंगीन कचरी से होने वाले नुकसान बताने के साथ साथ उसे न बेचने हेतु जागरूक किया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार, संदीप सिंह विवेक मौर्य, विजय प्रताप, किशुन चौहान तथा आनंद कुमार मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट में दो को मिला चार साल का कारावास

**मीरजापुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी पैरवी में 09 मार्च 2015 को थाना कछवां पर एक महिला (वादिनी) द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध अपनी (वादिनी की) नाबालिक बहन के साथ आते जाते छेड़-छाड़ करना, मोबाइल से फोटों खीचना, अश्लील हरकते व बातें करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना कछवां पर पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर तत्काल नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एसपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत उक्त महिला सम्बन्धित अपराध को प्राथमिकता देते हुए थाना कछवां पुलिस एवं मॉनीटरिंग पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए प्रवाभी एवं सशक्त पैरवी कराया गया। जिसके फलस्वरूप न्यायालय द्वारा महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में दोषी पायें जाने पर आरोपी नागेन्द्र यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी नयापुरा हांसीपुर थाना कछवां मीरजापुर व मिन्टू सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी पचराव थाना चुनार मीरजापुर को 04-04 वर्ष का कठोर कारावास एवं 13.5, 13.5 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### दिघुली में पारंपरिक स्थल पर ही लगेगी होलिका

**लालगंज।** उपजिलाधिकारी लालगंज बी एल सरोज एवं क्षेत्राधिकारी दिक्षांत राज की संयुक्त बैठक में थाना क्षेत्र के दिघुली गांव में होलिका लगाने को लेकर उठे विवाद पटापेक्ष किया गया। अधिकारी द्वय में पारंपरिक स्थल पर होलिका लगाने के लिए दोनों पक्षों को निर्देशित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी लालगंज बी एल सरोज ने कहा कि दोनों पक्ष आपसी सौहार्द एवं भाई-चारा कायम रखते हुए खुशी माहौल में होली का पर्व मनाएं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी दिक्षांत राज ने दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की नसीहत दी। चौकी इंचार्ज बरौंधा को सख्त निर्देश दिया कि शांति व्यवस्था में मजहिमत पैदा करने वाले तत्वों पर निगरानी रखी जाय।

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** बीते 17 जनवरी को नजीर पुत्र रसीद निवासी भरपुरा थाना पड़री द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध लिखित तहरीर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक पड़री को निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में गुरुवार को उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा घटना से सम्बन्धित दो आरोपी बुद्धू पुत्र स्व हलीम व लाडो पुत्री बुद्धू निवासीगण भरपुरा थाना पड़री को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# कुल्हाड़ी से प्रहार कर महिला ने पति को उतारा मौत के घाट

**फैली सनसनी**

**हत्या कर पत्नी मौके से फरार, पुलिस तलाश में जुटी**

**बभनी थाना क्षेत्र के पोखरा परसाटोला गांव में हुई रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना**

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परसाटोला डिग्री कालेज के समीप बुधवार की रात एक महिला ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर पति की हत्या कर दी। मृतक के आठ वर्षीय पुत्र ने घटना को देखकर परिजनों को सूचना दी। घायल जय प्रकाश पुत्र धन सिंह को बभनी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी सोनामति घर से बाहर की दीवार पर टूटीफूटी भाषा में कुछ लिखकर घर से निकल गयी।

बताया गया कि पोखरा परसाटोला निवासी जय प्रकाश 34 बुधवार की रात अपने पड़ोसी के घर जन्मदिन पार्टी में गया हुआ था। पत्नी सोनामति अपने मायके से रात में करीब आठ बजे घर आई। घर आई तो पति घर पर नहीं था, उसने पता किया तो वह पड़ोस में गया हुआ था। पति के न रहने पर वह अपने बच्चों के साथ किनारे सो गयी। पति रात में 11 बजे के करीब घर आया और कमरे में सो गया। उधर मां के साथ सो रहे बच्चे भी नींद में सो गए। पत्नी उठी और घर में रखी कुल्हाड़ी से पति के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोट से जय प्रकाश की मौत हो गई। पति को मौत के घाट उतारने के बाद पत्नी सोनामती मौके से फरार हो गई। भोर में जब बच्चे सोकर उठे तो मां को नहीं देखा और जब कमरे में गये तो पिता की हालत देख आस पास के लोगों को बताया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान तथा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने बच्चों से पूछताछ किया और ग्रामीणों से भी जानकारी लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिवरात्रि पर भी पति पत्नी में झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह अपने मौसी के घर म्योरपुर थाना क्षेत्र के चागा गांव चली गई थी। बुधवार की शाम पहले मोबाइल से बात की फिर रात में घर आई और अपने पति को कुल्हाड़ी से मारकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक के पिता धन सिंह ने बहु के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया गया। आरोपी पत्नी की तलाश की जा रही है।

## अनियंत्रित कार पलटने से दो जख्मी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जवारडीडांड़ से गुरमुरा के बीच गुरुवार की अल सुबह एक वैगनार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे दो लोग घायल हो गये। घायलों को पीआरवी पुलिस द्वारा एम्बुलेंस की मदद से चोपन सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि कार सवार चोपन की तरफ से अपने घर सिंगरौली जा रहे थे कि जवारीडांड़ व गुरमुरा के बीच पहुंचते ही कार चालक को झपकी लगने की वजह से कार अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर पार करते हुए कुछ दूर जाकर पलट गई। कार पलटने से 21 वर्षीय शिवेंद्र कुमार पुत्र राधामोहन व 19 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र पुष्पेन्द्र दोनों निवासी सिंगरौली घायल हो गए। कार पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग व राहगीर मौके पर जुट गये और घटना की सूचना पीआरवी पुलिस को दी।

## दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी के अपहरण कर दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के अनुसार बीते 22 फरवरी को पीड़िता के पिता ने स्थानीय थाने में तहरीर दे कर बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री को एक अज्ञात युवक कहीं भगा ले गया है। इसी के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी।

पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि उक्त व्यक्ति कहीं भागने के फिराक में शारदा मंदिर के पास खड़ा है। तत्काल पुलिस ने आरोपी युवक को उक्त स्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर किशोरी को बरामद कर मेडिकल हेतु भेज दिया। वहीं आरोपी विकास चौधरी निवासी बराक, शाहगंज का चालान कर दिया। पुलिस टीम में ओबरा थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार मिश्रा, कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार त्रिपाठी, ओंकार सिंह यादव शामिल रहे।

# बाइक से गिरकर दो युवकों की मौत

**कार्रवाई**

**पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही करने के पश्चात पीएम को भेजा**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** मांची थाना क्षेत्र के सूअर सोत चौकी के पास बुधवार की देर रात अनियंत्रित बाइक से गिरकर दो युवकों की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि बिहार प्रांत के अधौरा थाना क्षेत्र के डुमरकोन गांव निवासी पंकज 24 एवं पन्नालाल 20 कहीं जा रहे थे कि अचानक उनकी बाइक किसी पत्थर से टकराकर गिर गई।

हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों घायलों को वैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही करने के पश्चात पीएम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। उधर मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक की गयी जान



**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंदुरिया पेट्रोल पम्प के आगे बुधवार की रात ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद चालक फरार हो गया। परिवार के लोगों ने चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि थाना क्षेत्र के बैरियर निवासी विनय 25 पुत्र रामदास बुधवार की रात बाइक से जुगैल की तरफ से अपने घर बैरियर लौट रहा था, जैसे ही वह सिंदुरिया पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में धक्का मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसपर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। मृतक 7 भाई बहनों में छठे नम्बर का था। अभी वह अविवाहित था। वहीं मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों के अनुसार ट्रैक्टर और चालक कुड़ारी गांव का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षेप

### दो दिवसीय टीएलएम मेला, कला प्रदर्शनी का डीएम ने किया उद्घाटन



प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम चंद्रविजय सिंह

**सोनभद्र।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में अन्तर्विभागीय समन्वय के तहत जनपद स्तरीय टीएलएम मेला व कला प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने मां वीणापाणि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजन अर्चन कर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि गुरु का पद बहुत ऊंचा होता है तथा आपके उपर बहुत बड़ा दारोमदार है, समाज को नई दिशा देने का। कलाकृतियों एवं टीएलएम को देखकर अच्छा लगा। विशिष्ट अतिथि ने शिक्षकों से अपील किया कि यहाँ जो नवाचार दिख रहा है, वो क्लास रूम तक जाये और बच्चे उससे लाभान्वित हों। कार्यक्रम के संयोजक व आयोजक डायट प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षु शिक्षकों के अन्दर की अन्तर्निहित शक्तियों को प्रस्फुटित करना व विभिन्न विभागों से अन्तसंबंध स्थापित कर शिक्षकों को एक मंच उपलब्ध कराया गया है। वहीं प्रत्येक ब्लाकों के शिक्षकों द्वारा भाषा व गणित के निपुण भारत पर आधारित टीएलएम मेले का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया। कला प्रदर्शनी में डीएम ने कैनवास पर चित्र बनाकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। वहीं डायट के प्रशिक्षुओं और बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने कला प्रदर्शनी में अपनी सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता और मौलिकता का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं ने देर शाम तक सुरों की सरिता बहायी। संचालन एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी व आनन्द त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। टीएलएम मेले का मूल्यांकन एसआरजी व डायट प्रवक्ता की टीम द्वारा किया गया।

### बिना माइन टैग के नहीं होगा खनिज परिवहन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद के रास्ते खनिजों कोयला/लाइम स्टोन, उप खनिज गिट्टी/बोल्डर डोलो स्टोनो, सैण्ड स्टोन, ग्रेनाइट व नदी तल स्थित मोरम का परिवहन करने वाले समस्त वाहन चालकों /स्वामियों/ट्रक आनर्स एसोसिएशन को सूचित किया कि शासन के निर्देशानुसार खनिजों/उप खनिजों से लदे वाहनों को परिवहन करते हुए माइन टैग लगवाना अनिवार्य किया गया है, बिना माइन टैग के उप खनिजों का परिवहन नहीं किया जाएगा। वाहन चालक/स्वामी निर्धारित बेंड अथवा मध्य प्रदेश से जनपद में शक्तिनगर रोड के रास्ते आने वाले वाहन चालक/स्वामी एण्डरायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर में जाकर माइन मित्रा ऐप इन्स्ट्राल कर स्टेटस देख सकते हैं। जिन वाहनों में माइन टैग लगा है, परन्तु मैपिंग नहीं हुआ है, माइन टैग मिनी कमाण्डे सेन्टर खनिज विभाग से प्राप्त कर मैंपिग कराना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी हेतु खनिज कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते है। बिना माइन टैग के किसी प्रकार से खनिजों/ उप खनिजों का परिवहन कत्तई न किया जाय।

### अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

**सोनभद्र।** क्षेत्रिय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी डा अशोक कुमार दिनकर ने बताया कि अभिषेक कुमार सिंह, योग प्रशिक्षक राजकीय आयुवेदिक चिकित्सालय लोढ़ी की ड्यूटी ग्रीष्मकाल में 6:15 से 7:00 बजे तक और शीतकाल में 7:15 से 8:00 बजे तक, प्रमोद कुमार सिंह योग प्रशिक्षक राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शाहगंज, ग्रीष्मकाल 7:15 से 8:00 बजे तक और शीतकाल में 8:15 से 9:00 बजे तक, डा संतोष पाल चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामगढ़, ग्रीष्मकाल 7:00 बजे से 8:00 बजे तक और शीतकाल में 8:00 से 9:00 बजे तक ड्यूटी निर्धारित की गयी है।

### महिला से गाली-गलौज मामले में मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत एक महिला से गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दिये तहरीर में मनोरमा देवी पत्नी हीरालाल निवासी सेक्टर एक ने आरोप लगाया कि अरविंद फुले व धर्मवीर निवासीगण अज्ञात जबरन उनके प्लाट पर अवैध कब्जा कर रहे थे। सूचना पाकर जब मनोरमा देवी विरोध करने लगी तो उक्त लोग जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि जान से मारने की धमकी भी देने लगे। इस मामले में थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि मनोरमा देवी की तहरीर पर अभियुक्त गणों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अरविंद फूले को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया, जबकि धर्मवीर की तलाश जारी है।

### विज्ञान माडल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

**शक्तिनगर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में लायन्स स्कूल ज्वालामुखी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। मॉडल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कक्षा नौ के छात्र सागर कुमार व कृष्णा कुमार सिंह ने जल स्तर नापने के यंत्र, अफरोज खान, इसरार अंसारी ने कचरे से बिजली तैयार करने, अभिषेक तिवारी, प्रियांशु सिंह चौहान ने हैडोलिक प्रेस, आस्था गिरी एवं आस्था पाण्डेय ने एसिड रेन में अपना मॉडल प्रस्तुत कर शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्य गीता सिंह ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सहयोगी विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में लोगों के सहयोग से विद्यालय और ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

### दिवंगत मुख्य आरक्षी को दी गयी श्रद्धांजलि

**सोनभद्र।** बभनी थाने पर तैनात मुख्य आरक्षी देवेन्द्र कुमार बीते एक मार्च को सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। उनको इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इस दौरान गुरुवार को एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस लाइन चुर्क परिसर में दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## बिजली काटने से आक्रोशित बस्तीवासियों ने जाम किया गेट

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिगरौली परियोजना द्वारा प्रेम नगर बस्ती की बिजली काटे जाने से आक्रोशित निवासियों ने परियोजना जाने वाले मुख्य मार्ग चर्च गेट को जाम कर दिया, जिससे ड्यूटी जाने वाले कर्मचारी फंस गए। इससे नाराज एचएमएस के महामंत्री एस के सिंह ने मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यूनियन अपने स्तर से कार्रवाई करने को विवश होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी परियोजना प्रबंधन की होगी। पत्र में उन्होंने बताया कि बुधवार को परियोजना कर्मी एवं संविदा श्रमिक जनरल ड्यूटी जा रहे थे कि चर्च गेट पर बड़ी संख्या में पुरूष एवं महिला सड़क पर बैठकर जाम कर दिये। जिसके चलते कर्मचारियों को ड्यूटी जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अगर एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा कड़ाई से इन पर रोक नहीं लगाई गई तो बड़ी दुर्घटना होने से कोई रोक नहीं सकता। इस गंभीर मुद्दे पर यूनियन व एसोसिएशन के साथ बैठक कर इसका हल निकालने का प्रयास किया जाय, नही तो कर्मचारी स्वयं इसका प्रबल विरोध करने को तैयार होंगे।

# तांत्रिक बाबा बनकर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**सोनभद्र।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने तांत्रिक बाबा बनकर ठगी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उनके पास से भारी मात्रा में गहने व दो बाइक बरामद हुई है। सदर कोतवाली में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सीओ सीटी राहुल पांडेय ने बताया कि बीते 22 फरवरी को मंजुलता मौर्या पत्नी श्याम किशोर मौर्या निवासी ग्राम अक्छोर ने प्रार्थना पत्र दिया कि दो अनजान व्यक्ति द्वारा अपने आप को बाबा बताकर छलपूर्वक नाम पता पूछने के बहाने अपनी बातों में फंसाकर वादिनी का गहना व पर्स जिसमें गले का चैन, कान का झूमका, मंगल सूत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, 2500 रूपया व मोबाईल लेकर चले गये। जिसपर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने पुलिस टीम को विशेष निर्देश दिये थे। इस क्रम में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में गुरुवार को पुलिस टीम बढ़ौली चौराहे पर



आरोपियों को मीडिया से रूबरू कराते सीओ सीटी राहुल पांडेय

ठगी गिरोह की संदिग्ध व्यक्तियों व बरामद के संबंध में आपस में चर्चा कर रहे थे कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो बाइक पर सवार चार व्यक्ति जो हाइड्रिल मैदान के सामने तांत्रिक विद्या का भय व झांसे में लेकर चैन मंगल सुत्र व झुमका लेकर चम्पत हो गये थे। चुर्क स्टेशन के पास आपस में बात कर रहे हैं। जिसपर पुलिस टीम चुर्क रेलवे स्टेशन से पहले पहुंचकर दोनो वाहनों को सड़क किनारे खड़ाकर स्टेशन के तरफ बढ़ रहे थे कि दूर से दो मोटर साइकिल पर दो लोग बैठे व दो व्यक्ति खड़ा होकर आपस में बात करते दिखा। पुलिस टीम ने घेरकर सभी को पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपियों ने अपना नाम हुसैन पुत्र नजरुदीन, इकबाल पुत्र मो शराबुद्दीन, खालिक पुत्र लियाकत अली निवासी ठंडानाला, थाना गदरपुर (गुलरभोज) उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, इस्लाम पुत्र अशरफ निवासी कर्मलीपुर गजरौला, अमरोहा बताया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो चैन, दो कान का झुमका व कनफुल एक लाकेट पीला धातु, एक चैन, चार बिछिया, एक चन्द्रमा, तीन डिब्बा अंगुठी का पत्थर, दो नम्बर प्लेट, दो बाइक बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोग फकीरी का काम करते थे। परन्तु इधर काफी वर्षों से उत्तर प्रदेश बिहार, झारखण्ड, मप्र, छत्तीसगण आदि राज्यों में जाकर अंगुठी, पत्थर नग, तांत्रिक विद्या जादू दिखाकर भोली भाली महिलाओं को भूत प्रेत से परेशानी बताकर एक सुनियोजित षड्यंत्र का जाल बिछाकर पहले हम लोगों में से दो लोग महिला से किसी का पता पूछते हैं। इसके बाद बातों में फंसाकर महिला के शरीर पर सोने का गहना, चैन, झुमका मंगलसुत्र आदि के तरफ इशारा करके ठगी करने के इरादे से बताते हैं कि आपका सोना अशुद्ध हो गया, इसलिए आप परेशान हैं। इस तरह वे महिलाओं के गहने लेकर फरार हो जाते थे। सीओ ने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में संजय कुमार सिंह प्रभारी चौकी कस्बा रॉबर्ट्सगंज, अफरोज आलम, अमित कुमार सिंह, नवीन कुमार चौरसिया, आशीष कुमार, विश्वरंजन प्रताप चौबे आदि शामिल रहे।

## बोर्ड की योजनाओं में कटौती से मजदूरों में आक्रोश

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज में भवन निर्माण में लगे मजदूरों के लिए लेबर अड्डे पर कोई शेड नहीं बना है और न ही उनके पीने के पानी का इंतजाम है। हालत इतनी बुरी है कि भवन निर्माण सामग्री की लागत बढ़ने से भवन निर्माण में कमी आई है और गांव में काम न मिलने से बड़ी संख्या में मजदूर शहर आ रहे हैं। इससे मजदूरों को महीने में महज 10 से 15 दिन काम मिल रहा है, जिसमें अपनी परिवार की जीविका चलाना उनके लिए कठिन होता जा रहा है। यह बातें राबर्ट्सगंज लेबर अड्डे पर मजदूरों से श्रम बंधु दिनकर कपूर द्वारा किए संवाद में मजदूरों ने बताई। मजदूरों ने सरकार द्वारा भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में प्रमुख चिकित्सा सुविधा, साइकिल सुविधा, पेंशन आदि को खत्म करने पर आक्रोश व्यक्त किया। दिनकर कपूर ने कहा कि संसद में कानून के जरिए निर्माण मजदूरों को तमाम सुविधाएं मिली हुई थी, अब केंद्र सरकार उस कानून को ही खत्म करने में लगी है और उसकी जगह जो लेबर संहिता बनाई गई है उसमें तमाम छूटे पूजी घरानों को और रियल स्टेट के कारोबारियों को दी गई है। मजदूरों के अधिकार में कटौती की गई है इन सब पर मजदूरों की गोलबंदी की जाएगी।

# हिण्डाल्को में डिजिटाइजेशन ऑटोमेशन सेफ्टी इनोवेशन प्रतियोगिता आयोजित

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का आयोजन ट्रेनिंग सेन्टर में किया गया। इस प्रतियोगिता में 4 टीमों के 8 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगियों एक से बढ़ कर एक रचनाएं प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में ब्वॉयलर एण्ड यूटिलिटी के एसके चावरिया ने प्रथम स्थान, रिडक्शन प्लान्ट के शिवराम यादव ने द्वितीय स्थान व ब्वॉयलर एण्ड यूटिलिटी के सतीश कुमार चौबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का संचालन सुशील पाण्डेय ने किया।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के सदस्य गोपाल सिंह राठौर, विवेक कुमार रहे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा विवेक कुमार ने किया। प्रतियोगिता के दौरान प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात ट्रेनिंग सेन्टर हॉल में आयोजित डिजिटाइजेशन एवं आटोमेशन प्रतियोगिता में 4 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में फैब्रिकेशन प्लांट के राम





प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

जीत कुशवाहा, देवांश निखरा, दीपक सिंह ने प्रथम, रिडक्शन प्लान्ट के अशीम दत्ता, एचआर पाल, अजय श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा अल्युमिना प्लांट के रंतीम देव राय, अनूप कसौधन, सिद्धार्थ तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक प्रेम मौर्या एवं पुष्पेन्द्र सिंह चौहान रहे। इस बार विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ इस नई प्रतियोगिता को सम्मिलित किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा बीपी शर्मा द्वारा की गई। तृतीय प्रतियोगता सेफ्टी इनोवेशन रही जिसमें कुल 4 टीमों ने भाग लिया। निर्णायक निखिल गौरव एवं सुरेन्द्र कुमार रहे। प्रतियोगिता में फैब्रिकेशन प्लान्ट के गौरांग पांडेय, दीपक सिंह, स्वाक मौर्या, वीके सिंह ने प्रथम स्थान, यूटिलिटी एवं ब्वॉयलर की कोमल कुशवाहा, मनीष कुमार, आरके सिंह, मिलन कुमार ने द्वितीय स्थान व यूसी मिश्रा, चिन्मय, हरिश शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रसोई गैस के बढ़े दामों पर भाकपा ने किया प्रदर्शन

**चोपन।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने स्थानीय विकास खंड के नेवारी ग्राम सभा में बढ़ती मंहगाई, बढ़ती बेरोजगारी और रसोई गैस के बढ़ते दामो पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं द्वारा नेवारी ग्राम सभा में पूर्व से ही क्षेत्रीय कमेटी के गठन और जन समस्याओं को लेकर चौपाल आयोजित किया गया था।

जहां ग्रामीणों की समस्याओं के साथ बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और तत्काल रसोई गैस के बढ़े कीमत का मुद्दा गरमाया। जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा ने कहा कि जहां देश में लगातार बेतहाशा मंहगाई और बेरोजगारी है वहीं रसोई गैस सिलेंडर के दामों में आज से 50 रु0 की एक और बढ़ोत्तरी मोदी सरकार द्वारा कर दी गई है। यह वृद्धि महंगाई की मार से पहले ही बहुत पीड़ित जनता पर एक



प्रदर्शन करते भाकपा कायकर्ता

और करारा हमला है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व के स्वयंभू प्रवर्तकों ने हिंदुओं के होली जैसे सर्वाधिक मनाएं जाने वाले त्यौहार पर उन्हें गैस में कीमत बढ़ोत्तरी का तोहफा दिया है। बढ़ोत्तरियों को फौरन वापस लिया जाए। भाकपा कार्यकताओं के इस विरोध प्रदर्शन के बाद पार्टी कार्यकताओं द्वारा क्षेत्रीय और ब्रांच कमेटी का भी गठन किया। जहां सर्वसम्मति से कामरेड चौधरी कोल को मंत्री, कामरेड देव नाथ बैगा व कामरेड राम टहल को सह मंत्री, कामरेड पप्पू भारती को कोषाध्यक्ष, कामरेड बुद्धन अग्रहरि को संगठन मंत्री के लिए चुना गया। इसके साथ ही सुधा देवी व मनिता कुमारी को महिला फेडरेशन, बनारसी व विश्वनाथ बैगा को नौजवान सभा, राम लखन व कालिका प्रसाद को खेत मजदूर यूनियन, कमलेश व राज कुमार को किसान सभा के क्षेत्रीय संयोजक पद के लिए चुना गया। संचालन नौजवान सभा के नेता कामरेड कमला प्रसाद ने किया।

# निजी अस्पताल में भर्ती महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

जनसंदेश न्यूज

**मामला**

**स्वास्थ्य महकमा मानक विहीन अस्पतालों पर नहीं कर रहा कार्रवाई**

**सोनभद्र।** स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता कि जनपद मुख्यालय पर कुकुरमुत्तों की तरह उगते निजी अस्पताल और उनमें मानक विहीन स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों की कब्रगाह बनती जा रही हैं। इन अस्पतालों में मानक का ताक पर रखकर कार्यरत अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी व डॉक्टर मरीजों के लिए काल बन रहे हैं। उक्त हॉस्पिटलों के खिलाफ तमाम शिकायतें मिलने के बावजूद अस्पताल संचालकों के खिलाफ जिम्मेदार विभागों की तरफ से कोई प्रभावी कार्यवाही नही की जाती। बुधवार की रात एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की मौत पर हंगामा हुआ। मानक विहीन चलते इन अस्पतालों में अप्रिशिक्षित डाक्टर मरीजों के बीमार शरीर से तब तक खेलते हैं जब तक वह बेजान नही हो जाता और जब बाजी इनके हाथ से निकल जाती है तो इसके बाद उक्त अस्पताल के लोग अपने हाथ खड़े कर देते हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय गेट व जिला अस्पताल से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एक निजी अस्पताल में बुधवार की रात इलाज के दौरान एज अधेड़ महिला की मौत के बाद उसके परिजनों द्वारा इलाज में लापरवाही से हुई मौत का इल्जाम लगाकर जमकर हंगामा किया गया। हंगामे की वजह से अस्पताल में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को फिलहाल समझाबुझाकर मामला शांत करा दिया। सहिजन कला निवासी राजकुमारी 50 पत्नी लक्ष्मन पिछले कुछ दिनों से बीमार थी और उनका इलाज जिला अस्पताल के ठीक सामने स्थित निजी हास्पिटल में चल रहा था, लेकिन शाम अस्पताल कर्मियों की लापरवाही से राजकुमारी की मौत हो गयी। वहीं अस्पताल प्रशासन मरीज की मौत का कारण बताने के बजाय मौके से भाग खड़ा हुआ।

## महिला की बच्चेदानी का हुआ आपरेशन, हालत बिगड़ने से मौत

**नाराजगी**

**अस्पताल के बाहर परिजनों ने किया हंगामा, कार्रवाई के आश्वासन पर बनी सहमति**

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के पत्ता कंपनी के पास एक निजी अस्पताल में एक विवाहिता की बच्चेदानी के ऑपरेशन के उपरांत पेट में हुए असहनीय दर्द से हालत बिगड़ने पर मौत हो गयी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन कथित चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर शव रख हंगामा करने लगे।

सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज संजय सिंह ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा देकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु पीएम हाउस भेज दिया। अनपरा निवासी राजकुमार पेशे से पेंटर है, उसने बताया कि उसकी पत्नी पांच वर्षों से लिकोरिया से पीड़ित थी। इस दौरान कई अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन राहत नही मिली। इधर कुछ दिनों से वह म्योरपुर अपने ससुराल में आया था। आशा अनीता देवी ने बताया कि दुद्धी में एक अस्पताल है, जहां आपरेशन के बाद आपकी पत्नी ठीक हो जाएगी। जिसपर वह पत्नी 35 वर्षीय प्रमिला को दुद्धी कस्बे के केयर हॉस्पिटल में मंगलवार की रात्रि दाखिला कराया। बुधवार की सुबह पत्नी के बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ और उसे वार्ड में शिफ्ट किया गया कि देर रात्रि उसके पेट में हल्का दर्द उठने लगा, जब चिकित्सक को इसे लेकर बताया गया तो मरीज की हालत सीरियस बताते हुए अन्यत्र ले जाने के लिए कहा गया। मध्य रात्रि में ही एम्बुलेंस से वे राबर्ट्सगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, वहां से भी मरीज को अत्यधिक सिरियस बताते हुए एम्बुलेंस से मरीज को लादकर वाराणसी चलने को बोला। इस पर अपनी पत्नी को उस अस्पताल में भी दिखाया, जहां से उसका पूर्व में इलाज चलता था, जहां उन्होंने भी मरीज को अपने यहां लेने से साफ मना कर दिया।

जिसपर वह मरीज को लेकर चिकित्सक के बताए गए अस्पताल लेकर गए, वहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी पत्नी की चार घण्टे पूर्व दम तोड़ दी है। उसने कहा कि चिकित्सकों की लापरवाही से मेरी पत्नी दम तोड़ दी। उधर घटना



मृतका के परिजन

से आक्रोशित मृतका के परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन पर परिजन मृतका के पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए।

# होली के दिन डीजे बजाने के लिए प्रशासन से लेनी होगी अनुमति

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में होली एवं शब-ए-बारात पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने त्यौहार मानने का सभी धर्म गुरुओं का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि होली त्यौहार के दौरान बिना अनुमति के डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंध रहेगी।

उन्होंने कहा कि होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से अपेक्षा किया कि समाज के लोगों विशेषकर युवाओं को संयमित व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लोगों को आश्वस्त किया कि त्योहार के अवसर पर बिजली, पानी, साफ-सफाई, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड के साथ-साथ गुड पुलिसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। परम्परागत जगहों पर ही होलिका दहन किया जाय। कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह होली पर्व को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। यदि कहीं अचानक छोटी-मोटी समस्याएं उत्पन्न होती हैं तो तत्काल उसे जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं, ताकि समय रहते उसका समाधान कराया जा सके।

सभी लोगों से अपेक्षा की गई कि पूर्व की भांति सूझबूझ का परिचय देते हुए त्योहारों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किया जाय। होली खेलते समय एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें अफवाहों पर ध्यान न दें, अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि होली के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। किसी प्रकार के नशे का सेवन न करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के प्रयोग के साथ यातायात नियमों का पालन जरूर करें। बैठक के दौरान क्षेत्रीय धर्मगुरु गणमान्य एवं संभ्रांत जनों द्वारा बिजली पानी साफ-सफाई इत्यादि के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाईके राय, चेयरमैन रवींद्रनाथ आदि उपस्थित रहे।


पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम।

# आमजन पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही भाजपा सरकार

**गुस्सा**

### नाराज कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर सरकार के खिलाफ दिया धरना


गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार के खिलाफ धरना देते कांग्रेसी।

**चंदौली।** होली त्यौहार से पहले सरकार द्वारा रसोई गैस घरेलू व कामर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने से गुस्साए कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ सड़क पर नजर आए। प्रदेश महासचिव देवेंद्र सिंह मुन्ना व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी की अगुवाई में कांग्रेसियों ने पंडित कमलापति पार्क में धरना दिया और भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि सरकार लगातार आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है, जो गैस सिलेंडर कांग्रेस सरकार में 400-500 रुपये थे, वह अब 1170 रुपये में जनता को मिल रहा है।

इस दौरान देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है। आमजन को राहत देने के लिए सरकार के पास न तो कोई योजना है और ना ही कोई विजन। यही वजह है कि सरकार लगातार महंगाई में इजाफा करके जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि त्यौहार के पूर्व गैस सिलेंडर के दाम को बढ़ाकर सरकार ने एक बार फिर रसोई गैस के बजट को खराब करने का काम किया है। सरकार ने अच्छे दिन का वादा करके आम आदमी व गरीब वर्ग के समक्ष ऐसी परिस्थिति कायम कर दी है, जिससे वह अपने दैनिक व बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। कहा कि भाजपा सरकार ने होली दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों पर मुफ्त सिलेंडर देने का वादा किया था जो कि जुमला साबित हुआ। सरकार द्वारा होली जैसे प्रमुख त्योहार से पहले घरेलू सिलेंडर की दामों में बढ़ोतरी करके भाजपा ने दोहरी मानसिकता को दशार्या है। भाजपा की कथनी करनी में जमीन आसमान का अंतर है। भाजपा ने देश की जनता को झूठ बोलकर हमेशा छलने का काम किया है। इस मौके पर सतीश बिंद, रामजी गुप्ता, आनंद शुक्ला, तरुण पांडेय, गंगाराम, तौफीक खान, अरुण द्विवेदी, राहुल सिंह, माधवेंद्र मूर्ति ओझा, राममूरत गुप्ता, कुलदीप वर्मा, नवीन पांडेय, विवेक सिंह, राज किशोर सिंह, श्रीकांत पाठक, कमलेश कुमार संत, सत्येंद्र उपाध्याय, इंद्रजीत मिश्रा, राजू कुमार, सीमा साहनी, रीमा साहनी, गोविंद पाल मौजूद रहे। संचालन शशि उपाध्याय ने किया।

## संक्षेप

### समस्याओं को लेकर किसानों ने एक्सईएन को सौंपा पत्रक

**सकलडीहा।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को विभिन्न समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता को पत्रक सौपा। इस दौरान ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने व अन्य समस्याओं को दूर करने की मांग किया। अधिकारी ने समस्या का समाधान का भरोशा दिया। उकनी बीरम राय गांव के प्राथमिक स्कूल के पास 10 केवीए की ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को लेकर लम्बे समय से परेशान है। इसके अलावा मनमानी ढ़ग से किसानों पर आरसी व बिल भेजे जाने को लेकर किसानों ने नाराजगी जताया। अंत में विभिन्न मांगों के समर्थन में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय सकलडीहा के कार्यालय पर पहुंचकर एक्सईएन राजन कुमार को पत्र सौपा। इस मौके पर भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष मनमन सिंह, पिंटू पाल, विजय कांत पासवान सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।


अधिशासी अभियंता कार्यालय पर पत्रक देते किसान नेता

### इंसानियत व भाईचारे का संदेश देते हैं त्यौहारः शैलेन्द्र प्रताप


कंदवा थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित संभ्रांत नागरिक।

**कंदवा।** स्थानीय थाने में गुरुवार को आगामी होली एवं शब-ए-बारात पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें अमन चौन से होली एवं शबे बारात का पर्व मनाए जाने की अपील की गयी तथा कोई दिक्कत आने पर पुलिस को अवगत कराने को कहा गया, ताकि समय रहते उस समस्या का निदान किया जा सके। थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी जाति, धर्म, समुदाय का पर्व हो सभी को मिल जुलकर मनाना चाहिए। चाहे हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, किसी समुदाय का पर्व हों, वह इंसानियत एवं भाईचारे का संदेश देता है। लिहाजा इसे हर्षोल्लास के साथ मनाए। कहा कि यदि कोई अराजकता तत्व त्यौहार की खुशियों में खलल डालने का प्रयास करता है तो पुलिस को सूचीत करें। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर और तैयार है। उन्होंने सभी संभ्रांत नागरिकों ने अपने गांव-मोहल्ले में शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। इस मौके पर रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पांडेय, फूलबदन यादव, राम भवन यादव, अनन्त कुमार भार्गव, अमित सिंह, मुन्ना राम, अंजनी सिंह, धनंजय उपाध्याय, रबिन्द्र त्रिपाठी, जयशंकर सिंह, बहादुर मौर्या, रामजतन, जाबिर अंसारी, चन्दू राम आदि उपस्थित रहे।

### होलिका और होली पर बवाल करने वाले होंगे दंडित

**सकलडीहा।** आगामी त्यौहार होलिका, होली व शब-ए-बारात को लेकर शांति व्यवस्था व त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर गुरूवार को एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश कुमार राय थाना स्थानीय क्षेत्र के पुजारी, मौलवी, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधान, बीडीसी, व्यापारियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान शांति व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील किया। एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश कुमार राय संयुक्त रूप से बताया कि होलिका और होली प्रेम का त्योहार है। किसी प्रकार की बबाल या अशांति होने पर संबधित लोग जिम्मेदार होंगे। शब ए बारात को पर्व को भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। अंत में किसी प्रकार की अफवाह और घटना की अंदेशा होने पर तत्काल सूचना देने को बताया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार मौर्य, कस्बा प्रभारी राज कुमार, मनेश शंकर द्विवेदी, शिवमणि त्रिपाठी, महफूज अहमद, मोहन प्रसाद, ग्राम प्रधान सतीश चन्द्र, अमरनाथ खरवार, गुलाब मौर्या, मंजू वर्मा, डा. अकबर सहित अन्य आदि रहें।

### बड़गावां में कवि सम्मेलन चार मार्च को

**शहाबगंज।** क्षेत्र के बड़गावां गांव में कौमी यकजहती फाउंडेशन के तत्वावधान में चार मार्च को शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन देर शाम में किया गया है। कवि सम्मेलन में अतीक नजर साहब, समीर गाजीपुर, झगड़ू भईया, दानिश गजल, हिना अंजूम, गुलजार अहमद, ईरम अंसारी, अबुशहमा सहित दर्जनों हास्य व्यंग्य के कवि भाग लेंगे। यह जानकारी कयूम खान कम्मू ने दी है।

### संगीतमय कथा पांच मार्च से

**कंदवा।** विकास खण्ड बरहनी के अमड़ा गांव में श्रीमदभागवत संगीतमयी कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक स्वामी सुन्दरराज महाराज द्वारा 5 से 11 मार्च तक समय 2 से 5 बजे तक संगीतमय कथा कही जाएगी। यह जानकारी संयोजक शिवबच्चन सिंह एवं अर्जुन सिंह ने दी।

### बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**पड़ाव।** क्षेत्र के साहूपूरी स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र पर होली के पूर्व अनुरक्षण कार्य के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान संबंधित विभाग के अवर अभियंता चंदन प्रसाद ने बताया कि तीन मार्च शुक्रवार के दिन 33 केवी साहूपुरी फीडर का शाम 05:30 से 06:20 बजे तक और 33 केवी भूपौली फीडर शाम 06:25 से 07:15 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### नीलगाय की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के बैरा जंगल के पास बीते बुधवार की देर रात नीलगाय की चपेट में आकर बाइक सवार दिरेहूं गांव निवासी दिवाकर मौर्य 55 वर्ष व अजय 22 वर्ष घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 नंबर एंबुलेंस ने घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां दिवाकर मौर्य की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर बीएचयू के लिए रेफर कर दिया।

# स्कूल से निकाले जाने पर डीएम आवास पहुंचे छात्र

**मामला**

### नाराज छात्र डीएम आवास पहुंचे छात्रों का राइट टू एजुकेशन के तहत हुआ था चयन

**चंदौली।** जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर दो शास्त्री नगर स्थित ब्लासम एकेडमी के प्रधानाचार्य के द्वारा गुरुवार को एक दर्जन से अधिक छात्रों को परीक्षा केंद्र से बाहर निकाल दिया। छात्रों ने आरोप लगाया कि उनका चयन राइट टू एजुकेशन के तहत हुआ था। लेकिन संचालक शासन के नियमों को ताक पर रखकर प्रत्येक छात्र से 1800 रुपए फीस की डिमांड की जा रही है। ऐसे में नाराज छात्र और अभिभावक पालीटेक्निक कालेज परिसर स्थित डीएम आवास पर पहुंच गए। जहां घंटे भर बाद पहुंचे बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने छात्रों को समझा कर वापस भेज दिया। दरअसल, शिक्षा विभाग के द्वारा हर साल गरीब बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत चयन किया जाता है। चयन के बाद छात्रों को स्कूल का आवंटन किया जाता है, जहां छात्रों को बगैर कोई फीस लिए शिक्षा देने का प्रावधान है। लेकिन जिला मुख्यालय के ब्लासम एकेडमी में राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत चयनित छात्रों के साथ प्रधानाचार्य का व्यवहार नकारात्मक रहता है। गुरूवार को डीएम आवास पर पहुंचे छात्र सरफराज अहमद ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा फीस की डिमांड की जा रही थी। इसी के चलते उनको परीक्षा में बैठने से रोक दिया है। जबकि परीक्षा से वंचित होने से भविष्य अंधकारमय होने की आशंका है। अभिवावक दिलीप कुमार ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल के द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार छात्रों को फीस के लिए धमकाया जा रहा था। ऐसे में गुरुवार को स्कूल पहुंचने पर छात्रों को परीक्षा हाल में जाने से रोक दिया गया। मौके पर पहुंचे बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल संचालक से वार्ता हुई है। छात्रों और अभिभावकों को समझा बुझाकर वापस स्कूल भेज दिया गया है। साथ ही स्कूल संचालक को कड़ी चेतावनी भी दी गई है।


स्कूल से निकाले जाने के बाद डीएम आवास के बाहर अभिभावक संग पहुंचे छात्र।

### भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की बैठक संपन्न

**डीडीयू नगर।** भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की एक बैठक केंद्रीय कार्यालय परशुरामपुर में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया गया जिसके लिए सभा के लोगों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को बधाई दी गई। कहा कि उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियां अनुसूचित जनजातियां संशोधन आदेश 2022 के अनुसार 13 जनपदों में गोंड धुरियां, नायक, ओझा, पठारी और राजगोंड अनुसूचित जाति का दर्जा पाई है। इसी क्रम में अनुसूचित जातियां अनुसूचित जनजातियां संशोधन आदेश-2022 के तहत प्रदेश के और 4 जनपद कुशीनगर, चंदौली, भदोही और संत कबीर नगर जनपद में निवासरत गोंड जाति को अनुसूचित जाति से सम्मिलित कर लिया गया है। इस आशय का उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शासनादेश डा.हरिओम प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुभाग-3 द्वारा जारी किया गया है। सभा में डा.उमेश चंद्र गोंड, श्रीकृष्ण गोंड, प्यारेलाल, रामाअधार गोंड, पंकज कुमार, अजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता रविशंकर व संचालन सुरेश प्रसाद गौड़ ने किया।

# उपलब्धिः जलालपुर की लक्ष्मी बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

**चंदौली।** आज भी जब किसी परिवार में बेटी का जन्म होता है तो उसे सर्वप्रथम इस धरा पर उसे लक्ष्मी के नाम से पुकारा जाता है। इसके पीछे प्राचीन व पुरातन कई मान्यताएं और धार्मिक दृष्टिकोण से महिलाओं को दिए जाने वाला सम्मान व बहुत से तर्क हैं। लेकिन आज बेटियां अपने आपमें शिक्षा व संस्कार का समावेश करके हर क्षेत्र में सफलता के झंडे लहरा रही हैं। फिर चाहे वह शहरी क्षेत्र की बेटी हो या फिर ग्रामीण इलाके में पली-बढ़ी हो सामान्य परिवार की लाडली। इसकी जीवंत नजीर जलालपुर की लक्ष्मी हैं।



जिन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर न केवल परिवार व परिजनों का मान बढ़ाया, बल्कि उनकी इस सफलता से पूरा जलालपुर गांव खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उच्च शिक्षा आयोग उत्तर प्रदेश की ओर से निकाली गई भर्ती में उन्होंने ओबीसी की मैरिट में छठा स्थान प्राप्त हुआ। चयन के बाद लक्ष्मी को पहली नियुक्ति मेरठ स्थित रघुनाथ गर्ल्स पीजी कालेज मेरठ में तैनाती मिली है। जहां वे राजनीति विज्ञान विषय की शिक्षक के दायित्व का निर्वहन करेंगी। उनकी नियुक्ति का पत्र दो मार्च को जारी किया गया। इस बात की जैसे ही लक्ष्मी को जानकारी हुई वह खुशी से खिल उठीं। वहीं उनकी सफलता पर परिवार भी गदगद नजर आए। परिवार के लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी का इजहार किया।

# जिला न्यायालय निर्माण के लिए प्रमुख सचिव से मिले अधिवक्ता

जनसदेश न्यूज

**अवसर**

### जिला न्यायालय निर्माण के लिए प्रमुख सचिव से मिले अधिवक्ता

**चंदौली।** जिला न्यायालय भवन निर्माण को लेकर डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को प्रमुख सचिव न्याय से मिला। इस दौरान मांग किया कि शासन स्तर से अविलंब नक्शा पास कराकर दीवानी न्यायालय भवन का निर्माण प्रारम्भ कराया जाए, ताकि न्यायिक कार्य में सहुलियत हो सके। प्रमुख सचिव न्याय प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने आश्वस्त किया कि होली बाद न्यायालय भवन का शिलान्यास चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्री करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि जनपद सृजन के 26 साल बाद भी दीवानी न्यायालय भवन, अधिकारी आवास नहीं बन पाए हैं। इससे तहसील परिसर में न्यायालय व कचहरी चल रही है। इसके चलते न्यायिक अधिकारियों के साथ ही अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में फरियादियों को समय से त्वरित न्याय प्रदान करने में कठिनाई होती है। कहा कि दीवानी न्यायालय भवन निर्माण के लिए बार एसोसिएशन अपने स्तर से शासन-प्रशासन से मिलकर और उच्च न्यायालय से संपर्क कर जनहित में आवाज उठाता रहा है। वर्तमान में शासन के निदेर्शानुसार जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई की जा चुकी है। लेकिन भवन निर्माण के लिए नक्शा पास होने के लिए मामला शासन में काफी दिनों से अटका हुआ है। कहा कि बीते दिनों जनपद दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंदौली में माडल कोर्ट भवन बनाने की घोषणा की है। लेकिन नक्शा पास होने में किए जा रहे विलंब के चलते न्यायालय निर्माण का मामला अनावश्यक रूप से अटका हुआ है। इस मौके पर महामंत्री राजबहादुर सिंह, नवीन सिंह बबलू सहित अन्य मौजूद रहे।

### कमालपुर से शराब की दुकानों को हटाने की मांग

**कमालपुर।** स्थानीय पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक बुधवार की रात्रि सम्पन्न हुई। बैठक में एसडीएम सकलडीहा मनोज पाठक, सीओ सकलडीहा राजेश राय, आबकारी इंस्पेक्टर प्रीतम अग्निहोत्री, थाना प्रभारी अमित कुमार, चौकी प्रभारी सुग्रीव गुप्ता आदि अधिकारियो की बैठक में एसडीएम मनोज पाठक ने कहा कि होली एवं शोबरात का त्योहार भाईचारे के साथ मनाने त्यौहार आपसी प्रेम को बढ़ावा एवम खुशिया देता है। बैठक में व्यापारियों ने होलिका दहन के लिए अस्थान की मांग किया। वहीं जमुरखा नई बाजार के व्यापारियों ने यूनियन बैंक के पास सड़क पर होलिका दहन करते थे उनको भी मना किया गया और क्षेत्रीय लेखपाल को जमीन चिन्हित करने की बात कही गयी। बैठक में बीच चौराहे से शराब की दुकानों को बाजार से बाहर करने की व्यापारियों ने मांग किया मीटिंग समाप्त होते ही अधिकारियों ने शराब की दुकानों को देखा दुकानों से सौ मीटर की अंदर बालिका विद्यालय, श्रीराम जानकी मन्दिर और मस्जिद के समीप होना पाया, जिससे आबकारी इंस्पेक्टर ने अगले सत्र में दुकानों की चौहद्दी चेंज करने की बात कही। बैठक में पूर्व प्रधान दयाराम यादव, सुनील उपाध्याय, शंकर गुप्ता, जोगिंदर कुशवाहा, शिवजी वर्मा, दिलीप त्रिसुलिया, इजहार, शकील अहमद, नियजुद्दीन, संजय त्रिसुलिया सहित अन्य रहे।

# बीआरसी पर हिन्दी व गणित के शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**चंदौली।** सदर ब्लाक संसाधन केन्द्र पर चल रहे दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को हुआ। इसमें भाषा व गणित विषयों के कौशल को बढाने के गुर सिखाए गये। इस दौरान बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर कक्षा 4 व 5 में हिन्दी व गणित विषयों में विद्यार्थियों के लर्निंग गैप को समाप्त करने व मूलभूत भाषायी व गणितीय कौशल विकास के लिए कक्षा 4 व 5 में हिन्दी व गणित विषयों का शिक्षण करने वाले शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश व प्रथम संस्था की ओर से सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 4 व 5 के लिए निपुण भारत के अन्तर्गत एफएलएन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश निपुण भारत के दिशा निर्देश के अनुसार कक्षा 1 से 3 के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोरदशोर से काम कर रहा है। इसमें कक्षा 4 व 5 के बच्चों को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इन बच्चों को भी बुनियादी शिक्षा की जरूरत है। इसके लिए विभाग ने कक्षा 4-5 के लिए भी एफएलएन कार्यक्रम चलाकर एक नई पहल के तहत कक्षा 4 और 5 के बच्चों को शामिल किया है। जिन बच्चो का शैक्षिक स्तर उनकी कक्षा के अनुरूप नहीं है ऐसे बच्चो को इस प्रशिक्षण बाद चिन्हित कर उन बच्चो को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे कमजोर बच्चे भी पढ़ना-लिखना सीख जाएंगे। साथ ही साधारण गणित आसानी से हल कर पाएंगे। इस मौके पर एआरपी उमाशंकर यादव, सत्येंद्र शर्मा, संदीप दूबे, ज्योति यादव, कमलाकर सिंह, प्रितेश, अनिरुद्ध सिंह, रामसिंह, अनुनय प्रजापति आदि मौजूद रहे।


बीआरसी पर आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षक।

# वनवासियों को स्वास्थ्य और योजना के प्रति किया जागरूक

**अवसर**

### गोष्ठी एवं रैली के माध्यम से लोगों को किया जागरूक


**सकलडीहा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन गुरूवार को छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास के माध्यम से कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इस दौरान स्वयंसेवकों की तीन ईकाई टिमिलपुर बनवासी बस्ती और नागेपुर गांव पहुंचकर सर्वेक्षण किया। इस दौरान सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। स्वयंसेवकों ने बनवासी बस्ती में साक्षरता, मतदाता की स्थिति, आर्थिक स्थिति एवं जीविकोपार्जन के साधन, भारत सरकार की न्याय पंचायत वार स्तर पर उपलब्ध कराए जाने वाली सुविधाओं का वास्तविक आकलन किया। इसके पश्चात स्वास्थ्य संबंधी टीकाकरण एवं बीमार होने पर उपचार का माध्यम, एलपीजी गैस, शौचालय, वृद्धा पेंशन, कन्या विद्याधन, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी आदि के बारे में जानकारी लिया। कार्यक्रम की द्वितीय सत्र में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान पर एक गोष्ठी एवं रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। अंत में सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डा.संजीव जायसवाल और शाहिद आलम अंसारी वीपीएम ने ग्रामीणों और छात्रों को संचारी रोग से रोकथाम व टीकाकरण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा.अभय कुमार वर्मा, डा.जितेंद्र यादव व कार्यक्रम अधिकारी डा. अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।


टिमिलपुर बनवासी बस्ती में गरीबों से पूछताथ करते हुए स्वयंसेवक।

### बोर्ड परीक्षाः सकुशल सम्पन्न हुई उर्दू व कृषि विषय की परीक्षा

**चंदौली।** डीएम के निर्देशन में कड़ी निगरानी में बोर्ड परीक्षा प्रथम पाली में हाईस्कूल के उर्दू की परीक्षा हुई। हाईस्कूल के उर्दू विषय में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 709 उपस्थित 661 और 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें एवं इण्टरमीडिएट प्रथम पाली में बुनाई तकनीक-3 हिन्दी टकण सिलाई सिल्क रेडियो आटोमोबाइल मुद्रण एवं रंगीन फोटोग्राफी की परीक्षाएं संपन्न हुई, जिसमें कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 258 के सापेक्ष 244 उपस्थित और 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। बोर्ड परीक्षा के दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में इतिहास, कृषि भाग-1 एवं कृषि भाग-2 की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 7270 के सापेक्ष 6453 उपस्थित और 817 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक चन्दौली द्वारा प्रथम पाली में का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में द्वितीय पाली में भी विभिन्न सचल दस्तों द्वारा परीक्षा कुल परीक्षा केन्द्रों केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। महेन्द्र टेक्निकल इण्टर कालेज चंदौली में स्थापित जिला बोर्ड परीक्षा कन्ट्रोल रूम के द्वारा परीक्षा के दौरान निरन्तर मानीटरिंग का कार्य हो रहा है।

# जन सहयोगः रक्तदान कर गरीब वृद्ध की बचाई जान


जिला अस्पताल चंदौली में वृद्ध मरीज को रक्त प्रदान करते जन सहयोग संस्था के लोग।

**चंदौली।** जन सहयोग संस्थान की ओर से रक्तदान के क्षेत्र में गुरुवार को एक और जरूरतमंद की मदद की गई। संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी व कोषाध्यक्ष हिमांशु वर्मा की मौजूदगी में उनके सहयोगी संजय कन्नौजिया द्वारा 70 वर्षीय बीमार वृद्ध की मदद के लिए जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया। रक्तदान के बाद जन सहयोग संस्थान के सदस्यों ने जिला अस्पताल पहुंचकर वहां ईलाज करा रहे 70 वर्षीय निब्बलु राम को रक्त प्रदान किया। संस्था द्वारा इस पुनी कार्य से बुजुर्ग व्यक्ति के आंखों मे आंसू आ गए। कहा कि दूसरों के दर्द को बांटने वालों को ईश्वर दीघार्यु प्रदान करे। अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी ने बताया कि संस्था न केवल रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता लाने के लिए सतत प्रयासरत है, बल्कि रक्त की कमी से किसी मरीज का ईलाज प्रभावित न हो इसके लिए भी प्रयासरत है। संस्था के सभी सदस्य रक्तदान को लेकर सजग प्रहरी की तरह अपने-अपने गांव-इलाके में मुस्तैद है। इन्हीं सदस्यों के सक्रियता व सहयोग से अब तक न जाने कितने लोगों की जान रक्तदान के जरिए बचाई जा चुकी है और यह पुनीत प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

# स्पोर्ट्स

### आईसीसी सदस्य देशों की महिला क्रिकेटरों को नहीं मिल पाती हैं सुविधाएं, अमेरिकी गेंदबाज का छलका दर्द

अमेरिका की तेज गेंदबाज तारा नौरिस का मानना है कि आईसीसी सदस्य देशों (एसोसिएट देशों) की महिला क्रिकेटरों को फंड और सुविधाओं के लिए जूझना पड़ता है। वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अपने प्रदर्शन से एसोसिएट देशों को गौरवान्वित करना चाहती हैं। डब्ल्यूपीएल की शुरूआत चार मार्च से होगी। नौरिस को दिल्ली कैपिटल्स ने 10 लाख रुपये में टीम के साथ जोड़ा हैं। नौरिस ने कहा, ''मैं सभी एसोसिएट देशों को गौरवान्वित करना चाहती हूं। मैं डब्ल्यूपीएल में इन सभी खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। काफी महिला क्रिकेटरों को फंड और सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। मैं एसोसिएट देशों के लिए जागरूकता बढ़ाना चाहती हूं। मुझे उम्मीद है कि अगले साल इस लीग में एसोसिएट देशों से ज्यादा से ज्यादा क्रिकेटर शामिल होंगी।''



# भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 76 रन का लक्ष्य रखा

## मो. सिराज के रूप में भारत का आखिरी विकेट गिरा, अंपायर ने दूसरे दिन का खेल खत्म करने की घोषणा की

**इंदौर।** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की पहली पारी 109 रन पर सिमट गई थी। जवाब में आज ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 197 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरी पारी में 163 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया के सामने 76 रन का लक्ष्य रखा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 76 रन का लक्ष्य रखा है। टीम इंडिया की दूसरी पारी 163 रन पर सिमट गई। पहली पारी में भारत ने 109 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 197 रन बनाए थे। कंगारुओं को 88 रन की बढ़त मिली थी। भारत ने दूसरी पारी में 163 रन बनाए और इस तरह 75 रन की बढ़त हासिल की और 76 रन का लक्ष्य रखा। मोहम्मद सिराज के रूप में भारत का आखिरी विकेट गिरा। इसी के साथ अंपायर ने दूसरे दिन का खेल खत्म करने की भी घोषणा कर दी। अब ऑस्ट्रेलिया को अगले तीन दिन में 76 रन बनाने हैं।



ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने दूसरी पारी में 64 रन देकर आठ विकेट झटके। यह उनके टेस्ट करियर की दूसरी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले 2017 में बेंगलुरु में लियोन ने 50 रन देकर आठ विकेट झटके थे। दूसरी पारी में भारत की शुरूआत खराब रही थी। शुभमन गिल पांच रन बनाकर लियोन की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। कप्तान रोहित शर्मा 12 रन बनाकर लियोन की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हुए।

इसके बाद विराट कोहली भी कुछ खास नहीं कर सके और मैथ्यू कुह्नेमैन की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए। रवींद्र जडेजा सात रन बनाकर लियोन का शिकार बने। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर पारी संभालने की कोशिश की। श्रेयस ने 27 गेंदों में 26 रन भी बनाए, लेकिन स्टार्क की गेंद पर ख्वाजा को कैच देकर अपने विकेट गंवा दिया।

श्रेयस ने पुजारा के साथ मिलकर 35 रन की साझेदारी निभाई। नाथन लियोन ने श्रीकर भरत को क्लीन बोल्ड कर भारत को छठा झटका दिया। भरत तीन रन बना सके। इस बीच पुजारा ने टेस्ट करियर का 35वां अर्धशतक जड़ा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह उनका 16वां अर्धशतक रहा। अश्विन को आउट कर लियोन ने 23वीं बार पारी में पांच विकेट झटके। इसके बाद लियोन ने पुजारा को भी स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया।

### पुजारा का अर्धशतक, लियोन को आठ विकेट

### ऑस्ट्रेलिया को अगले तीन दिन में 76 रन बनाने हैं

पुजारा 142 गेंदों पर 59 रन की जुझारू पारी खेल आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और एक छक्का लगाया। लियोन ने उमेश को ग्रीन के हाथों कैच कराया और आखिर में सिराज को क्लीन बोल्ड कर पारी में आठ विकेट झटके। लियोन के अलावा मिचेल स्टार्क और कुह्नेमैन को एक-एक विकेट मिला।

भारत के नौ विकेट गिर चुके हैं। लियोन ने पहले चेतेश्वर पुजारा को स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। इसके बाद पुजारा ने 142 गेंदों में 59 रन की पारी खेली। अकेले पुजारा ही ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने जूझते दिखे। इसके बाद लियोन ने उमेश को कैमरन ग्रीन के हाथों कैच कराया। भारत की बढ़त पिलहाल 67 रन की है। लियोन अब तक दूसरी पारी में सात विकेट ले चुके हैं।

भारत को 140 के स्कोर पर छठा झटका लगा। नाथन लियोन ने रविचंद्रन अश्विन को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह 16 रन बना सके। फिलहाल चेतेश्वर पुजारा अर्धशतक लगाकर और अक्षर पटेल क्रीज पर हैं। लियोन का यह दूसरी पारी में पांचवां विकेट रहा। इससे पहले वह रोहित, शुभमन, जडेजा, भरत को पवेलियन भेजा। भारत की बढ़त फिलहाल 50 से ज्यादा रन की है।

# गर्भावस्था में खून की कमी को ना करें नजरअंदाज

**वाराणसी।** गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अपने स्वास्थ का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान खून की कमी से अधिकांश महिलाएं जूझती हैं। समय से जांच और उपचार का न होना सिर्फ गर्भवती ही नहीं उसके गर्भस्थ शिशु के लिए भी जान का खतरा बन सकता है।



पं. दीनदयाल चिकित्सालय के एमसीएच विंग की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. आरती दिव्या ने इस बात को साझा करते हुए बताया कि नेशनल फेमली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस)-5 की वर्ष 2020-21 की रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गर्भवती महिलाओं के एनीमिक होने का प्रतिशत 17.3 है जबकि वर्ष 2015-16 में एनएफएचएस -4 की रिपोर्ट में 50.8 प्रतिशत गर्भवती खून के कमी की समस्या से पीड़ित थीं। डा. आरती के अनुसार गर्भधारण करने के साथ ही महिलाओं को तमाम तरह के शारीरिक बदलाव और शारीरिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। जी-मिचलाना, उल्टी आना तो कभी चक्कर आने जैसी परेशानियां का उन्हें सामना करना पड़ता है। इसके साथ गर्भावस्था में कुछ महिलाओं को एनीमिया की समस्या भी हो जाती है।

**क्या है एनीमियाः** डॉ. आरती बताती हैं कि एनीमिया को आम भाषा में खून की कमी कहते हैं। यानि खून में जब लाल रक्त कोशिकाएं कम होने लगती हैं तो शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर गिरने लगता है। तब एनीमिया की शिकायत होती है। गर्भावस्था में शिशु के विकास के लिए शरीर को अधिकाधिक रक्त की जरूरत पड़ती है। लिहाजा नियमित आयरन का सेवन अति आवश्यक हो जाता है। शरीर में रेड ब्लड सेल्स की आपूर्ति के लिए आयरन, विटामिन- बी12 और फोलिक एसिड की जरूरत होती है।

# नाथन लियोन ने इंदौर में बरपाया कहर, तोड़ दिया अनिल कुंबले का 15 साल पुराना रिकॉर्ड

## नाथन लियोन ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 11 विकेट अपने नाम किए

**इंदौर।** नाथन लियोन ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 11 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने इंदौर में पहली पारी में तीन विकेट लिए थे। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने आठ विकेट झटक लिए। लियोन ने गुरुवार (दो मार्च) को मैच के दूसरे दिन दूसरी पारी में कहर बरपा दिया। मैच में कुल 11 विकेट लेकर उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

लियोन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा था। कुंबले ने 1996 से 2008 के बीच 20 टेस्ट मैचों में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट में 111 विकेट लिए थे। लियोन के 25 टेस्ट में 113 विकेट हो चुके हैं। उन्हें रविचंद्रन अश्विन पीछे छोड़ सकते हैं। अश्विन ने 21 टेस्ट में 106 विकेट लिए हैं।

***मौजूदा सीरीज में जडेजा के नाम सर्वाधिक विकेट:*** मौजूदा सीरीज में नाथन लियोन ने 19 विकेट ले लिए हैं। उनसे आगे रवींद्र जडेजा हैं। जडेजा ने 21 विकेट हासिल किए हैं। अश्विन के खाते में 17 विकेट है। जडेजा और अश्विन के पास तीसरे टेस्ट में गेंदबाजी का करने का मौका होगा। जडेजा के पास विकेटों के अंतर को बड़ा करने का मौका होगा। वहीं, अश्विन की नजर लियोन को पीछे छोड़ने पर होगी।



*विकेट:* मौजूदा सीरीज में नाथन लियोन ने 19 विकेट ले लिए हैं। उनसे आगे रवींद्र जडेजा हैं। जडेजा ने 21 विकेट हासिल किए हैं। अश्विन के खाते में 17 विकेट

***इंदौर टेस्ट में अब तक क्या-क्या हुआ?***

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम इंडिया पहली पारी में 109 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 197 रन बनाए। उसे 88 रनों की बढ़त मिली। भारतीय टीम दूसरी पारी में 163 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। चेतेश्वर पुजारा ने सर्वाधिक 59 रन बनाए। लियोन ने आठ विकेट हासिल किए। मिचेल स्टार्क और मैथ्यू कुहनमेन को एक-एक सफलता मिली। लियोन ने रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, रवींद्र जडेजा, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज को आउट किया।

## बॉलीवुड न्यूज

### मैंने ताज के लिए शारीरिक व मानसिक तैयारी कीः बादुशा



**इंदौर।** जब से आगामी वेब शो ताज– डिवाइडेड बाय ब्लड का ट्रेलर रिलीज हुआ है, मुगल युग की अनकही और अनसुनी सच्चाइयों को देखने के लिए इंटरनेट पर अपार उत्साह है। जबकि स्कूल में इतिहास की किताबें हमें महान अकबर और उनके उत्तराधिकारी जहाँगीर के बारे में पढ़ाती हैं, यह बहुत कम लोग जानते हैं कि अकबर के तीन बेटे थे। मंझले बच्चे मुराद की भूमिका निभाते हुए ताहा शाह बादुशा खतरनाक, निर्मम, सत्ता के भूखे और जुनूनी राजकुमार की भूमिका निभाने के लिए भीतर के जानवर को बाहर निकालते हैं।युवा अभिनेता के लिए भूमिका के लिए तैयार होना आसान काम नहीं था, वास्तव में, ताहा शाह बादुशा को एक व्यापक प्रशिक्षण व्यवस्था से गुजरना पड़ा जिसने उन्हें शारीरिक रूप से और साथ ही मानसिक रूप से अपने किरदार को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया।मुराद की भूमिका निभाने के लिए अपने शारीरिक प्रशिक्षण के बारे में बात करते हुए, ताहा शाह बादुशा ने खुलासा किया, ह्ल ताजः डिवाइडेड बाय ब्लड के लिए मैंने व्यापक शारीरिक और मानसिक तैयारी की। एक शाही राजकुमार और योद्धा की भूमिका निभाने के लिए शारीरिक रूप से बहुत सारे कौशल सीखने की आवश्यकता होती है, जिसमें घोड़े की सवारी से लेकर हथियारचलाने तक, साथ ही एक ही समय में एक राजकुमार और एक योद्धा के तौर–तरीकों और हाव–भाव को आत्मसात करना शामिल है। यह निश्चित रूप से कुछ चुनौतीपूर्ण महीने थे। मैंने कुछ घुड़सवारी शिक्षण के साथ शुरूआत की, जिन्हें फिल्म टीम द्वारा व्यवस्थित किया गया था। लेकिन मुझे लगा कि मैं वास्तव में कौशल में महारत हासिल करने की क्षमता को नहीं छू पा रहा था, इसलिए मैंने खुद से एक और घुड़सवारी स्कूल में दाखिला लिया। मैंने तलवारबाजी और कुल्हाड़ी से लड़ने का प्रशिक्षण लिया। मैं विशेष रूप से अपने खर्चे पर दिल्ली से एक कोच को लेकर आया था, और आफताब भाई ने मुझे छड़ी, तलवार और कुल्हाड़ी से काम करना सिखाया है। उसने वास्तव में मेरे लिए यह एक कुल्हाड़ी भी बनाई थी, जो मेरे पास है और मैं आज भी इसके साथ अभ्यास करता हूं। यह मेरी वर्कआउट रूटीन का हिस्सा बन गया है और एक तरह का शौक भी। मुझे कुल्हाड़ी की चाल सिखाने के अलावा, उसे कैसे पलटना है और कैसे घुमाना है, उन्होंने मुझे दोहरी तलवारें भी सिखाईं, जिनका मैं कम से कम एक या दो घंटे अभ्यास करता था। जिसका नतीजा है कि लगातार उसे घुमाने से मेरे हाथ में कई कट लग गए हैं। कुल मिलाकर, मेरी यात्रा में बहुत सारे छाले, कुछ खून और ढेर सारा पसीना शामिल है। व्यक्तिगत प्रशिक्षण के अलावा, हमारे पास कोरियोग्राफी सीखने के लिए एक्शन क्लास भी थी, हमारे पास कोरियोग्राफी स्थापित करने वाले लोगों की एक पूरी टीम थी। मिशन इंपॉसिबलः फॉलआउट और क्रिस्टोफर नोलन की डनकर्क जैसी फिल्मों में काम कर चुके स्टंट निर्देशक डेनियल लोकीसेरो लॉस एंजेलिस से आए थे और अब एक अच्छे दोस्त भी हैं, लॉस एंजेलिस में पूरे फाइट सीक्वेंस को कोरियोग्राफ किया और हमें रिकॉर्डिंग भेजी और फिर हम कोशिश करते और उसने जो किया उसकी नकल करते थे। समय के साथ, हमने अपनी खुद की कुछ कोरियोग्राफी भी बनाई, क्योंकि मैं एक्शन का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और मैं हर दिन इसका प्रशिक्षण लेता हूं, इसलिए हमने सोचा कि हम अपने कुछ मजबूत बिंदुओं का उपयोग कर सकते हैं। ताहा ने कहा कि भौतिक प्रशिक्षण थकाऊ था, इसमें कई लोगों का सहयोग था जिन्होंने हर मोड़ पर मेरी मदद और समर्थन किया, हालांकि, मानसिक तैयारी काफी चुनौतीपूर्ण थी। मुराद एक बहुत ही गहरा चरित्र है, निर्दयी, और अपने दृष्टिकोण में अटूट है।

# 'रंग डारो ना डारो ना..

**आयोजन**

### होली के गीतों पर झूम उठे श्रोता, भोजपुरी अध्ययन केन्द्र, बीएचयू का परिसर हुआ संगीतमय

**वाराणसी।** भोजपुरी अध्ययन केंद्र, बीएचयू द्वारा आयोजित 'संगीत संध्या सह होली मिलन समारोह' में होली गीतों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की निदेशक आर्यमा सान्याल रहीं। अध्यक्षता वित्ताधिकारी, बीएचयू डॉ अभय ठाकुर ने की। सबसे पहले केन्द्र के शोध छात्रों द्वारा केंद्र समन्वयक व वरिष्ठ कवि प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल लिखित स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति की गई जिसके बोल थे- 'भोजपुरी में होली मिलन बा रंगे से गए तू आव।' इसके बाद इन्हीं छात्रों द्वारा एक समूह होली गीत प्रस्तुत किया गया जिसके बोल थे-'सीया निकले अवधवा की ओर होलिया खेलें राम लला।' अगली प्रस्तुति बीएचयू के मंच कला संकाय के डॉ रामशंकर द्वारा हुई। उन्होंने 'रंग डारो ना डारो ना' व 'शंभु संग खेलत होली श्री गिरिराज किशोरी' जैसा होली गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रसिद्ध गायिका सुचरिता गुप्ता ने 'होली खेलन राधा निकसी ढूढत हैं मनबसिया' होली गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी।



साथ ही 'होरी खेलन आयो श्याम आज रंग रंग में' की शानदार प्रस्तुति की।तबले पर ललित कुमार व हारमोनियम पर पंकज मिश्र ने साथ दिया। इसके बाद शास्त्रीय गायक डॉ आशीष मिश्र ने 'देखो लला मोरी आंखन खटके' नामक होली गीत की सुमधुर प्रस्तुति की। इस अवसर पर बीएचयू मंच कला संकाय की ख्यात गायिका प्रो. संगीता पंडित ने 'होरी खेलत है गिरधारी रे..' की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन शोधार्थी उदय पाल ने किया। कार्यक्रम में प्रो वीरेंद्र नाथ मिश्रर, प्रो संजय कुमार, सुनीता शुक्ल,डॉ देवेंद्र मिश्र, प्रो प्रभाकर सिंह, डॉ प्रभात मिश्र, विन्ध्याचल यादव, रवि सोनकर, प्रियंका सोनकर के साथ भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ टीम ने छात्राओं को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**चहनियां।** कैथी स्थित श्री त्रिदण्डी स्वामी कन्या विद्यालय में एनडीआरएफ की टीम ने छात्राओ को आपदा से बचने के लिए प्रशिक्षण दिया।

छात्राओं को प्रेक्टिकल करके बचाव के बारे में जानकारी दिया। आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत कमान्डेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु वृहद पैमाने पर मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है तथा शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूल सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में आज एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकम्प से बचाव, बांढ़ में बचाव के तरीके, फायर सेफ्टी, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, स्कूल सुरक्षा ड्रिल, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्राओ के अंदर आत्मविश्वास पैदा करती है। समय आने पर यह प्रशिक्षण उनके काम आयेगा।




कैथी में त्रिदण्डी स्वामी कन्या बिद्यालय में बच्चियों को प्रशिक्षण देते एनडीआरएफ टीम

### उमेश यादव ने घरेलू मैदान पर लगाया विकेटों का शतक स्टार्क-मर्फी के स्टंप्स उखाड़े

**भोपाल।** इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 197 रनों पर सिमट गई। नागपुर और दिल्ली की पिच पर स्पिनरों से जूझने के बाद होल्कर में ऑस्ट्रेलियाई टीम स्पिनर के साथ तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी खुलकर नहीं खेल सकी। पहले दिन रवींद्र जडेजा की फिरकी के बाद दूसरे दिन तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अपनी सीम और अश्विन ने अपनी चतुराई से मेहमान टीम को ज्यादा देर तक मैदान पर टिकने ही नहीं दिया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया की टीम चार विकेट खोकर 156 रन बना चुकी थी, लेकिन दूसरे दिन का खेल शुरू होने के बाद पूरी टीम महज 197 पर ही ऑल आउट हो गई। भारत ने दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के बाकी छह विकेट 41 रन पर गिरा दिए। ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट करने में उमेश यादव ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कैमरन ग्रीन, मिचेल स्टार्क और टॉम मर्फी के विकेट लिए।

# भागवत कथाः पांचवें दिन निकली कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी

**चहनिया।** क्षेत्र के लोलपुर मथेला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पांच मार्च तक चलेगा। कथा के पांचवे दिन कथा वाचक मुक्ति नारायण स्वामी राधा स्वामी ने भक्तों को आशीर्वचन दिया। जगतगुरु मुक्ति नारायण स्वामी ने कहा कि संसार मे केवल भगवान ही है जो सही मार्ग बताते है। आज लोग युग के साथ बदल रहे है किंतु हमें अपने संस्कार को नहीं भूलना चाहिए। हमे अपने हक के लिए लड़ना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण भगवान ने बताया है कि संसार माया है।

कथा के बाद श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन एवं श्रीकृष्ण जन्म महामहोत्सव में नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी देखते ही बन रही थी। शोहर व भजन की रसधारा ऐसी प्रवाहित हुई कि समस्त जनमानस भावविभोर हो उठे। आयोजन कर्ता जुलुम तिवारी ने बताया कि 3 मार्च को रुक्मिणी मंगल 4 मार्च को हवन पूजन तथा 5 मार्च को भंडारा का आयोजन होगा। इस दौरान कृपाचार्य त्रिपाठी, ओमप्रकाश पाण्डेय,जमुना पाण्डेय,जालिम त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, गुड्डू मिश्रा, सौरभ त्रिपाठी, विपिन पाण्डेय, रवि विश्वकर्मा, अखिलेश पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।



लोलपुर में श्रीमद भागवत कथा सुनाते जगतगुरु मुक्ति नारायण स्वामी।

### जुनैद व नासिर के हत्यारों को मिले कड़ी सजाः शैलेश

**चंदौली।** आजाद समाज पार्टी ने गुरुवार को मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। वहीं कलक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे को सौंपा। साथ ही जुनैद व नासिर के हत्यारोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ ही पीड़ित परिजनों की मदद किए जाने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कि राजस्थान के भरतपुर जिले के घाटमिका पहाड़ी गांव में बीते 16 फरवरी को अपहरण कर नासिर और जुनैद की निर्मम पिटाई के बाद हरियाणा के भिवानी में जिंदा जलाने की घटना में शामिल आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं किए जा सके हैं। यही नहीं सरकार ने पीड़ित परिवार को कोई मुआवजा व राहत तक प्रदान नहीं किया है। इस मामले में पार्टी ने अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की थी। लेकिन राजस्थान और हरियाणा सरकार ने इस प्रकरण में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

# डीएम से मिला अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का दल

**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में नवागत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात की। इस दौरान राकेश शर्मा ने व्यापारियों संग मिलकर जनपद में जिलाधिकारी के रूप में जॉइन करने पर व्यापारियों के तरफ से गुलदस्ता व रामायण देकर उनका स्वागत किया। साथ ही कहा कि जिलाधिकारी से निवेदन है कि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए।

जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी समस्याओं को लेकर व्यापारी सीधे उनसे मुलाकात कर सकते है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने भरोशा दिया कि व्यापारियों की सुरक्षा हो या उनसे जुड़ी कोई भी चीजे वे सीधे आकर उनसे मुलाकात कर सकते है उनकी किसी भी समस्या का त्वरित निदान होगा। जिलाधिकारी ने व्यापारियों से एक-एक कर सभी का परिचय प्राप्त किया और खुद के बारे में भी बताया कि वह 2014 बैच के आईएस अधिकारी है और उनका डीएम के रूप में चंदौली पहला जिला है साथ ही साथ जनपद में व्यापारियों से भी सहयोग की अपेक्षा नवागत जिलाधिकारी ने की है। इस मौके पर बबलू सोनी, हरजीत सिंह, विकास जायसवाल, महेंद्र गुप्ता, बाबू खान, अनुपम श्रीवास्तव, जलील, जिला मीडिया प्रभारी अमिय कुमार पांडेय उपस्थित रहे।



# मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली, गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने थाने के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ चलाई गई गोली पैर में लगी है। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गुरुवार भोर में हरिहरपुर मार्ग पर गश्त कर रहे थे कि इसी दौरान निरीक्षक नागेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा सूचना दी गई कि गोमती पुल के पास चेकिंग के दौरान एक अपराधी फायर करते हुए बाइक से बाबा के वन की तरफ भाग रहा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा पुलिस टीम के साथ घेराबंदी की गई तो बाबा के वन से दो सौ मीटर पहले ढलान पर सामने से पुलिस आता


घायल बदमाश का उपचार करवाती पुलिस

देखकर किनारे बाइक खड़ी कर लक्ष्य कर फायर कर दिया। गोली निरीक्षक के बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी जिससे वह घायल होकर वहीं गिर गया। पुलिस इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी ले गई जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक सिंह पुत्र स्व. इंद्रजीत सिंह निवासी बराभनपुर बताया। तलाशी में उसके पास से एक अदद देशी पिस्टल व रिवॉल्वर 32 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा, एक प्लेटिना बाइक बिना नंबर बरामद हुआ। पुलिस उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

# कोटेदार की मनमानी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन


कोटेदार के विरूद्ध प्रदर्शन करते ग्रामीण

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र के करदहो ग्राम के ग्रामीणों ने महिलाओं समेत उपजिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि उक्त ग्राम के कोटेदार सुशीला देवी पत्नी लालबिहारी सिंह के कोटे से ग्रामीणों का राशन बेच दिया जाता है व उनसे अंगूठा लगाने के बावजूद ग्रामीणों को राशन नहीं दिया जा रहा जिसे लेकर ग्रामीण काफी नाराज हो गए व सामूहिक रूप से उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुँच प्रदर्शन करते हुए अपना शिकायती पत्र सौंप कार्यवाही की मांग की।

इस दौरान प्रदर्शन में खंझाती, संगीता, जोगिंदर, चिंता देवी आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# दहेज प्रथा को रोकने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

अभियान

### जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर पौधे लगाने के लिए दिया जोर

जनसंदेश न्यूज



**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सिद्दीकपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने दहेज प्रथा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को पेड़ लगाने व बचाने के लिए जोर दिया। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के अभियान का कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सरोज के नेतृत्व में सैदपुर गड़उर, पाल्हामऊ, डाल्हनपुर में गए और पहले तो जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए जोर दिया और कहा कि जिससे पृथ्वी का पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा और मौसम नियत समय पर परिवर्तित होगा। इसलिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उसकी देखभाल करें। इसके साथ ही दहेज प्रथा के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया कि दहेज सामाजिक कुप्रथा है। बेटियों बहनों के लिए अभिशाप है। जब तक दहेज प्रथा नहीं खत्म होगी तब तक बहन बेटियां सुरक्षित नहीं रहेंगी इसलिए दहेज प्रथा को खत्म करें। दहेज न तो लें और न ही किसी को दें। इस दौरान डॉ. लालचंद, श्रवण कुमार ने जागरूकता अभियान का संचालन किया।

# गलतियां मानवीय भूल, सुधारने की जरूरत: कुलपति

समारोह

### छह अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

### पीयू शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने किया आयोजन


कुलपति प्रो. मौर्य को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत करते अधिकारी


विदाई समारोह में मंचासीन कुलपति व अन्य अतिथिगण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त छह कर्मचारियों का विदाई समारोह वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की तरफ से गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कर्मचारियों को स्नेह देते हुए कहा कि गलतियां मानवीय भूल है उसे माफ करने की नहीं सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के लिए आपसी सहयोग से कल्याण कोष बनाया जाना चाहिए ताकि उसका उपयोग ऐसे समय पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारी जो ईमानदारी से सेवा दिए हैं वह अवकाश प्राप्त के बाद भी नहीं बैठेंगें। कोई न कोई नये काम में अपना जीवन व्यतीत करेंगे, मुझे यह पूरा विश्वास है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने अतीत, वर्तमान और भविष्य को परिभाषित करते हुए अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को आगे का जीवन जीने का टिप्स दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के बुलावे से मुक्ति मिली है समाज के बुलावे से नहीं। बुलावा तो काम करने वालों को आता ही रहेगा। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहाकि आप का अवकाश विश्वविद्यालय से हुआ है समाज से नहीं। अब आपको सामाजिक जीवन में व्यस्त रहने या शुरू करने का समय आ गया है। आपकी जिम्मेदारी घर, परिवार और समाज के प्रति बढ़ गई है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति अधिकारी सहयोग करें। उनके व्यवहारिक नजरिए से ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा। विश्वविद्यालय के विकास में भी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहता है। महामंत्री रमेश यादव ने अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और आनंदित रहने की कामना की। स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष रामजी सिंह, संचालन डॉ. राजेश सिंह और धन्यवाद ज्ञापन केशव प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, अजीत सिंह, राजेश सिंह समेत कई अधिकारियों ने कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद अवकाश प्राप्त कर्मचारी उदयराज पटेल, जनार्दन राम, मुरारी राम, त्रिलोकी नाथ यादव, रमेश कुमार सिंह, दीनानाथ यादव को विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने पुष्प कुछ भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, राजेश सिंह, डा. पीके कौशिक, मदनमोहन भट्ट, हेमंत श्रीवास्तव, श्याम त्रिपाठी, सुबोध कुमार पाण्डेय, डॉ. स्वतंत्र कुमार, कपिल कुमार त्यागी, डॉ. अमित वत्स, सुनील कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह,? सुशील कुमार प्रजापति, अशोक सिंह, रजनीश सिंह, रमेश पाल, राजनारायण सिंह, आनंद कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, इन्द्रेश गंगवार, राजेश गुप्ता आदि शामिल थे।

## संक्षेप

### शरारती तत्वों ने फूंक दी गुमटी



**केराकत।** कस्बे में रेलवे स्टेशन रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास स्थित अप्पू गुप्ता के दाना भूजने की गुमटी किसी शरारती तत्व ने बीती रात फूंक दी। दुकानदार ने थाना पुलिस से अज्ञात के खिलाफ शिकायत की है। अप्पू गुप्ता आजमगढ़ जिले के बरदह क्षेत्र के निवासी हैं। परिवार समेत सरायबीरु मोहल्ले में एक किराये के मकान में रहते हैं। जीविकोपार्जन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बाउंड्री वाल से सटाकर दाना भूजने की गुमटी लगाई थी। अप्पू ने बताया कि गुमटी में करीब 70 हजार रुपये का सामान रखा था सब कुछ जलकर राख हो गया। पुलिस आसपास की दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरे की सहायता से शरारती तत्व का पता लगाने में जुटी है।

### वांछित के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**खुटहन।** चोरी के आरोप में स्थानीय थाने में वांछित चल रहे अंबेडकर नगर के जैतपुर थाना क्षेत्र के मढ़वरपुर गांव निवासी उमानाथ उर्फ ओम गिरी के घर गुरुवार को पहुंचे खुटहन थाने के उप निरीक्षक विनोद कुमार राय ने गांव में मुनादी करवा कर कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया। पुलिस ने यह कार्यवाही न्यायालय के आदेश पर किया है।

### होली पर बंद रहेंगी मादक पदार्थों की दुकानें

**जौनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया है कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं अधिकारों का प्रयोग करते हुए कानून-व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के निमित्त जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शाप, भांग, ताड़ी, एफएल-2, 2बी, सीएल-2 एवं बार आदि मादक पदार्थों की दुकानें 8 मार्च को बन्द रहेंगी।

### पुलिस ने चस्पा की कुर्की की नोटिस

**सरकी।** केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के मुर्तजाबाद गांव निवासी मंजय यादव के घर गुरुवार को कुर्की की नोटिस चिपकाई गई। मुफ़्तीगंज पुलिस चौकी के प्रभारी शिव प्रसाद पाण्डेय और कांस्टेबल सुनील कुमार ने मंजय के घर पहुंच कर कुर्की की नोटिस चिपकाई। चौकी प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2014 में मंजय यादव के खिलाफ गौराबादशाहपुर थाने में दर्ज हुए आईपीसी की धारा 307 के एक मामले में जौनपुर की सीनियर डिवीजन की कोर्ट प्रथम ने कुर्की की नोटिस जारी की है।

### छात्रों को शोध परियोजना के विविध पहलुओं की दी जानकारी



**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्ति के बाद द्वितीय सेमेस्टर की कक्षायें 2 मार्च को प्रारम्भ हुयी। प्रथम दिन छात्रों को वृहद् शोध परियोजना पूर्ण करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये। विभाग के सभी प्राध्यापक एक विशेष सत्र का आयोजन कर उन्हें शोध परियोजना के विविध पहलुओं की जानकारी दी और उन्हें पूरे उत्साह के साथ इसे पूर्ण करने के लिये प्रेरित किया। छात्रों के समक्ष आ रही समस्याओं को सुनकर उसका समाधान भी किया गया। छात्रों को चार समूहों में बांट कर प्रत्यके समूह के लिये एक निर्देश कि अपेक्षा से हो नियुक्त किया गया है। छात्रों से अपेक्षा की गयी है कि वे अपने सम्बन्धित निर्देशक के दिशा निर्देश में कार्य करते हुये समय के अन्दर शोध प्रबंध जमा कर दें। उक्त जानकारी विभागाध्यक्ष प्रो. वन्दना दूबे ने दी है।

### हादसे में बाइक पर सवार मां की मौत, पुत्र घायल

**खुटहन।** तिघरा बाजार के पास जौनपुर मार्ग पर स्थित पुलिया पर गुरुवार को ट्रक के पहिए के नीचे दबकर बाइक पर सवार मां की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चला रहा बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल भेजवाया जहां मृत महिला के शव को पुलिस ने पीएम हेतु भेज दिया। घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जफराबाद थाना क्षेत्र के काजी अहमदपुरनूर गांव निवासी 19 वर्षीय साजिद पुत्र अशरफ अपनी 45 वर्षीया माता अनीसा को बाइक पर बैठाकर पट्टीनरेंद्रपुर अपने ननिहाल से वापस घर जा रहा था। पुलिया के पास सामने से आ रही ट्रक की चपेट में आ गया। बाइक पर बैठी अनीसा दाहिनी तरफ सड़क पर गिर गई। ट्रक का पिछला पहिया उनके ऊपर से चला गया। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। जब कि बाइक चला रहा पुत्र बायीं तरफ गिरा था। उसे भी गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल की तरफ लोग दौड़ रहे थे कि मौका पाकर ट्रक चालक वाहन सहित भाग गया।

### प्रसाद इंस्टीट्यूट में खेलते समय छात्रा की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र में स्थित पंचहटिया के पास प्रसाद इंस्टीट्यूट में खेलते समय एक छात्रा की मौत हो गई। आजमगढ़ जनपद के ठेकमा थाना बरदह गांव निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह की 22 वर्षीया पुत्री प्रगति सिंह जो प्रसाद इंस्टीट्यूट में पॉलिटेक्निक की छात्रा है। गुरुवार दोपहर लगभग 1 बजे विद्यालय परिसर में खेलते समय अचानक गिरकर बेहोश हो गई ऐसा विद्यालय प्रशासन का कथन है। अचेतावस्था में उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा के परिजन को सूचना भेजी गई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कोलकाता में झुलसी महिला की जिला चिकित्सालय में मौत

**जौनपुर।** कोलकाता में खाना बनाते समय झुलसी महिला का उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। सुल्तानपुर जनपद के करौंदी थाना क्षेत्र के रमनिया गांव निवासी सुक्खू गौतम की 32 वर्षीया पत्नी निशा गौतम 5 फरवरी को कोलकाता में खाना बनाते समय झुलस गई हुई थी। निशा को झुलसी अवस्था में ससुराल के लोग वहां से लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे थे। गुरुवार तड़के उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मायके बदलापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर से लोग भी पहुंच गए। मृतका की तीन लड़की व एक पुत्र है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डम्पर के धक्के से दो ट्रैक्टर पलटे, चालक घायल


हादसे के बाद पलटा ट्रैक्टर

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के फत्तूपुर ग्राम पंचायत स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर डम्पर के धक्के से हाइड्रा लगा दो ट्रैक्टर पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया वहीं दोनों ट्रैक्टर के चालक राजमार्ग पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

जानकारी के मुताबिक सुजानगंज थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक शिवनाथ निषाद और उनके चचेरे भाई अरून निषाद दोनों लोग घनश्यामपुर-से ट्रैक्टर लेकर फत्तूपुर की तरफ जा रहे थे। वह फत्तूपुर ग्राम पंचायत के राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे ही थे कि चालक ट्रैक्टर लेकर मुड़ना चाहे इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार डम्पर के धक्के से दोनों ट्रैक्टर फोरलेन पर ही पलटकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। उक्त ट्रैक्टर के चालक भी घायल हो गए। वहीं टक्कर मारकर भाग रहे डम्पर को चालक कुछ दूरी पर खड़ा कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान का मनाया गया स्थापना दिवस

**सुइथाकला।** गुरूवार को समोधपुर स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान शाखा का 31वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाखा के मंत्री श्रीकृष्ण पाल द्वारा पूजा अर्चना एवं परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु एवं पूज्यपाद संभवराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को गति दिया गया। तत्पश्चात अघोरान्ना परो मंत्रः नास्ति तत्वम गुरौः परम का संकीर्तन संगीत शिक्षक प्रेमनाथ सिंह द्वारा संगीतमय प्रस्तुति के साथ किया गया। इस दौरान जहाँ गांधी स्मारक शिक्षण संकुल के प्रबंधक एवं शाखा उपाध्यक्ष हृदय प्रसाद सिंह (रानू) ने राष्ट्र एवं संपूर्ण समाज के लिए श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान के योगदान की सराहना की वहीं कोषाध्यक्ष व कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह ने लोगों को अघोर का अर्थ समझाया। सहयोगी गण में बदलापुर शाखा के उपाध्यक्ष दल सिंगार सिंह (फौजी) एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया। इस अवसर पर आरपी सिंह, धर्मदेव शर्मा, सतीश सिंह, महेंद्र सिंह, राजनाथ सिंह, रविंद्र उपाध्याय, राम बख्श सिंह, वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह बबलू, जयप्रकाश सिंह, संतोष पुजारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवाद की प्रखर भावना से ही देश मजबूत होगा



**मछलीशहर।** नगर के पुरानी बाजार मोहल्ले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रत्येक भारतीय के मन में प्रखर राष्ट्रवाद की भावना जागृत करने के उद्देश्य से वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता की आरती की गई। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संघ के विभाग कार्यवाह मनोज ने कहाकि जिन देशों के लोगों में अपने देश के प्रति देशभक्ति का जज्बा मौजूद होता है वह क्षेत्रफल और जनसंख्या में कम होने के बावजूद पूरे विश्व में अपनी सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं और ऐसे देशों की ओर दुश्मन आंख उठाकर देखने से भी डरते हैं। उन्होंने ताइवान, इजरायल और जापान जैसे छोटे देशों का उदाहरण भी दिया। कहा कि कुछ लोग भारत में रहकर भी देश का विरोध करते हैं और राष्ट्रगान और वंदे मातरम जैसे गीत गाने में अपनी बेइज्जती महसूस करते हैं। जबकि राष्ट्रगान और वंदे मातरम जैसे गीत देशभक्ति की भावना को ही प्रदर्शित करते हैं। कहा कि धर्मांतरण करा कर देश से हिंदुओं की जनसंख्या कम करने की कोशिश की जा रही है। अगर लोग नहीं चेते तो आगे चलकर एक बार पुनः जनसंख्या के आधार पर देश पर कब्जा करने की कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रचारक प्रभात ने किया। प्रमुख उपस्थित लोगों में नगर संघचालक अर्पित, नगर कार्यवाह अरविंद, भोला शंकर श्रीवास्तव, लाल बहादुर सेठ, राजेश कुमार उमर वैश्य, नितेश जयसवाल, देवी प्रसाद, कृपा शंकर श्रीवास्तव, जयानंद चौबे, सुरेंद्र गुप्ता, विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# बंद घर का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक बंद पड़े घर का ताला तोड़कर लाखों के बर्तन चुरा लिया। वहीं एक अन्य घटना में दुकान में रखे हजारों रुपये के डीजे मशीन का सामान चोरी कर फरार हो गए।

बताया जाता है कि मोलनापुर गाँव निवासी लोलारख दुबे सपरिवार प्रयागराज निवास करते है। गाँव में उनके पुश्तैनी घर में ताला लगा रहता है। बीती रात हौसला बुलंद चोर उनके घर का ताला तोड़कर आँगन में घुस गये। आँगन से चोरों ने सभी कमरों का दरवाजा तोड़कर घर में रखे थार, परात, हंडा के अलावा ताँबा, अल्युमिनियम, पीतल के लाखों रुपए के बर्तन आराम से लेकर फरार हो गए। सुबह अगल बगल के ग्रामीणों ने घर का ताला टूटा देख उन्हें फोन किया। जिसके बाद

बेखौफ

### एक अन्य चोरी की घटना में डीजे मशीन का सामान चुराया

भुक्तभोगी ने घर पहुंच चोरी की घटना की तहरीर कोतवाली में दी। वहीं उसी रात चोरों ने एक अन्य चोरी की घटना को भी अंजाम दिया। नगर निवासी शिव कुमार मोलनापुर तिराहे पर डीजे मशीन बुकिंग की दुकान चलाते है। उसी रात चोरों ने उनके गलियारे में लगे ताले को तोड़कर दुकान में डीजे की मशीन, स्टेबलाजर, इनवर्टर, बैटरी समेत हजारों रुपये के सामान चोरी कर आराम से फरार हो गए। जब सुबह दुकान खोलने पहुँचे भुक्तभोगी को घटना की जानकारी मिली तो उसने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। एक ही रात में दो दो चोरियां होने से क्षेत्रवासियों में दहशत व्याप्त है।

# कला-विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने पेश किये बेहतरीन मॉडल

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम हुरहरी में स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पूर्वान्ह आयोजित कला व विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रहे छात्र छात्राओं ने आधुनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिये महत्वपूर्ण और उपयोगी मॉडल पेश किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि बच्चों को सही मार्गदर्शन और गुणवत्ता परक शिक्षा उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने का मार्ग प्रशस्त करती है। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने इण्डियन एयरपोर्ट, मिनी कूलर, पॉल्यूशन और ग्रीनरी, सोर्स आफ वाटर, वाटर साइकल एंड वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर एनर्जी, ई-इनवारमेंट सिस्टम, दिन


छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडलों का अवलोकन करते अतिथि

और रात के चक्र के बारे में, राम मन्दिर, पवन चक्की, इकाना स्टेडियम, चित्रकारी, डिज्नी पैलेस, फंक्शन आफ ह्यूमन हार्ट, भूकम्प सूचक यन्त्र के बेहतरीन मॉडल पेश किया। वहीं प्रदर्शनी में तृतीय पुरस्कार ह्यूमन हार्ट फंक्शन, द्वितीय पुरस्कार निमार्णाधीन राम मन्दिर, कक्षा सातवी की छात्राओं को एसडी पब्लिक स्कूल के मॉडल बनाने पर प्रथम पुरस्कार मिला। इस अवसर पर इस अवसर पर सर्वेश दीक्षित, अमरनाथ राय, लेखपाल नरेन्द्र यादव, मुन्ना सिंह, देवेश सिंह, इन्दू सिंह, प्रधानाचार्य जुबैर हसन, रेखा सिंह, राहिल अंसारी, लक्ष्य विश्वकर्मा समेत विद्यालय के तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबन्धक डॉ. राजेश सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# थानाध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**जफराबाद।** क्षेत्र के कजगांव बाजार तथा कस्बे में गुरुवार को थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने व्यापारियों के साथ अहम बैठक की। उक्त बैठक होली के पर्व तथा आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर की गई। श्री द्विवेदी ने लोगों से कहा कि वे होली का त्योहार आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। किसी प्रकार की शांति भंग न होने पाए। समाज के अराजक तथा मनबढ़ लोगों की जानकारी पुलिस को दे। नाम गुप्त रखा जाएगा। श्री द्विवेदी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून के ऊपर नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा उस पर भी कार्यवाही होगी। बैठक में कजगांव के व्यापारी फिरोज खान, अरविन्द पटेल, अबरार शाह, कल्लू प्रधान, धीरज सिंह, ओम प्रकाश प्रजापति, मो. शमीम अंसारी, मानवेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार जफराबाद कस्बे में पुलिस ने मार्च निकाल कर लोगों को आश्वस्त किया कि लोग बेफिक्र होकर त्योहार मनाएं। कही भी अराजक तत्व बख्शे नहीं जाएंगे। एसओ श्री द्विवेदी के साथ चौकी प्रभारी आशीष पाण्डेय, एसआई सुरेश सिंह, राजेश सिंह सेंगर सहित अन्य मौजूद रहे।

# सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**नाराजगी**

### घरेलू रसोई गैस के दामों में एक बार फिर 50 रुपये की वृद्धि

जनसंदेश न्यूज



सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोत्तरी को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**जौनपुर।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू रसोई गैस के दामों में एक बार फिर 50 रुपये की वृद्धि कर दी गई है, जिसके कारण पहले से महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी पर इसका दुष्प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। भाजपा सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में की गई अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया।

वक्ताओं ने कहाकि महंगाई की मार झेल रही आम जनता के लिए घरेलू सिलेंडर के दामों में की गई वृद्धि से घरों का बजट बिगड़ गया है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे मध्यम वर्गीय परिवार, गरीब मजदूर और किसानों के लिए एलपीजी सिलेंडरों में बढ़ोत्तरी कमर तोड़ने का काम करेगी। इसको लेकर शहर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष एडवोकेट विशाल सिंह हुकुम के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचे और प्रदर्शन करके अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर देवराज पाण्डेय, राजेश गौतम, मंगला गुरु, अनिल दुबे, सत्यवीर सिंह, मुफ्ती मेंहदी, रमेश चंद्र पाल, अबुजर शेख, इश्तियाक अहमद, सन्दीप सोनकर, बब्बी खान, आजम जैदी आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान पद के उपचुनाव में 66.3 प्रतिशत पड़े मत

**सुइथाकला।** विकासखण्ड के सवायन ग्राम पंचायत में खाली पड़े प्रधान पद का उपचुनाव गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सम्पन्न हो गया। इस दौरान कुल 66.3% मतदाताओं ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए मतदान किया।

स्थानीय विकासखण्ड के सवायन ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार के असामयिक निधन से खाली पड़े प्रधान पद के उपचुनाव में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होने के बाद से ही मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की लम्बी कतारें लग गई। सेक्टर प्रभारी तहसीलदार महेन्द्र सिंह ने बताया कि केन्द्र पर मतदान के आखिरी समय तक 66.3% मतदान के साथ ही कुल 2557 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान किया। इस दौरान मतदान केन्द्र पर जिम्मेदारान मय सुरक्षाबल के साथ पूरे दिन डटे रहे। फिलहाल उपचुनाव मैदान में उतरे सभी तीनों प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने बैलेट बाक्स में सुरक्षित कर दिया है।



**संक्षेप**

### शिक्षा के साथ कृषि की जानकारी आवश्यक : चन्द्रशेखर



**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के श्री गणेशजी बालोद्यान विद्यालय सन्दहा में प्रधानाध्यापक चन्द्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में वृहस्पतिवार को बच्चों को गांव के खेतों में भ्रमण करके विभिन्न प्रकार के फसलों का सजीव चित्रण बच्चों को दिखाया गया जिससे फसल एवं उसकी उपयोगिता के साथ हमारे लिए क्यों आवश्यक है इसकी जानकारी प्राप्त हो सके और बच्चों में पर्यावरण के प्रति पेड़-पौधों से लगाव बना रहे। प्रधानाध्यापक चन्द्रशेखर तिवारी ने बच्चों को गौपालन और दूध की उपयोगिता एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी । बच्चे एक अलग शिक्षा पाकर अत्यंत प्रसन्न हुये एवं शिक्षा के साथ पर्यावरण सुरक्षा एवं कृषि सम्बंधित जानकारी प्राप्त की।

### युवक पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**जफराबाद।** क्षेत्र के सरैया गांव निवासी एक युवक पर पुलिस ने दलित उत्पीड़न तथा उसके साथ मार पीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। उक्त गांव निवासी पवन यादव पुत्र स्व. शिवशंकर यादव के विरुद्ध सुनील कुमार पुत्र जीतलाल निवासी बटाऊबीर थाना बदलापुर ने पुलिस को तहरीर दिया था। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि पवन यादव ने इमली बाजार में मामूली बात पर गाली गलौज करके मारा पीटा गया। पुलिस ने सुनील की तहरीर पर आरोपी पवन कुमार यादव के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 3 (2) एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### कड़ैला में 70.74 प्रतिशत हुआ मतदान

**खेतासराय।** शाहगंज ब्लाक के कड़ैला गांव में गुरुवार को प्रधान पद का उपचुनाव पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। समय खत्म होने तक यहां 70.74 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाताओं की कुल संख्या 1309 थी जिसमें 926 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी हिमांशु सिंह ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर दो बूथ बनाए गए थे। बूथ संख्या 370 पर 445 और बूथ संख्या 371 पर 481 वोट पड़े। दोपहर तक मतदान की गति तेज रही। दोपहर एक बजे तक 64.62 प्रतिशत मतदान हो चुका था। दोपहर बाद मतदान धीमा रहा।

### सिलेण्डर के बढ़े दामों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** जिला काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन के नेतृत्व में जुटे दर्जनों कांग्रेसजनों ने जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि का विरोध किया। कांग्रेस जनों ने मोदी सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाये। तत्पशचात राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन ने कहा कि 2014 के पूर्व भाजपा सरकार बड़े बड़े पोस्टर लगाकर नारा देती थी बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार भाजपा सरकार। मगर ठीक उसके विपरीत महंगाई बढ़ती जा रही है आज मध्यमवर्गीय परिवार महंगाई से परेशान है जो गैस सिलेंडर 2014 में 400 में मिलती थी आज 11 सौ रुपए से अधिक में मिल रहा है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार महंगाई पर लगाम लगाते हुए रसोई गैस सिलेंडर 500 में आम जनता को दे रही है। दूसरे सरकारों को राजस्थान सरकार का अनुसरण करते हुए आम आदमी को राहत देने का काम करना चाहिए। इस अवसर पर सत्येंद्र प्रकाश तिवारी, आशुतोष पांडेय, राजेश्वर दूबे, सुरेश गौतम, संदीप दूबे, माबूद खान, मुस्ताक अहमद, जजलाल राय, सुरेश चौहान, जिला दूबे, हरीश चंद्र दूबे, रंगनाथ दूबे, संतोष सिंह बघेल, महेश चंद्र मिश्रा, अंकुश दूबे, रागिनी तिवारी, शाह आलम, दुर्गेश मिश्रा, पिंटू पांडेय, मनोज जायसवाल, अर्जुन यादव, परवेज हाशमी इत्यादि लोग रहे।

# कोर्ट ने झूठी रिपोर्ट देने पर खुटहन के थानेदार को सुनाई खरी-खोटी

जनसंदेश न्यूज

**रोष**

### सम्मन राम प्यारे के नाम पुलिस खोज रही बजरंग को

**खुटहन।** ग्राम न्यायालय में चल रहे एक वाद में थानाध्यक्ष खुटहन द्वारा कोर्ट में झूठी रिपोर्ट देने पर न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने थानेदार राजेश कुमार यादव को फटकार लगायी। न्यायाधिकारी ने चार मार्च को न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

धारा 323/504 के तहत स्टेट बनाम बजरंग बली व अन्य के वाद में न्यायालय द्वारा साक्षी राम प्यारे पुत्र हरिकेश निवासी ग्राम बलुआ थाना बदलापुर को साक्ष्य देने के लिए पूर्व में समन जारी हुआ था। जिसमें थाने से न्यायालय को आख्या प्राप्त हुई कि वारंटी बजरंग उर्फ गुड्डू पुत्र रवीन्द्र नाथ उपाध्याय निवासी पिलकिछा थाना खुटहन के घर के अलावा सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गई लेकिन अभियुक्त नहीं मिला। जबकि न्यायालय द्वारा समन राम प्यारे को जारी किया गया था। न्यायालय ने थानाध्यक्ष के इस कृत्य पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही है। न्यायालय द्वारा जारी आदेश को थाने पर गम्भीरता से नहीं लिया जाता। केवल खानापूर्ति करके वापस भेज दिया जाता है। कहा झूठी रिपोर्ट भेजकर न्यायालय को गुमराह किया गया है। न्यायाधिकारी ने थानाध्यक्ष से पूछा कि क्यों न आपके विरुद्ध भ्रष्टतापूर्ण झूठी रिपोर्ट देने पर भा. द. सं. की धारा 219 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया जाए। पुलिस अधिनियम की धारा 29 के तहत दण्डित किया जाए। लापरवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया जाए। न्यायाधिकारी ने चार मार्च को न्यायालय में पेश होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

## सीसी कैमरे की निगरानी में रहेगा होली जुलूस

**खेतासराय।** पुलिस प्रशासन होली जुलूस को सकुशल संपन्न कराने में जुटा है। जुलूस पर कड़ी निगरानी रखने के लिए होली जुलूस के रास्ते में जगह जगह नगर प्रशासन द्वारा सीसी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। होली जुलूस के दौरान पूर्व वर्षों में हुए विवाद को देखते हुए पुलिस प्रशासन होली का पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में लगा है। इसके लिए थाने में एक बार शांति समिति की बैठक भी हो चुकी है। होली जुलूस में खलल डालने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। नगर प्रशासन की ओर से भी अराजकतत्वों पर नजर रखने की व्यवस्था की जा रही है। ईओ रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रोड और पुरानी बाजार में जगह जगह सीसी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। सीसी कैमरे लगवाने का काम चार मार्च तक पूरा करा लिया जाएगा। होली पर नगर को स्वच्छ रखने के लिए साफ सफाई, चूने का छिड़काव और पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था रहेगी।

## चार सौ मरीजों का परीक्षण 32 मानसिक रोगी चिह्नित



शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

**आयोजन**

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### 22 का स्वीकृत हुआ दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**शाहगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल चार सौ मरीजों ने जांच कराया जिनमें से 32 लोगों को मानसिक रोगी चिंहित किया गया। वहीं 22 व्यक्तियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश हुआ है। इस दौरान एडमिशन सीएमओ डा. एससी वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारुकी, क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट विकास कुमार सिंह, साइकोलाजिस्ट राम प्रकाश पाल, डा. आरबी यादव, डा. अमित सिंह, डा. हरिओम मौर्या, डा. राहुल वर्मा, डा. संजीव यादव, डा. राकेश कुमार, डा. मुकेश वर्मा, डा. जमालुद्दीन, वरिष्ठ लिपिक मो. अब्बास आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### ग्रामीण व ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**करंजाकला।** जिला खेल कार्यालय, युवा कल्याण विभाग तथा महिला कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता ग्रामीण तथा ब्लॉक स्तर पर आयोजित कराई जाएगी। सांसद खेल स्पर्धा 2023 में एथलेटिक महिला तथा पुरुष वर्ग, कबड्डी प्रतियोगिता महिला तथा पुरुष वर्ग, वालीबाल पुरुष वर्ग तथा कराटे बालिका वर्ग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन पहले ग्रामीण स्तर पर कराया जाएगा तथा ग्रामीण स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र में कराई जाएगी तथा चयनित टीम को ब्लॉक स्तर पर खेलने का मौका दिया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर होने वाली सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में कुल 11 ब्लॉक की टीमें भाग लेंगी तथा ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 5 मार्च को सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में कराई जाएगी। उप क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह ने बताया सांसद खेल स्पर्धा को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 5 मार्च को सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

**संक्षेप**

### खाद्य विभाग की छापेमारी से मचा रहा हड़कंप



**गोपीगंज।** नगर के गल्ला मंडी, खरहट्टी मोहाल, मिजार्पुर रोड पर खाद्य विभाग की छापेमारी से गुरुवार को हड़कंप मचा रहा। व्यापारी अपनी दुकानों के शटर डाउन कर भाग खड़े हुए थे। बताया जाता है कि शासन एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में आगामी होली पर्व के मद्देनजर जनपद के विभिन्न कस्बों में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम द्वारा गोपीगंज कस्बे में विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। व्यापारियों को शुद्ध सामान की बिक्री हेतु निर्देशित किया गया। समस्त व्यवसायियों को आगाह किया गया कि आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्य रूप से मसाले, खोया, पनीर, मिठाईयां एवं समस्त खाद्य तेलों पर विभाग की पैनी नजर है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का निर्देशन चंदन पांडे सहायक आयुक्त खाद्य एवं नेतृत्व के एन त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। टीम ने गोपीगंज कस्बे में स्थित श्री गोपाल स्वीट हाउस का निरीक्षण किया एवं मौके पर ही वहां पर बनाए जा रहे पनीर का परीक्षण किया जो कि शुद्ध पाया गया। सचल दस्ते की दूसरी टीम में कटरा बाजार भदोही स्थित शीतल पेय की दुकान का निरीक्षण करते हुए वहां पर बिक रही पाउच का विनष्टीकरण कराया गया। यह अभियान अनवरत रूप से चलता रहेगा। आज सचल दस्ते में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा एवं ओमप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### होली पर समस्त शराब की दुकाने रहेंगी बन्द

**भदोही।** होली पर्व के अवसर पर शान्ति व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाये हेतु जनहित में डीएम गौरांग राठी ने संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेशित किया कि जनपद भदोही की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शॉप्स, भॉग, ताड़ी एवं अन्य मादक पदार्थो की थोक एवं फुटकर ब्रिकी की दुकाने होलिका दहन के अगले दिन अर्थात होली के रंग वाले दिन आठ मार्च को सम्पूर्ण दिवस हेतु पूर्णतया बन्द रहेगी। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि होली के दिन जनपद की आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर दुकानो, अनुज्ञापनों को पूर्णतया बन्द कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम द्वारा औचक निरीक्षण में शराब की दुकाने खुली पाई गयी तो कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### शिक्षक संकुल के साथ एबीएसए ने की बैठक

**सुरियावां।** बीआरसी सुरियावां में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को सुमन केसरवानी ने शिक्षक संकुल के साथ यू डायस छात्र व छात्राओं के विवरण फीड करने के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक संकुल को परिषदीय विद्यालयों एवम मान्यता प्राप्त विद्यालयों के सभी छात्रों के विवरण समय से फीड करने के लिए कहा इसके साथ निपुण भारत और छात्र उपस्थिति को बढ़ाने हेतु सकारात्मक प्रयास किए जाने और निरीक्षण में 90% से अधिक छात्र उपस्थिति सुनिश्चित वाले अध्यापकों और प्रधानध्यापक को ब्लाक स्तर सम्मानित करने के लिए भी कहा। इस दौरान शिक्षक संकुल संदीप, वेद प्रकाश, नवनीत, प्रियंकर, इंद्रेश, मनोज के साथ अन्य शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से डीआईओ ने कराया परिचित

**जागरूकता**

### विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत शिविर सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज



युवाओं को केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी

**भदोही।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन गुरूवार को पटेल नगर में कौशल विकास मिशन केन्द्र पर आयोजित किया गया। अतिथियों ने गॉधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर की उपादेयता व प्रासंगिकता पर बल देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने बताया कि रोजगार के नये पहल के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत ईकाइयों का उत्पादों के लिए विपणन सहायता के रूप में उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी, क्रेता, विक्रेता, सम्मेलन आदि आयोजित किए जाते है। जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वरोजगार से नई उड़ान, युवाओं का कौशल विकास रोजगार का आधार, रोजगार के लिए ऋण लेना हुआ आसान, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार, हर हुनरमंद हाथों को काम मिले, नये-नये स्टार्टअप, उद्यम स्थापित करना, रोजगार के अवसर अपार आदि बिन्दुओं पर उनका मार्गदर्शन किया। जिला कौशल विकास मिशन केन्द्र से डॉ. कौशल कुमार यादव, योगेन्द्र कुमार, महेश कुमार ने कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित रोजगार उन्मुखी कार्यक्रमों से युवाओं को जोड़ने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन खादी ग्रामोद्योग के पवन कुमार व राजेश कुमार ने किया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ायें: एसडीएम

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

### रोगी कल्याण समिति की बैठक में एसडीएम ने चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ाने पर दिया बल

**भदोही।** उप जिलाधिकारी भदोही कृपाशंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भदोही में आयोजित की गयी। बैठक में रोगी कल्याण समिति द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बैठक में सीसीटीवी कैमरा, वार्ड के बाहर टीकाकरण स्थल पर एल्यूमुनियम के पार्टीसन का घेराव, टीकाकरण लैब हेतु चार सिलिंग फैन, कोल्ड चैन प्वाइंट हेतु 3 ऐग्जास्ट फैन, दवा स्टोर रूम एवं कोल्ड प्वाइंट हेतु चार लोहे की रैक सहित अन्य सामग्रियों की आवश्यकताओं पर सहमति व्यक्त की गयी।

उन्होंने एमओआईसी को निर्देशित किया कि गार्ड के माध्यम से रोड पर जो गाड़ियां खड़ी होती है उसे व्यवस्थित रूप से खड़ी कराएं, रोड पर गाड़ियां नहीं होनी चाहिए। प्रसव कक्ष मे टावल की उपलब्धता के संदर्भ में उपजिलाधिकारी ने कहा कि काटन का टावल ही उपलब्ध कराएं एवं प्रसव कक्ष में विंडो एसी भी लगवाए क्योंकि गर्मी का मौसम आ गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के सापेक्ष जो भी संसाधन की आवश्यकता है उसे रखें और एसी, कूलर कि जो मरम्मत है उसे करा कर रखें। ओटी, लेबर रूम के लिए उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार बैटरी व इनवर्टर ले अतिरिक्त जनरेटर के माध्यम से चलाएं। बैठक में डॉ. प्रदीप शास्त्री, अन्य डॉक्टर व एएनएम, स्टाप नर्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम के मार्गदर्शन में जिले के सभी विभागों में जनसंवाद दिवस आयोजित

जनसंदेश न्यूज

**जनसंवाद विशेष दिवस**

### असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करने में कारगर हो रही है डीएम की अभिनव पहल

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की दिशा में प्रत्येक वृहस्पतिवार जनसंवाद दिवस विभागवार समस्या निस्तारण हेतु विशेष दिवस का सभी विभागों द्वारा आयोजन कर शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी के पहल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र की देख रेख में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस व अन्य शिकायती पोर्टल पर लम्बित वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में असंतुष्ट फीडबैक वाले शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर त्वरित निस्तारण किया।

संबंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग में जनसंवाद दिवस का आयोजन कर बताया कि मुख्यमंत्री शिकायत पटल एवं अन्य पटल पर प्राप्त शिकायतों में असंतोषजनक फीडबैक शिकायतों का आज त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान किया गया। जनसंवाद दिवस विभागवार समस्या निस्तारण हेतु विशेष दिवस पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, विद्युत कार्यालय भदोही, जिला बेसिक अधिकारी कार्यालय सहित समस्त थानें, तहसील, विकास खण्ड, अधिशाषी अधिकारी कार्यालय सहित सभी विभागों द्वारा असंतुष्ट शिकायतों के संतुष्टि परक निस्तारण पर बल दिया गया।

## दबंगों ने तीन को मारपीट कर किया घायल

**पुलिस विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी**

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर हरगिर गांव में 2 फरवरी की सुबह करीब दस बजे दरवाजे के सामने जबरन अवैध ढंग से कब्जा करने से मना करने पर दबंग गुलाबचन्द, मुन्नीलाल, सूरज, यशवन्त व राकेश ने उमेशचन्द, राज पटेल, वेदप्रकाश को गाली देते हुए लाठी-डण्डों से मारपीटकर घायल कर दिया । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया पहुंचवाया जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ने उमेशचन्द की तहरीर के आधार पर उपरोक्तगण के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न



महिलाओं को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड संख्या नौ में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत शासन के निदेर्शानुसार स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक गुरूवार को की गई।

इस बैठक में सूखे और गीले कचरे को अलग अलग कराकर शत-प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के लिए के कहा गया। एक फरवरी से 31 मार्च तक' डोर टू डोर अभियान 3 चरणों (प्रार्थना, सहमत, चालान) में चलाया जा रहा है।जिसकी विस्तार से चर्चा की गई।

वार्डो में बारात घर, होटल, स्कूल, व्यापारी एवं आम जनमानस को पॉलिथीन का प्रयोग ना करने व स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही कूड़ा पृथक्करण कराने हेतु प्रेरित भी किया गया। वार्ड में स्थित सार्वजनिक शौचालय, पिंक शौचालय, सामुदायिक शौचालय, यूरिनल की स्वच्छता में सहयोग की अपील की गई। इस बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह, पालिका कर्मचारी आशीष यादव, विवेक मोदनवाल, सफाई नायक रामानंद एवं समिति के सदस्य एवं वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# होली बाजार पर चढ़ा सियासत का रंग

रंगोत्सव : 'बाबा का बुलडोजर' पर रिझे रंगों के रसिया

मोदी, योगी पिचकारी संग मुखौटों की भी डिमांड

रंगों के बाजार में भारतीय उत्पाद मचा रहे हैं धूम




जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में 'बाबा का बुलडोजर' धूम मचा रहा है। माफियाओं के घरों और अवैध निर्माणों को जमींदोज करने में 'बुलडोजर' की सहभागिता चहुंओर नजर आ रही है। यहीं वजह है कि बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग की जुबान पर 'बुलडोजर' चढ़ चुका है। ऐसे में रंगोत्सव का पर्व हो और इस पर सियासत का रंग न चढ़े, यह कैसे हो सकता है। जी हां, होली बाजार पर सियासत का रंग इस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है कि जिधर देखिए, उधर मोदी, योगी की फोटोयुक्त और 'बुलडोजर' वाली पिचकारियों की भरमार है।

थोक मंडी हड़हासराय हो राजादरवाजा, यहां पर इस बार योगी बाबा के बुलडोजर और मोदी व योगी पिचकारी तथा मुखौटे की जबरदस्त मांग है। अधिकतर दुकानों से बुलडोजर पिचकारी गायब हो चुकी है। इसके अलावा केसरिया टोपी, मोदी-योगी की फोटो वाली टी-शर्ट भी लोगों को भा रही है। कारोबारियों की मानें तो इस बार होली बाजार भारतीय पिचकारियों से पटा है। बुलडोजर बाबा पिचकारी के अलावा मोदी मैजिक, योगी पिचकारी, स्पाइडर मैन, छोटा भीम नाम की भी पिचकारियां भी बाजार में हैं, लेकिन लोगों का सबसे अधिक रुझान बुलडोजर बाबा पिचकारी की ही ओर है। साथ ही बच्चों के कार्टून वाली डोरेमन, मोटू-पतलू और कृष कलाकारों की फोटो वाली पिचकारियों की भी खूब बिक्री हो रही है।







थोक बाजार में पाइप पिचकारी की कीमत 50 रुपये से 500 रुपये तक है। बुलडोजर पिचकारी की कीमत 350 रुपये से 550 रुपये तक है। वहीं, खिलौने वाली पिचकारियों की कीमत 20 से 600 रुपये तक है। प्रेशर पिचकारी की कीमत 180 से 1200 रुपये के बीच है। मोदी और योगी के नाम वाली टी-शर्ट का दाम 200 रुपये से शुरू है। बाजार पर पूरी तरह से मेड इन इंडिया पिचकारियों का कब्जा है। कहने का आशय यह कि रंगों के बाजार में भारतीय उत्पाद धूम मचा रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि इस बार बुलडोजर पिचकारी की जबरदस्त मांग है। कुछ दुकानों पर ही बुलडोजर पिचकारी बची हैं। अधिकतर दुकानों से ये गायब हैं, इससे ग्राहक निराश हो रहे हैं।

## पीएम मोदी का स्वदेशी उत्पादों पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' का असर रंग बाजार में देखने को मिल रहा है। पीएम का कहना है कि 'वोकल फॉर लोकल' का मतलब स्थानीय उत्पादों को प्रयोग करने और विदेशों में इसको बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि इसके लिए हमें स्थानीय उत्पादों का प्रयोग करना होगा और इन लोकल उत्पादों को गर्व से प्रचार करना होगा।

## रंग-बिरंगी विग भी लोगों को लुभा रही

पिचकारियों की दुकानों में टंगी रंग-बिरंगी विग की खूब बिक्री हो रही है। मलिंगा की हेयर स्टाइल वाली विग भी लोगों को भा रही है। इसके अलावा योगी जटा और महिलाओं के बालों वाली रंग-बिरंगी विग की भी भरमार है। इनकी कीमत 100 से शुरू होती है।

## इन पिचकारियों की भी निकल रही डिमांड

होली बाजार में सीरिंज पंप, छड़ी, तलवार, साका-लाका-बूमबूम, लांचर, बस्ता (टंकी वाली), त्रिशुल, एके 47, सिक्स राउंड कट्टा, माउजर है तो चूहा, मछली, डायनासोर, कंगारू, शिशु, कुत्ता, हाथी, अप्पू, मास्क, टैंक, स्पाइडरमैन, मोबाइल, जंबोजेट, बंदूक, पावर रेंजर, एयर होस्टेज, चिड़िया, एयरगन आदि शेफवाली पिचकारियां भी है। इनकी भी डिमांड खूब निकल रही है।

## युवाओं में 'बुलडोजर' वाले टैटू का क्रेज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर चलाने का स्लोगन देकर बहुमत से सत्ता में लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके समर्थकों ने बुलडोजर बाबा का नया नाम दिया है। अब तो लोग अपने हाथों पर बुलडोजर का टैटू बनवाने लगे हैं। यह नजारा शहर के विभिन्न इलाकों में खुले टैटू की दुकानों पर देखने को मिल रहा है। टैटू आर्टिस्ट सतीश गुप्ता ने बताया कि अब तो लोग खासकर युवा वर्ग बुलडोजर का टैटू और बुलडोजर बाबा का नाम लिखवा रहे है। टैटू आर्टिस्टों का कहना है कि योगी आदित्यनाथ लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं और लगातार माफियाओं पर कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलवा रहे हैं। इसलिए लोगों में इसका क्रेज काफी बढ़ गया है। इसके अलावा बाबा धाम का टैटू बनवाने का भी क्रेज काफी तेजी से बढ़ा है।

# स्किल इंडिया में अंग्रेजी सीखेंगे पूर्वांचल के युवा

अंतर्राष्ट्रीय रोजगार में युवाओं के लिए वरदान साबित होगा यह सेंटर

पूर्व की तरह नहीं बल्कि आज अपनी योग्यता व दस्तावेज के साथ विदेश जा रहें युवा



करौंदी स्थित सेंटर का उद्घाटन करते एनएसडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेद मणि तिवारी

**वाराणसी।** स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेण्टर वाराणसी जो कि एनएसडीसी इंटरनेशनल के तत्वावधान में कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से कुशल युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय नियोक्ताओं से जोड़कर विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। एनएसडीसी इंटरनेशनल, कैंब्रिज-लैमरिन टैक स्किल यूनिवर्सिटी के माध्यम से युवाओं को अंग्रेजी भाषा सिखाई जा रही है, गुरुवार को औपचारिक उद्घाटन किया गया।

एनएसडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेद मणि तिवारी व अन्य अतिथियों ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्वोंचल सहित स्थानीय स्तर के कई युवाओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें वेद मणि तिवारी ने कहा कि सपने देखने के लिए जागना होगा, उन्होंने इस सेंटर की उपयोगिता बातायी, बताया कि सेण्टर के माध्यम से विदेश में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को अंग्रेजी सिखाकर और दक्ष बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे कि भाषा की समस्या को दूर किया जा सके,और अधिकाधिक उम्मीदवारों का चयन कराया जा सके। साथ ही आगे चल कर सेण्टर पर जर्मन, जापानी एवं फ्रेंच इत्यादि भाषाओं को भी सिखाया जायेगा।

## अब संघर्ष नहीं बल्कि योग्यता से विदेश में नौकरी

कार्यशाला के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए वेद मणि तिवारी ने बताया पूर्व में जब युवा किसी दूसरे रास्ते से विदेश में नौकरी के लिए जाते थे, तो संघर्ष करते थे, लेकिन इन सेंटर के माध्यम से अब युवा अपनी योग्यता के अनुसार विदेश में नौकरी पा सकेंगे। बताया कि विदश में भाषा की बड़ी समस्या होती है, जैसे दुबई में 85 देशों के युवा रोजगार में हैं बताया कि जब एक साथ 85 देश के लोग साथ हैं तो उन्हें एक कॉमन भाषा की जरुर होनी चाहिए। बताया कि जल्द ही इस सेंटर पर जर्मनी, फेंच सहित अन्य देशों की भाषा भी सिखाया जायेगा। बेहतरीन लैब्स व कुशल शिक्षकों के माध्यम से युवाओं को तैयार किया जायेगा।

## देश भर में खुलेंगे सेंटर

बताया कि अभी देश में वाराणसी सहित दो स्थान पर ऐसे सेंटर हैं लेकिन आने वाले समय में देश भर में तीस सेंटर में स्थापित होंगे। इसके लिए बजट में भी वित्त मंत्री की ओर से घोषणा की गयी है।




सेंटर उद्घाटन समारोह में दुबई के लिए चयनित उम्मीदवारों को ऑफर लेटर एवं मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया

## छात्रों को मिला ऑफर लेटर

सेंटर उद्घाटन समारोह में दुबई के लिए चयनित उम्मीदवारों को ऑफर लेटर एवं मैडल देकर प्रोत्साहित किया गया,इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आज से 20-25 साल पूर्व जिस तरह से विदेश में युवा नौकरी के लिए जाते थे यह सभी को पता है लेकिन आज पूरे दस्तावेज व अपनी योग्यता के अनुसार विदेश में नौकरी को युवा जा रहें हैं।

# गौना कराने ससुराल पहुंचे काशीपुराधिपति

खास रंगभरी ठंडई से किया गया बाबा की बारात का स्वागत



**वाराणसी।** रंगभरी की पूर्व संध्या पर गुरूवार को गौना की बारात लेकर महंत आवास पहुंचने पर बाबा की बारात का अनूठा स्वागत हुआ। हर बार तो बारातियों का स्वागत ठंडई पिला कर किया जाता था मगर इस बार दूल्हा बने बाबा विश्वनाथ पर ठंडई और गुलाबजल की फुहार उड़ा कर किया गया। इसके बाद फल, मेवा और बाबा के लिए खासतौर पर तैयार की गई रंगभरी ठंडई से पारंपरिक स्वागत किया गया।

गौरा का गौना कराने बाबा विश्वनाथ के आगमन पर अनुष्ठान का विधान पं.सुनील त्रिपाठी के आचार्यत्व में

बाबा का ससुराल में स्वागत धर्मसंघ शिक्षा मण्डल के महामंत्री जगजीतन पाण्डेय ने धर्मसंघ के 121 वैदिक बटुकों ने मंत्रोचार के साथ बाबा का अभिषेक करने के बाद वैदिक सूक्तों का घनपाठ किया। काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डॉ कुलपति तिवारी के सानिध्य में विविध अनुष्ठान हुए। बाबा विश्वनाथ व माता पार्वती की गोदी में प्रथम पूज्य गणेश की प्रतिमाओं को एक साथ सिंहासन पर विराजमान कराया गया। पूजन-आरती कर भोग लगाया गया। पहले डमरुओं की गर्जना हुई फिर महिलाओं और नगर के कलाकारों ने मंगल कामनाओं से परिपूर्ण पारंपरिक गीत लोकनृत्य से ससुराल पहुंचे काशी पुराधिपति का स्वागत हुआ। मंहत आवास गौने के बधाई गीतों से गुंजायमान हो उठा।



## शिवांजलि में कलाकार पेश करेंगे भजनों की प्रस्तुति

इससे पूर्व प्रातः साढ़े दस बजे से शिवांजलि संगीत समारोह का परंपरागत आयोजन होगा। शिवांजलि संगीत समारोह की शुरूआत महेंद्र प्रसन्ना के शहनाई की मंगलध्वनि से होगी। कीर्तिमानधारी शंखवादक हैदराबाद के श्रीवल्लभ, जयपुर के भजन गायक मोहन स्वामी, रुद्रनाद बैंड के लीड सिंगर अमित त्रिवेदी, आराधना सिंह, सरोज वर्मा, पुनीत पागल बाबा, संजय दुबे आदि कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां करेंगे।

## मथुरा के गुलाल से बाबा खेलेंगे होली

**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी से काशी में होली की शुरूआत हो जायेगी। रंगभरी एकादशी तीन मार्च को मनायी जायेगी। अबीर गुलाल की बौछार से काशी विश्वनाथ धाम सराबोर हो जायेगा। इस बार बाबा विश्वनाथ और माता गौरा की पालकी यात्रा को और खास बनाने के लिए मथुरा जेल से कैदियों ने खास गुलाल भेजा है। गुरुवार को मथुरा से भेजा गया हर्बल गुलाल भी काशी आ गया। मथुरा से भेजे गये हर्बल गुलाल से काशी विश्वनाथ के गौने का उत्सव खास हो जाएगा। यह गुलाल अरारोट में फलों व सब्जियों को मिलाकर बनाया गया है। इसे अरारोट में पालक, मेथी और चुकंदर पीसकर तैयार किया गया है। इसमें अलग-अलग रंग के गुलाल हैं। इसके साथ ही लाल रंग व हल्दी पाउडर की मदद से पीला गुलाल भी है। बाबा और माता गौरा के गौने पर निकलने वाली पालकी पर हर साल सैकड़ों क्विंटल गुलाल उड़ाए जाते हैं।

**आस्था**

**मथुरा से काशी आया अबीर गुलाल**

**अबीर गुलाल की बौछार से सराबोर होगा काशी विश्वनाथ धाम**

## रंगभरी एकादशी पर आज निकलेगी बाबा व गौरा की पालकी यात्रा

रंगभरी एकादशी पर 3 मार्च को बाबा के पूजन का क्रम ब्रह्म मुहूर्त में मंहत आवास पर आरंभ होगा। बाबा के साथ माता गौरा की चल प्रतिमा का पंचगव्य तथा पंचामृत स्नान के बाद दुग्धाभिषेक किया जाएगा। दुग्धाभिषेक पं. वाचस्पति तिवारी और संजीवरत्न मिश्र करेंगे। सुबह पांच से साढ़े आठ बजे तक 11 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा षोडशोपचार पूजन पश्चात फलाहार का भोग लगा कर महाआरती की जाएगी। दस बजे चल प्रतिमाओं का राजसी श्रृंगार एवं पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे भोग आरती के बाद के बाबा का दर्शन आम श्रद्धालुओं के खोला जाएगा। जन सामान्य के लिए दर्शन सायं पांच बजे तक खुला रहेगा। डमरू दल के सदस्यों के लिए दोपहर एक से तीन बजे तक समय निर्धारित किया गया है। बाबा की पालकी की शोभायात्रा टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास से विश्वनाथ मंदिर तक निकाली जाएगी।